राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार, 08 जुलाई 2025
वर्ष 06, अंक 275, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

छात्रा से सरेराह छेड़छाड़, आरोपी स्कूटी छोड़कर भागा; नंबर के आधार पर पुलिस ने दबोचा..03

डायल 112 को न समझें खेल, गलती हुई तो जाना पडेगा जेल....12

# लुधियाना पश्चिम की जीत ने AAP सरकार के काम पर लगाई मुहर...

**● अरविंद केजरीवाल ने जनता का जताया आभार**

**लुधियाना की जनता को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज पंजाब का हर किसान बहुत खुश है. पहले किसानों को रात में तीन बजे बिजली मिलती थी. आज 8-8 घंटे बिजली आ रही है और दिन में बिजली आ रही है. वहीं भगवंत मान ने कहा कि पिछले साढ़े तीन साल में हमारी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं.**

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में मिली शानदार जीत के लिए स्थानीय लोगों और कार्यकर्ताओं से मिलकर उनका आभार जताया. उन्होंने कहा कि लुधियाना पश्चिम उपचुनाव में आप की जीत इस बात का सबूत है कि पंजाब की जनता को हमारी काम की राजनीति ही पसंद है. जनता ने हमारी सरकार के काम पर फिर से अपनी पक्की मुहर लगाई है. उन्होंने कहा कि विसावदर-लुधियाना पश्चिम उपचुनाव सेमीफाइन की तरह है, जो इस बात का संकेत है कि 2027 में गुजरात और पंजाब में आप की सरकार बनेगी।

इस दौरान पंजाब के सीएम भगवंत मान, पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया, प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष अमनशैर सिंह समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे. अरविंद केजरीवाल ने कहा कि गुजरात में बीजेपी की सरकार है, उसकी 30 साल से सरकार है. गुजरात बीजेपी का गढ़ है और उसे हिला पाना लगभग नामुमकिन है. इसके बावजूद विसावदर उपचुनाव में आप 17 हजार से अधिक मतों के अंतर से जीत दर्ज किया।

अरविंद केजरीवाल ने इस दौरान बीजेपी पर हमला भी बोला. उन्होंने कहा हार के बाद बीजेपी इतनी बौखला गई है कि दो दिन पहले हमारे एक विधायक चैतर बसावा को गिरफ्तार करवा दिया. लुधियाना पश्चिम और विसावदर का चुनाव पंजाब और गुजरात के आम चुनाव का सेमी फाइनल है. पंजाब में फरवरी 2027 और गुजरात में दिसंबर 2027 में चुनाव है. लुधियाना और विसावदर चुनाव परिणाम का संकेत है कि 2027 में पंजाब और गुजरात में भारी बहुमत से आम आदमी पार्टी जीतने जा रही है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले तीन साल में भगवंत मान के नेतृत्व में आप की सरकार ने जबरदस्त काम किया है. लुधियाना पश्चिम की जीत आप सरकार के काम पर ठप्पा है. जनता ने आप सरकार के अच्छे काम पर अपनी मोहर लगा दी है. कांग्रेस, अकाली दल और बीजेपी के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है. अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एक दिन भगवंत मान ने मुझसे पूछा कि क्या आपको राज्यसभा जाना है. मैने इनकार कर दिया, तो भगवंत मान ने कहा कि यह बात मैं सबके सामने स्पष्ट कर दूं, लेकिन मैने इनको इसी मुद्दे पर चुनाव लड़ने दो. चुनाव के बाद स्पष्ट कर देंगे. चुनाव बाद मैंने दिल्ली में प्रेस कांफ्रेंस कर एलान किया कि मुझे राज्यसभा नहीं जाना है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमने शिक्षा में बहुत अच्छा काम किया. 2017 में भारत सरकार द्वारा किए गए सर्वे में पंजाब



29वें स्थान पर था. आप सरकार ने शिक्षा में इतना शानदार काम किया कि आज पूरे देश में पंजाब पहले नंबर पर आ गया. इसके लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी है. टीचर्स, प्रिंसिपल, बच्चों, अफसरों, मंत्रियों और विधायकों ने खूब मेहनत की है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज पंजाब का हर किसान बहुत खुश है. पहले किसानों को रात में तीन बजे बिजली मिलती थी. आज 8-8 घंटे बिजली आ रही है और दिन में बिजली आ रही है. 2022 में जब आप की सरकार बनी, तब पंजाब के मात्र 20 फीसद खेतों में सिंचाई का पानी जाता था. आजादी के 70 साल बाद केवल 20 फीसद खेतों में पानी जाता था. वहीं, आज महज तीन साल में आप की सरकार ने 60 फीसद खेतों में सिंचाई का पानी पहुंचा दिया है।

वहीं भगवंत मान ने कहा कि पिछले साढ़े तीन साल में हमारी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं. हाल ही में हुए एक राष्ट्रीय स्तर का सर्वेक्षण में अलग-अलग कक्षाओं व विभिन्न विषयों के 28000 छात्रों में हिस्सा लिया था. जिसमे पंजाब की रैंकिंग पूरे देश में पहले स्थान पर है. वर्ष 2017 में पंजाब शिक्षा के क्षेत्र में 29वें स्थान पर था, लेकिन आज पंजाब सभी श्रेणियों में प्रथम स्थान पर है, जिसका श्रेय राज्य के मेहनती शिक्षकों को जाता है।

भगवंत मान ने कहा कि जिन लोगों ने जलियांवाला बाग के कातिलों को संरक्षण दिया, वे आज नाभा जेल में हैं और उनका समर्थन करने वाले भी नहीं बचेंगे. नशे के दलदल में फंसाकर पंजाब की युवा पीढ़ी को तबाह करने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है. कानूनी प्रक्रिया में देरी हो सकती है लेकिन न्याय अवश्य होगा. विपक्षी दलों का आम जनता से उनका कोई सरोकार नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोधी पार्टियों के नेताओं के पास बताने के लिए कुछ नही है. इनकी राजनीति सिर्फ झूठ की बुनियाद पर टिकी है. 10 और 11 जुलाई को विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें विपक्ष के झूठ का पर्दाफाश करेंगे. आप सरकार आम जनता की सरकार है. इसे चलाने का हक भी केवल जनता का है. उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे लोगों की समस्याओं को सरकार तक पहुचाएं. हमारे मंत्री प्राथमिकता के आधार पर उन्हें हल करेंगे।

# इलाहबाद हाई कोर्ट ने स्कूलों के मर्जर के खिलाफ याचिका खारिज की

**● हाई कोर्ट ने योगी सरकार को बड़ी राहत दी।**

डीएस त्रिपाठी।



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने उत्तर प्रदेश के 5000 स्कूलों के मर्जर पर रोक लगाने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। यानी इलाहाबाद हाईकोर्ट ने योगी सरकार के फैसले पर मुहर लगा दी है। 51 बच्चों ने याचिका दायर की थी और मर्जर पर रोक लगाने की मांग की थी।

सरकार ने क्या फैसला लिया था?बता दें कि 50 से कम छात्रों वाले प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों को पास के संस्थानों के साथ जोड़ने का फैसला किया गया था। जस्टिस पंकज भाटिया की पीठ ने सोमवार को यह फैसला सुनाया। अदालत ने शुक्रवार को कृष्णा कुमारी और अन्य द्वारा दायर दो अलग-अलग याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिन्होंने राज्य सरकार के 16 जून के आदेश को रद्द करने की मांग की थी।

याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता एल पी मिश्रा और गौरव मेहरोत्रा ने तर्क दिया था कि राज्य सरकार की कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 21ए का उल्लंघन करती है, जो 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए शिक्षा के अधिकार की गारंटी देता है। उन्होंने तर्क दिया कि निर्णय के कार्यान्वयन से बच्चे अपने पड़ोस में शिक्षा के अधिकार से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को इसके बजाय अधिक छात्रों को आकर्षित करने के लिए स्कूलों के मानक को सुधारने पर ध्यान देना चाहिए।

इसके अलावा याचिकाकर्ताओं ने कहा कि सरकार ने आर्थिक लाभ या हानि को दरकिनार करते हुए जन कल्याण की दिशा में काम करने के बजाय इन स्कूलों को बंद करने का आसान तरीका चुना। अतिरिक्त महाधिवक्ता अनुज कुदेसिया, मुख्य स्थायी वकील शैलेंद्र सिंह और बेसिक शिक्षा निदेशक का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप दीक्षित ने तर्क दिया कि सरकार का निर्णय नियमों के अनुसार लिया गया था, जिसमें कोई खामी या अवैधता नहीं थी। याचिका के विरोध में तर्क दिया गया कि कई स्कूलों में बहुत कम या कोई छात्र नहीं थे। सरकार ने कहा कि स्कूलों को विलय नहीं किया बल्कि उन्हें जोड़ा दिया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी प्राथमिक विद्यालय बंद नहीं होगा।

# सिद्धार्थनगर में नहाने गए दो बच्चों की तालाब में डूबने से मौत

**● दोनों बच्चे घर से मोहर्रम का मेला देखने के लिए निकले थे**

स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर।** जिले के डुमरियागंज थाना क्षेत्र में माली मैनहा गांव के उत्तर स्थित पोखरे में दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। माली मैनहा गांव के वार्ड नंबर 1 गौतम बुद्धनगर निवासी शंकर प्रसाद का 7 वर्षीय बेटा प्रिंस और वार्ड नंबर 17 मोदीनगर निवासी असगर अली का 11 वर्षीय बेटा सूफियान मोहर्रम का मेला देखने निकले थे। दोनों बच्चे तालाब के पास पहुंचे। वहां उन्होंने नहाने के लिए तालाब में कूद गए।

घटना रविवार शाम की है। माली मैनहा गांव के वार्ड नंबर 1 गौतम बुद्धनगर निवासी शंकर प्रसाद का 7 वर्षीय बेटा प्रिंस और वार्ड नंबर 17 मोदीनगर निवासी असगर अली का 11 वर्षीय बेटा सूफियान मोहर्रम का मेला देखने निकले थे। दोनों बच्चे तालाब कूद गए।

तालाब में पानी काफी गहरा था। दोनों बच्चे डूबने लगे। पास की सिवान में बकरी चरा रही एक युवती ने बच्चों को डूबते देखा। उसने चिल्लाकर लोगों को आवाज दी। गांव के लोग जब तक मौके पर पहुंचे, तब तक दोनों बच्चे पानी में डूब चुके थे। ग्रामीणों ने घंटों की मशक्कत के बाद दोनों के शव बाहर निकाले। मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार विष्णु प्रसाद सिंह ने बताया कि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिए।


## संक्षिप्त ख़बरें

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व पर संगोष्ठी का आयोजन किया



**सीखड़, मीरजापुर।** रविवार को सीखड़ भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने स्मृति सभागार मंगरहा में श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विजय भारद्वाज पटेल ने किया तथा मुख्य अतिथि प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व जिला महिला अध्यक्ष प्रेम शिला सिंह रही। मुख्य अतिथि द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व पर विस्तृत से प्रकाश डाला गया। उक्त अवसर पर सरोज सिंह नीरज, रणवीर सिंह, आनन्द शर्मा,जय प्रकाश सिंह, सुरेन्द्र मिश्र, अनूप सिंह रीमा शर्मा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कार्यभार ग्रहण किया



**सीखड़, मीरजापुर।** सोमवार को विकास खण्ड सीखड़ में खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार राय ने बी आर सी कार्यालय पहुंच कर कार्यभार ग्रहण किया। बताते चलें कि अभी तक मझवा के खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सीखड़ का अतिरिक्त प्रभार संभाले हुए थे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कई खण्ड शिक्षा अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल करते हुए सीखड़ में मुकेश कुमार राय को नियुक्त किया। नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी का शिक्षक सुरजीत सिंह, प्रदीप सिंह, रत्नेश सिंह सहित शिक्षको ने भव्य स्वागत किया।

# 'फर्जी' डिग्री विवाद- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य के खिलाफ आपराधिक मामला चलाने की मांग वाली याचिका खारिज की

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के खिलाफ चुनाव लड़ने और पेट्रोल पंप डीलरशिप प्राप्त करने के दौरान फर्जी शैक्षिक डिग्री प्रस्तुत करने के आरोपों पर आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ ने प्रयागराज के भाजपा नेता और सामाजिक कार्यकर्ता दिवाकर नाथ त्रिपाठी की याचिका खारिज कर दी । त्रिपाठी ने सीआरपीसी की धारा 156( 3 ) के तहत दायर एक आवेदन के बाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें मामले की पुलिस जांच की मांग की गई थी, जिसे 2021 में प्रयागराज के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने खारिज कर दिया था।अपने आदेश में एसीजेएम नम्रता सिंह ने पाया कि मौर्य के खिलाफ कोई संज्ञेय अपराध नहीं



बनता है, और तदनुसार त्रिपाठी की याचिका खारिज कर दी गई।

त्रिपाठी ने बाद में एसीजेएम के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। हालांकि, फरवरी 2024 में, न्यायालय ने देरी के आधार पर उनकी पुनरीक्षण याचिका को खारिज कर दिया, यह देखते हुए कि याचिका ट्रायल कोर्ट के आदेश के 300 दिनों से अधिक समय बाद दायर की गई थी।

हालाँकि, इस वर्ष जनवरी में सर्वोच्च न्यायालय ने देरी को माफ कर दिया और उच्च न्यायालय को मामले पर गुण-दोष के आधार पर विचार करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार त्रिपाठी ने उन्हीं आरोपों और आधारों को लेकर एक नई याचिका के साथ फिर से हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। मामला अप्रैल 2025 में स्वीकार किया गया और मई में फैसला सुरक्षित रख लिया गया।

# मच्छरों की संख्या में इजाफा,मच्छररोधी उपाय की मांग

**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार क्षेत्र में बरसात से मच्छर, कीट, पतिंगे इत्यादि की संख्या में भारी वृद्धि हो गई है। मच्छरों के काटने से विभिन्न प्रकार के रोग मनुष्यों को हो जाता है। कस्बा और ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न गांवों में इन दिनों मच्छरों की भरमार है। जिससे लोगो की नीद हराम हो गई है।

अब तो दिन में भी मच्छर बैठने नही देते।क्षेत्र के बाबूराम,नागेन्द्र, रिंकू, मोनू, कमल, महेश, रामू सहित अनेक लोगो का कहना है कि क्षेत्रमें गंदगी की भरमार है। जिससे मच्छरों की संख्या में बढ़ोतरी हो रह है। फलस्वरूप मलेरिया और वायरल बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इन्हे समाप्त करने के लिए गावों में मच्छर रोधी दबावों का छिड़काव जरूरी हो गया है। वरिष्ठ समाजसेवी राज नारायण पाण्डेय ने नगर पंचायत प्रशासन से क्षेत्र में फागिंग करने की मांग की है।

# छात्रा को ट्रांसफर सर्टिफिकेट देने में हीलाहवाली

**● रानी देवयानी पब्लिक स्कूल पर अभिभावक ने लगाए गंभीर आरोप, की शिकायत**

स्वतंत्र प्रभात

**शंकरगढ़ (प्रयागराज)** रानी देवयानी पब्लिक स्कूल, शंकरगढ़ एक बार फिर विवादों में है। वार्ड नंबर 2 शिक्षक नगर निवासी अधिवक्ता अभिलाष त्रिपाठी ने स्कूल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पुत्री स्वाती त्रिपाठी, जो कक्षा 2 की छात्रा है, को स्कूल से स्थानांतरण प्रमाण पत्र (Transfer Certificate) देने में टालमटोल की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, त्रिपाठी ने अप्रैल, मई, जून की 3550 फीस तथा निर्धारित दुकान से 2800 की पुस्तकें भी खरीदी थीं। बावजूद इसके, विद्यालय में न तो बिजली की समुचित व्यवस्था है और न ही पीने के पानी की। उन्होंने बताया कि स्कूल की बुनियादी सुविधाओं की कमी से छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी होती है। उक्त अव्यवस्थाओं से नाराज होकर जब उन्होंने अपनी पुत्री का स्थानांतरण प्रमाण पत्र लेने के लिए स्कूल का रुख किया तो उन्हें बार-बार टरकाया गया। स्कूल स्टाफ कभी ÷स्कॉलर रजिस्टर बीएसए ऑफिस में है÷ तो कभी ÷प्रिंसिपल मौजूद नहीं हैं÷ कहकर उन्हें टालता रहा। अधिवक्ता त्रिपाठी का कहना है कि यह एक आम नागरिक के अधिकारों का खुला उल्लंघन है और उन्हें अनावश्यक रूप से मानसिक उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है।इस मामले को लेकर त्रिपाठी ने प्रभारी अधिकारी, सम्पूर्ण समाधान दिवस, तहसील बारा को लिखित शिकायत पत्र सौंपा है। उन्होंने मांग की है कि बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक से विद्यालय की सुविधाओं की जांच कराई जाए तथा विद्यालय प्रशासन के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, उनकी पुत्री का ट्रांसफर सर्टिफिकेट अविलंब जारी कराया जाए। इस पूरे प्रकरण से क्षेत्र के अन्य अभिभावकों में भी रोष है। लोगों का कहना है कि अगर विद्यालय प्रशासन की इसी तरह की मनमानी जारी रही, तो वे भी अपने बच्चों को वहां से हटाने को विवश होंगे।

# आजीवन करवास की सजा काट रहे कपिल और सूरजभान से मिलने पहुंचे उदयभान



**● नैनी जेल में बंद है दोनों भाई उदयभान को अच्छे आचरण पर मिली रिहाई।**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** नैनी सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व सांसद कपिल मुनि करवरिया, पूर्व एमएलसी सूरज भान करवरिया और रामचंद उर्फ कल्लू से मिलने उनके भाई पूर्व विधायक उदयभान करवरिया पहुंचे। उन्होंने जेल में अपने भाइयों का हालचाल जाना। साथ ही जेल के नए वरिष्ठ अधीक्षक विजय विक्रम सिंह से भी मुलाकात की।उदयभान करवरिया ने बताया कि वह जेल से रिहा होने के बाद हर महीने अपने भाइयों से मिलने आते हैं। नए जेल अधीक्षक विजय विक्रम सिंह पहले इसी जेल में जेलर रह चुके हैं, जिससे उनकी पुरानी पहचान है। इसलिए उनसे भी मुलाकात की। इसी जेल से समय से पूर्व मिली थी उदयभान को रिहाईउदयभान करवरिया को राज्यपाल के आदेश पर अच्छे आचरण के आधार पर समयपूर्व रिहा किया गया था।1996 में हुए विधायक जवाहर पंडित हत्याकांड में उदयभान करवरिया, उसके भाई सूरजभान करवरिया और कपिलमुनि करवरिया को आजीवन कारावास की सजा हुई है।

# पटना में गोपाल खेमका के बाद अब स्कूल संचालक की हत्या

**● डीएवी के पास सिर में मारी गोली, आरोपी फरार।**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** बिहार की राजधानी पटना एक बार फिर अपराध की आग में झुलस गई है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अपराधियों में पुलिस का खौफ खत्म होता जा रहा है। अभी हाल ही में कारोबारी गोपाल खेमका की हत्या की गुत्थी सुलझ भी नहीं पाई थी कि रविवार रात शहर एक और सनसनीखेज वारदात का गवाह बना। ताजा मामला पटना के खगौल इलाके का है, जहां डीएवी स्कूल के पास अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने अजीत कुमार नामक एक व्यक्ति की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी। गोली लगते ही मौके पर ही उनकी मौत हो गई। मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है और वे मूल रूप से मुस्तफापुर के निवासी थे। जानकारी के अनुसार, अजीत कुमार एक निजी स्कूल का संचालन करते थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अपराधी बाइक पर सवार थे और वारदात को अंजाम देने के बाद तेजी से मौके से फरार हो गए। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस हत्या के पीछे किसकी साजिश थी और इसकी असल वजह क्या रही।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस हरकत में आई और तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी। नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) भानु प्रताप सिंह ने बताया कि खगौल थाना क्षेत्र के डीएवी स्कूल के पास अज्ञात अपराधियों द्वारा एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर देने की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस की टीम ने तत्परता से घटनास्थल की घेराबंदी की और साक्ष्य संकलन का कार्य शुरू किया। एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम भी मौके पर पहुंचकर फॉरेंसिक साक्ष्यों को इकट्ठा कर रही है। इसके अलावा घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला जा रहा है ताकि आरोपियों की पहचान हो सके।

पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन कर दिया है। अपराधियों की तलाश में



विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। हालांकि अब तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं मिली है। लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से पटना की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पुलिस प्रशासन के लिए यह एक बड़ी चुनौती है कि जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा करे और शहर में कानून का डर बहाल करे।

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले फिर 'जंगलराज' का जिन्न जाग उठा है। इस बार बीजेपी ने नहीं, बल्कि आरजेडी और कांग्रेस ने इसे मुद्दा बनाया है। दरअसल, मगध अस्पताल के मालिक गोपाल खेमका की पटना में सनसनीखेज हत्या और सीवान में तलवारबाजी से तीन लोगों की निर्मम हत्या ने 'जंगलराज' की बहस को फिर से हवा दे दी है। आरजेडी नेता तेजस्वी ने बीजेपी और एनडीए सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि अब इसे कोई 'जंगलराज' नहीं कहेगा। कांग्रेस ने भी इस मुद्दे को जोरशोर से उठाया और कहा कि यह 'कुशासन राज' है।

## संक्षिप्त खबरें

### तहसील परिसर में जल है तो कल है योजना की उड़ाई जा रही धज्जियां



**बलरामपुर-** तहसील बलरामपुर सदर परिसर में SDM कोर्ट के निकट वाटर सप्लाई का बंबा लगा हुआ है । एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता में जल है तो कल है अभियान चलाया जा रहा है, वही दूसरी तरफ उन्हीं के पदाधिकारी योजना की धज्जियां उड़ाते दिख रहे है। आप को बताते चले कि यह वाटर सप्लाई का पानी हमेशा बहता रहता है फल स्वरूप जल का दुरुपयोग हो रहा है , जिस गड्ढे में यह जल इकट्ठा होता है उसका पानी बिल्कुल काला हो चुका है जिससे जानलेवा बीमारियां घर बना रही है । तहसील परिसर होने के नाते पूरा दिन अधिकारियों , अधिवक्ताओं व आम जन मानस का आना जाना लगा रहता है। जिससे स्वस्थ संबंधी विकार उत्पन्न हो रहे है । तहसील परिसर में हर महीने तहसील दिवस का आयोजन किया जाता है जिसमें जिले भर के समस्त अधिकारीगण उपस्थित होते हैं ,उसके बावजूद इस बहते हुए जल को नजरअंदाज कर निकल जाते हैं ,किसी भी अधिकारी का ध्यान इस पर नहीं जा रहा है।

### अवर्षण की स्थिति से पिछड़ रहा धान की रोपाई

**बलरामपुर-** खेती किसानी के मुख्य समय पर अवर्षण की स्थिति उत्पन्न हो जाने से किसानों के माथे पर चिन्ता की लकीरे उत्पन्न हो गई हैं। गौरतलब हो कि धान रोपाई का मुख्य समय चल रहा है और किसानों के धान के बेहन तैयार की है परन्तु अवर्षण की स्थिति उत्पन्न हो जाने से पचपेड़वा गैसड़ी-बलरामपुर आदि को विकास खण्डो में किसानों का बेहन बचाना कठिन हो रहा है भूगर्भ की सतह पथरीली होने के कारण बोरिंग व टियूवेल भी सफल नही हो रहे हैं वहीं चित्तौड़गढ जलाशय का पानी न छोड़े जाने से किसानों के समक्ष संकट उत्पन्न हो गया है। किसान वादलों की ओर टक टकी लगा कर प्रार्थना में लगा हुआ है अब देखना है की अन्नदाता की अरजी कब लगती है।

### धनन्जय हत्याकांड- भाड़े के हत्यारे कमरूद्दीन की पुलिस से मुठभेड़



**-पैर में लगी गोली**

**रूद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर में हुए धनंजय पाल की हत्या के आरोप में भाड़े के हत्यारे कमरुद्दीन की पुलिस से मुठभेड़ हुई। जिसमें जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कमरुद्दीन के पैर में गोली मार दी और उसे दबोच लिया। जिसका इलाज मेडिकल कॉलेज देवरिया में चल रहा है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर और अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद वर्मा ने मेडिकल कॉलेज जाकर कमरुद्दीन से पूछताछ की। जानकारी के अनुसार बीते 27 जून को धनंजय के सौतेले बेटे मृत्युंजय पाल ने 50 हजार में भाड़े के हत्यारे कमरुद्दीन को पिता की हत्या करने के लिए सुपारी दी। पुलिस ने सौतेले बेटे और उसके साथ अमन निषाद को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। रविवार की रात पुलिस ने कमरुद्दीन को भी गिरफ्तार किया किंतु उसने भागने का प्रयास किया। पुलिस की माने तो वह दरोगा की पिस्तौल छीन कर फायर करने लगा। बचाव करते हुए पुलिस टीम ने उसके पैर में गोली मार दी।

### फांसी लगा बालिका ने दी जान, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया



**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र के अरखापुर गांव में एक लड़की फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जिसकी सूचना मृतका के पिता राम केवल ने पुलिस को दिया। सूचना पर मौके पर पहुंच पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के पिता द्वारा दी गई सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति के अनुसार मृतका नैन्सी उम्र 19 बर्ष छः जुलाई को दिन में अपने कमरे में फांसी लगा ली जिसकी सूचना खेत में काम करने गये माता पिता को देने मृतका का भाई गया सूचना पर राम केवल मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस को दिये । पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# झोलाछाप डॉक्टर लोगों की जान से कर रहे खिलवाड़

**●स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी निष्क्रिय**

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर -** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते जिले में एक बार फिर से झोलाछाप डाक्टर बेखौफ होकर लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे बताते चलें कि पचपेड़वा विकास खंड के हरैया चंद्रसी होते हुए कल्याण पुर बरगदवा जाने वाले मार्ग पर नहर स्थित हरैया चौराहे पर उबैद नाम का व्यक्ति बिना किसी रजिस्ट्रेशन व बैध डिग्री के ही धड़ल्ले के साथ गम्भीर मरीजों का इलाज कर रहा है । स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से इनके हौसले बुलंद हैं। विगत दिनों अभियान चलाकर झोलाछाप डाक्टरों के क्लीनिक और




पैथोलोजि संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी, जिसके बाद संचालकों में हड़कंप मचा था। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के ढील-ढाल रवैये से एक बार फिर इनके द्वारा बेखौफ होकर लोगों का इलाज किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जिले में नर्सिंग होम एक्ट का क्रियान्वयन कराने में पूरी तरह से असफल साबित हो रहे हैं। विटामिन और फ़ूड सप्लीमेंट खरीदें इनके गलत इलाज की वजह से कई लोगों की जान जा चुकी है जिले में कई ऐसे प्रकरण सामने आ चुके हैं इसके बावजूद कार्रवाई को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से उदासीनता बरती जा रही है।

**प्रशासन भी नहीं ले रहा सुध**

झोलाछाप डाक्टरों पर कार्रवाई को लेकर जिला प्रशासन भी सुध नहीं ले रहा है। विटामिन और फ़ूड सप्लीमेंट खरीदें वर्तमान में आमजनों के स्वास्थ्य को लेकर प्रशासन के द्वारा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं व सेवाओं में सुधार को लेकर नर्सिंग होम एक्ट के तहत स्वास्थ्य संस्थाओं का पंजीयन किया जाता है। इसके बाद संचालकों को अस्थाई लाइसेंस जारी किया जाता है। एक्ट के मापदण्डों को पूरा नहीं करने वाले संस्थानों का पंजीयन नहीं हो सका है। अभी भी मापदण्डों को पूरा नहीं करने वाले कुछ संस्थानों का संचालन हो रहा है।

### घुइसरनाथ धाम में सीडीओ ने सावन मेले की तैयारियों का लिया जायजा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सावन मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जा रही तैयारियों के सिलसिले में सीडीओ ने सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में निरीक्षण किया। सोमवार की सुबह बाबा धाम पहुंची सीडीओ डॉ0 दिव्या मिश्रा ने पहले भगवान शंकर का जलाभिषेक किया। दर्शन पूजन के पश्चात वह सावन मेले को लेकर बाबा धाम में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। बाबा धाम परिसर में फैली गन्दगी को तत्काल साफ करवाने के लिए पर्याप्त मात्रा में स्वच्छताकर्मियों को तैनात करने का निर्देश सांगीपुर के खण्ड विकास अधिकारी को दिया। उन्होने कहा कि मेला क्षेत्र में गंदगी मिलने पर सफाईकर्मियों व दोषी अफसरों के खिलाफ प्रतिकूल प्रवृष्टि देने के साथ निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। उन्होनें श्रद्धालुओं व कांवड़ यात्रियों के लिए ऑडीटोरियम को तैयार करने की बात कही। सीडीओ ने साफ सफाई के साथ ही मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वास्थ्य टीम, प्रकाश व सई तट पर बैरीकेटिंग आदि के बारे में भी बीडीओ को निर्देशित किया।इस मौके पर बीडीसी चन्दन मिश्र, छोटू तिवारी, व्यापार मण्डल अध्यक्ष अखिलेश मिश्र, रोहित श्रीवास्तव, विपिन पाण्डेय, आशीष, विक्की आदि मौजूद रहे।

### विटामिन-ए की खुराक पिलाने के लिए चलेगा विशेष अभियान

**अलीगढ़।** जिले में 9 जुलाई से 9 अगस्त तक 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। अभियान की तैयारियों के संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नीरज त्यागी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। सीएमओ ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, सीडीपीओ, चिकित्सा अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों को अभियान को पूरी गंभीरता से संचालित करने और लक्षित 5 लाख से अधिक बच्चों तक शत-प्रतिशत खुराक पहुंचाने के निर्देश दिए। सीएमओ ने कहा कि विटामिन-ए की कमी से बच्चों में अंधापन और कुपोषण की समस्या हो सकती है, इसे रोकने के लिए यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। अभियान के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य उपकेंद्रों और टीकाकरण सत्र स्थलों पर बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि विटामिन-ए की खुराक दो चरणों में 06 माह के अन्तराल पर दी जाती है, जिससे बच्चों की रोध प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है।

# जमालुद्दीन उर्फ छांगुर की संपत्ति में हिस्सेदार बनी न्यायालय में तैनात बाबू की पत्नी

**●धर्म परिवर्तन के आरोपी ने न्यायालय मे पैठ बनाने के लिए रची थी साजिश**

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर-** राष्ट्रविरोधी गतिविधियों और धर्म-परिवर्तन कराने के मामले में गिरफ्तार जमालुद्दीन उर्फ छांगुर का 18 सदस्यों का गिरोह था, उसने तहसील और न्यायालय में पैठ बनाने की भरपूर कोशिश की । उतरौला तहसील कर्मियों से मिली भगत करके एक तालाब को ही अपने नाम करवा लिया। एटीएस के अनुसार पुणे में 16 करोड़ रुपए की एक जमीन जिसके एग्रीमेंट में बलरामपुर जनपद एवं सत्र न्यायालय के cjm कोर्ट में तैनात लिपिक राजेश उपाध्याय की पत्नी संगीता उपाध्याय को हिस्सेदार बनाया, एग्रीमेंट में जमीन के कारोबार में संगीता उपाध्याय को मुनाफे का अंश दिए जाने का उल्लेख है। आप को बताते चले कि जो इस्लाम धर्म काबुल करने से इन्कार कर देता था उसके ऊपर न्यायालय से छांगुर द्वारा अन्य मामले में झूठा मुकदमा क़ायम करवाने का भी मामला सामने आया है । एटीएस के मुताबिक संचित और मालती अनुसूचित जाति के है उन्होंने इस्लाम धर्म काबुल नहीं किया तो छांगुर ने दोनों पर न्यायालय के माध्यम से अन्य मामले में मुकदमा दर्ज करवा दिया। इस गिरोह से संबंध रखने वालों की तलाश जारी है, वही एक सवाल यह भी गहराता नजर आ रहा है कि जब इतने समय से इतना बड़ा गिरोह जनपद में सक्रिय था तो स्थानीय पुलिस व जनपद के आल्हा अधिकारी क्या कर रहे थे। इससे साफ होता है कि बड़े बड़े लोगों की संलिप्तता के बिना यह काम संभव नहीं है ।

# स्थगन आदेश के बाद जबरिया हो रहा निर्माण, न्याय की गुहार

**●जिला अधिकारी और पुलिस न्यायालय के स्थगन आदेश को नहीं मानते हैं पुलिस और राजस्व द्वारा रोकने का काम नहीं करते हैं बल्कि दबंग भूमाफियाओं को कब्जा करवाते**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में न्यायालय के स्थगन आदेश के बावजूद कोतवाली थाना क्षेत्र के भद्रेश्वरनाथ गांव में पुलिस संरक्षण में जबरिया निर्माण कराये जाने का मामला सामने आया है। इस सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी सदर ने भी शहर कोतवाल को निर्माण कार्य रोके जाने का निर्देश दिया इसके बावजूद पुलिस निर्देशों को मानने से इंकार कर रही है। कोतवाली थाना क्षेत्र के भद्रेश्वरनाथ निवासी दशरथ पुत्र स्वर्गीय राजकिशोर ने कोतवाली पुलिस पर यह गंभीर आरोप लगाते हुये बताया कि जमीन को लेकर गांव के हरि प्रसाद पुत्र स्वगीय शीतला प्रसाद



से मुकदमा चल रहा है जो विचाराधीन है। न्यायालय ने स्थगन आदेश भी रखा है इसके बावूजद हरि प्रसाद कोतवाली पुलिस को अपने पक्ष में करके जबरिया मकान निर्माण कराने की कोशिश कर रहे हैं।

भद्रेश्वरनाथ निवासी दशरथ पुत्र स्वर्गीय राजकिशोर ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगाते हुये कहा है कि कोतवाली पुलिस उन्हें कोतवाली में ले गई है और विपक्षी निरन्तर मकान का निर्माण करा रहे हैं। पुलिस न्यायालय और उप जिलाधिकारी सदर के आदेश को भी मानने सें इंकार कर रही है। दशरथ के पुत्र प्रिन्स गोस्वामी ने मांग किया कि अवैध निर्माण रोके जाने के साथ ही उनके परिवार के जान माल की सुरक्षा भी कराया जाय। दबंग विपक्षी पुलिस से मिलकर किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकते हैं।

# रावण यात्रा को लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पुलिस लाईन सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में आगामी श्रावण माह में आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा के सफल, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण आयोजन के उद्देश्य से जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में पुलिस लाईन सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान, अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. राजीव निगम, उप जिलाधिकारी रश्मि यादव, मनोज प्रकाश, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार सिंह, ईओ नगर पालिका अंगद गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी संजीव कुमार, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत विजय प्रकाश वर्मा, क्षेत्राधिकारी पुलिस सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा श्रद्धा और आस्था का पर्व है, इसे सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने साफ-सफाई, स्वास्थ्य सेवाएं, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, ट्रैफिक प्लान, साइन बोर्ड, विश्राम स्थल, मोबाइल



चिकित्सा इकाई, एंबुलेंस और कंट्रोल रूम की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करने को कहा। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि समस्त थानाध्यक्ष कावरिया समिति सदस्यों के साथ बैठक अवश्य कर लें और उनके सुझाव प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

उन्होने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कावड़ यात्रा के दौरान रास्तों में पड़ने वाले गड्ढों की पैचिंग समय से करा दी जाय। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्युत पोल को चिन्हित करते हुए उस पर सुरक्षा के दृष्टिगत पालीथिन लगायी जाय तथा सड़को पर समुचित प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि शिविर कैम्प लगाया जाय तथा डाक्टरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि शिविर कैम्प पर स्नेक वेनम भी उपलब्ध रहें। एनएचआई के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि राष्ट्रीय राजमार्गो पर पड़ने वाले अवैध कटों को बन्द किया जाय और आवश्यकतानुसार वैरिकेडिंग सुनिश्चित की जाय। अपर जिलाधिकारी ने नगर निकायों को निर्देश दिया कि शिविर स्थलों, मंदिरों एवं मुख्य यात्रा मार्गो पर विशेष साफ-सफाई की जाए, शौचालय एवं कूड़ेदान की पर्याप्त व्यवस्था हो। विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, और जल निगम को पेयजल टैंकर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सभी संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मार्गो पर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती की जाएगी। उन्होने कावड समितियों से अपील किया कि अपने से संबंधित समस्त सूचनाए व कार्ययोजना संबंधित थाने पर अवश्य दे दें। बैठक में अधिकारियों को समय से सभी तैयारियाँ पूर्ण करने और कंट्रोल रूम के माध्यम से समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से सहयोग की अपील की है। बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारी व कावड़ समिति के सदस्य एवं संभ्रांत नागरिकगण उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

**●आइजीआरएस में कर्मचारी फर्जी रिपोर्ट लगाकर साक्षी लूटते हैं जबकि शिकायत करता से बिना मिले राजस्व और पुलिस शिकायतों का निस्तारण कर देती है जनता की समस्याओं को नहीं ध्यान दिया जा रहा है**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता की अध्यक्षता में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनसामान्य द्वारा दर्ज कराई गई शिकायतों की अद्यतन स्थिति की गहन समीक्षा की गई तथा उनके



गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण पर विशेष बल दिया गया।जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका समाधान नियत समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि लम्बित प्रकरणों की संख्या को कम करना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की स्थिति की पूर्ण और पारदर्शी जानकारी दी जाए ताकि जनविश्वास बना रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि विभागों के प्रदर्शन की मॉनिटरिंग लगातार की जाएगी तथा खराब प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान, सीएमओ डा. राजीव निगम, सीआरओ कीर्ति प्रकाश भारती, डीएफओ डा. शिरीन, एसडीएम रश्मि यादव, मनोज प्रकाश, डीपीआरओ धनश्याम सागर, उप निदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, भूमि संरक्षण अधिकारी डा. राजमंगल चौधरी, मत्स्य अधिकारी संदीप वर्मा, डीएचओ अरूण त्रिपाठी, ईडीएम सौरभ द्विवेदी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# साधन सहकारी समितियों पर नेटवर्क समस्या के कारण किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में सरवरकी समस्या के कारण किसानों को खाद बीज का संकट बढ़ गया है साधन सहकारी समितियों पर नेटवर्क समस्या के कारण किसानों को खाद नहीं मिल पा रहा है जिससे उनको भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।किसानों नाटो की सरकारी बीच में लगाया नहीं सरकारी कर मिलने की आशा है डुप्लीकेट खाद के भरोसे किसान अपनी फसल तैयार करेगा इस मामले पर जिले की जिम्मेदार अधिकारी खातों की कालाबाजारी करवा रहे हैं जिलाधिकारी किसी भी मामले पर गंभीरता से नहीं ले रहे हैं से जिले में हर विभाग में भ्रष्टाचार प्राप्त करें किसानों को बदे दामों में घाट खरीदना पड़ रहा है प्राइवेट दुकानों पर



मनमानी पैसा उज्जवल रहे हैं दुकानदार टीनीच, गौर, भरवालिया, पिपरा जाप्ती में नेटवर्क समस्या को लेकर किसान अपने धान की फसलों की रोपाई नहीं कर पा रहे है।भाजपा सरकार जहां किसानों को समय से खाद बीज उपलब्ध कराने की घोषणा करती है लेकिन आज किसान दुकानों पर 284 की जगह 350 रुपए देकर दुकानदारों से शक्तिमान आदि कंपनी की खाद मजबूरन उठा रहे है।वही साधन सहकारी समिति टीनीच की अध्यक्ष सुमन सिंह ने कहा कि सर्वर की समस्या की दो दिवस में ठीक नहीं किया गया तो सोमवार को जिलाधिकारी से मिलकर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया जाएगा क्योंकि किसानों की समस्याओं को देखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए अन्यथा किसानों को समिति की बैठक बुलाकर समिति स्वमं कोई वैकल्पिक व्यवस्था करने पर मजबूर होगी। जिले के जिम्मेदार अधिकारी कुंभकरण नींद में सो रहे हैं बस्ती जिला भ्रष्टाचार की गंगा में डुबकी लगा रहा है उसे रोक-टोक कोई अधिकारी नहीं बचा है जो इस गंगा में डुबकी ना लगे ऐसे अधिकारियों का प्रदेश सरकार को शक्ति से निपटना चाहिए।


# 50 से कम छात्र वाले प्राइमरी स्कूल बंद से बच्चों का भविष्य संकट में, प्राइवेट स्कूलों की चांदी

**●निजी विद्यालयों की भरमार ने शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है, तमाम प्राइवेट स्कूलों में योग्य शिक्षक नहीं है, फिर भी धड़ल्ले से संचालित हो रहे है**

**शिक्षा विभाग एवं सरकार ऐसे प्राइवेट स्कूलों पर अंकुश नहीं लगा पा रहीं हैं**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के कई गांवों में स्थित सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों की संख्या 50 से कम होने पर उन्हें बंद कर दिया गया है। इससे ग्रामीण बच्चों को अपने गांव से दूर दो से तीन किलोमीटर दूर स्थित अन्य विद्यालयों में पढ़ाई के लिए जाना पड़ रहा है। इससे प्राइवेट स्कूलों की चांदी है।अभिभावकों का कहना है कि छोटे बच्चों के लिए इतनी दूरी तय करना कठिन है। खासकर जब परिवहन की पर्याप्त सुविधाएं




न हों। इससे बच्चों की नियमित उपस्थिति, सुरक्षा और शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। दूसरी तरफ जिले में बिना मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की बाढ़ आई हुई है। शासन के स्पष्ट निर्देशों और शिक्षा विभाग की निगरानी व्यवस्था के बावजूद इन विद्यालयों का संचालन खुलेआम हो रहा है। न तो इन स्कूलों में योग्य शिक्षक हैं, न भवन सुरक्षित है और न ही बच्चों के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध है। इसके बावजूद ये स्कूल शिक्षा के नाम पर अभिभावकों से मोटी फीस वसूल रहे है। स्थानीय नागरिकों और शिक्षा से जुड़े सामाजिक संगठनों का कहना है कि सरकार को चाहिए कि वह सरकारी विद्यालयों को बंद करने के बजाय उनमें आवश्यक संसाधन, शिक्षकों की नियुक्ति और सुविधाओं में सुधार करे। साथ ही शिक्षा विभाग को जिले में चल रहे अवैध निजी स्कूलों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। एक तरफसरकार शिक्षा की गुणवत्ता और समानता की बात करती है, दूसरी तरफ जिन सरकारी स्कूलों में गरीब, ग्रामीण और पिछड़े वर्ग के बच्चे पढ़ते हैं, उन्हें बंद किया जा रहा है। इससे निजी शिक्षा माफिया को बढ़ावा मिल रहा है और ग्रामीण बच्चों की शिक्षा पर दोहरी मार पड़ रही है। एक तरफ विद्यालय की दूरी और दूसरी तरफ निजी स्कूलों का आर्थिक बोझ पड़ रहा है।जनपद बस्ती की यह स्थिति शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करती है। सरकार और प्रशासन से क्षेत्र की जनता मांग कर रही है कि वे विद्यालय बंदी के फैसले की समीक्षा करें और मानकविहीन निजी स्कूलों पर त्वरित और कठोर कार्रवाई करें, ताकि शिक्षा का अधिकार हर बच्चे तक समान रूप से पहुंच सके।

# कागजों में चला बंदरों को पकड़ने का अभियान, गली मोहल्लें में दिख रहे हैं झुण्ड के झुण्ड बंदर

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में भ्रष्टाचार इस तरह कौन जमा लिया की जो कभी समाप्त नहीं हो सकता ताजा मामला बस्ती नगरपालिका की ओर से बंदरों को पकड़कर दूसरे जगह ले जाकर छोड़ने का अभियान चलाया गया। हालांकि इसमे पारदर्शिता का पूरा अभाव था। बार बार पूछा गया, कितने बंदर पकड़े गये, इस अभियान में कितना खर्च हुआ, लेकिन हमेशा गोलमटोल जवाब देकर बात टाल दी गई। बंदरों की समस्या से जूझ रहे शहरवासियों को राहत नही मिली। नगरपालिका प्रशासन ने बंदरों को पकड़ने के नाम पर लाखों रूपया खर्च किया लेकिन समस्या यथावत है। आज भी गली मोहल्लों



में झुण्ड के झुण्ड बंदर दिखाई दे रहे हैं और लोगों का राह चलना मुश्किल हो रहा है। हालत ये है कि आप पालीथीन में कोई सामान लेकर नही जा सकते। बंदरों का झुण्ड झपट्टा मारकर छीन लेता और लोग घायल भी होते हैं। बंदरों की समस्या बहुत पुरानी है। मौजूदा नगरपालिका प्रशासन ने बंदरों को पकड़ने का अभियान शुरू किया तो लोगों ने सराहना की, नगरपालिका का काम तो हो गया लेकिन नागरिकों का दर्द कम नही हुआ। आपको बता दें इसी शहर में बंदरों के काटने से सैकड़ों लोग घायल हो चुके हैं जबकि आधा दर्जन लोग आज भी बिस्तर पर पड़े हैं। शहर के सम्भ्रान्त नागरिकों ने पुनः बंदरों को पकड़ने का पूरी इमानदारी से अभियान चलाकर इस गंभीर समस्या से निजात दिलाने की मांग किया है। लेकिन अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा बंदरों को पकड़ने की के नाम पर लाखों रुपए डकार गए लेकिन शहर से बंदरों आतंक समाप्त नहीं हुआ नगर पालिका प्रशासन केवल कार्यो में बंदरों को शहर से छुटकारा देने का काम चल रहा था लेकिन शहर में बंदरों का झुंड अभी समाप्त नहीं हुआ इस मामले पर नगर पालिका प्रशासन कुछ बोलने कोतैयार नहीं है।

# नशा मुक्त अमेठी अभियान के अन्तर्गत थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा 35 ग्राम स्मैक के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**शुकुल बाजार अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व "नशा मुक्त अमेठी अभियान"के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह



के कुशल नेतृत्व में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अफजाल पुत्र आशिक अली निवासी ग्राम लालगंज थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 35 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### वृक्ष महोत्सव को सफल बनाने के लिए केनरा बैंक में इनडोर पौधों का वृक्षारोपण



**सीतापुर** से 7 जुलाई केनरा बैंक में वन महोत्सव अभियान को सफल बनाने के लिए एक दर्जन से अधिक इनडोर वृक्षों का रोपण किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक ईमान अख्तर, ज्योति पांडे, सुरेंद्र यादव सचिन मिश्रा, सचिन बरनवाल एवं विश्वजीत कुमार सहित सभी बैंक कर्मचारियों ने एक-एक पौधा मां के नाम रोपित किया। कृषि महाविद्यालय के कृषि विशेषज्ञ डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया की प्रमुख रूप से बैंक परिसर में आउटडोर प्लांट लगाने से बैंक के अंदर की शोभा भी बढ़ती है और नकारात्मक विचार समाप्त होते हैं तथा बैंक मे इको फ्रेंडली एनवायरनमेंट विकसित होता है सभी बैंक शाखों में आउटडोर शोभाकारी पौधे लगाने चाहिए और वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए। बैंक में क्रोटन, कोयलियास, डरसैना, नेपल ब्लड ग्रुप, क्लॉक प्लांट, हॉटस्टस, स्नेक प्लांट तथा बर्ड ऑफ़ पैराडाइस पौधों का रोपण किया गया।

### मानसिक मंदित युवक ने पेड़ से लटक कर लगाई फांसी



**निगोहां।** लखनऊ, नगराम थाना क्षेत्र के सलेमपुरअचाका गांव में रविवार की देर रात युवक ने पेड़ से लटक कर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार नगराम थाना क्षेत्र के सलेमपुर अचाका गांव के रहने वाले मृतक आनंद कुमार मानसिक रूप से कुछ अस्वस्थ था और लंबे समय से शराब पीने का आदी था। गांव वालों के मुताबिक, वह अक्सर अकेला रहता था और मानसिक स्थिति सामान्य नहीं थी।बीती रात करीब 11:30 बजे नगराम थाने पर सूचना मिली कि गांव के बाहर एक पेड़ से युवक का शव लटका हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।परिवार की स्थिति बेहद दुखद बताई जा रही है। मृतक के घर में सिर्फ वृद्ध माता-पिता और छोटे भाई का 9 वर्षीय बेटा सोनू ही है। बताया जा रहा है कि मृतक का छोटा भाई पहले ही एक सड़क हादसे में जान गंवा चुका है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है, हालांकि प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है।

### प्राचार्य डॉ. निरंजन राय का नागरिक अभिनंदन



**लालगंज (रायबरेली)।** बैसवारा डिग्री कॉलेज के नवनियुक्त प्राचार्य डॉ. निरंजन राय का उनके जन्मदिन पर नागरिक अभिनंदन किया गया। लोगों उनके अच्छे स्वास्थ्य और उज्जवल भविष्य की कामना की। कस्बे के गणमान्य नागरिकों, शिक्षाविदों और शुभचिंतकों की मौजूदगी में आयोजित इस समारोह में डॉ. राय भावुक हो उठे। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल मेरे लिए नहीं, बल्कि शिक्षा के उस मूल भाव के लिए है जिसमें समाज की नींव छिपी होती है। उन्होंने सभी शुभचिंतकों के स्नेह और अपनत्व को अपनी प्रेरणा बताया और कहा कि प्राचार्य के रूप में उनकी पहली जिम्मेदारी क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और मूल्यनिष्ठ शिक्षा उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम में प्रकाश मित्र परिवार के जेपी सिंह, पवन द्विवेदी, रणवीर सिंह सिसोदिया, संजय तिवारी, संतोष तिवारी, सनी सिंह, अरविंद अग्निहोत्री, दीपक त्रिवेदी समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## छात्रा से सरेराह छेड़छाड़, आरोपी स्कूटी छोड़कर भागा; नंबर के आधार पर पुलिस ने दबोचा

स्वतंत्र प्रभात



**लखनऊ।** मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के किसान पथ पर एक छात्रा के साथ छेड़छाड़ का सनसनीखेज मामला सामने आया है। छात्रा जब शुक्रवार को साइकिल से कोचिंग जा रही थी, तभी स्कूटी सवार युवक ने रास्ता रोककर उसके साथ अशोभनीय हरकतें शुरू कर दीं। छात्रा के चिल्लाने पर राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई, जिससे घबराकर आरोपी अपनी स्कूटी वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद डरी-सहमी छात्रा ने घर पहुंचकर परिजनों को पूरी बात बताई। सोमवार को छात्रा अपने पिता के साथ थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि शुक्रवार को वह रोज की तरह साइकिल से कोचिंग जा रही थी। किसान पथ की सर्विस रोड पर स्कूटी सवार युवक ने आगे गाड़ी लगाकर उसका रास्ता रोका और फिर उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर वहां मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह स्कूटी छोड़कर भाग निकला। पीजीआई पुलिस ने छात्रा की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घटनास्थल पर छोड़ी गई स्कूटी के नंबर के आधार पर आरोपी की शिनाख्त की। मामले की जांच कर रहीं महिला सब इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी युवक की पहचान आजम के रूप में हुई है, जो काकोरी क्षेत्र के हाजी कालोनी का निवासी है। उसे गिरफ्तार कर शांति भंग की धारा में कार्रवाई की गई है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है और छात्रा के बयान के आधार पर अन्य धाराएं भी बढ़ाई जा सकती हैं।यह घटना दिनदहाड़े हुई छेड़छाड़ की वारदातों पर पुलिस की सख्ती और महिला सुरक्षा के दावों पर सवाल खड़े करती है। स्थानीय लोगों ने भी घटना पर नाराजगी जताई है और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## खेत की मेंड़ रखने को लेकर महिला से मारपीट, जान से मारने की धमकी मुकदमा दर्ज.....

स्वतंत्र प्रभात




**नगराम। लखनऊ,** नगराम थाना क्षेत्र के दौड़वा खेड़ा मजरा समेसी में बीते रविवार को खेत की मेंड़ को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद के दौरान एक पक्ष के युवक ने महिला को गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। वही नगराम पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता सुनीता पत्नी दिनेश कुमार ने नगराम थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह ग्दौड़वा खेड़ा मजरा समेसी की रहने वाली है। बीते रविवार को गांव के ही रहने वाले दुर्गेश पुत्र मनीराम ने खेत की मेंड़ को लेकर विवाद करते हुए उसके घर आकर पहले गंदी-गंदी गालियाँ दीं। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो दुर्गेश ने लात- घूंसों से हमला कर दिया जिससे उसके दाहिने हाथ, पैर और शरीर में गंभीर चोटें आईं। पीड़िता का आरोप है कि दुर्गेश ने मारपीट के बाद उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। नगराम थानाध्यक्ष विवेक चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर विधिक कार्यवाही की जा रही है। ग्रामीणों में घटना को लेकर रोष व्याप्त है और वे पीड़ित महिला को न्याय दिलाने की मांग कर रहे हैं।

### वन महोत्सव अभियान के अंतर्गत दसदोई में रोपित किए गए पौधे



**काकोरी।** "एक पेड़ मां के नाम "के स्लोगन के साथ यूपी सरकार द्वारा चलाए जा रहे वन महोत्सव अभियान के अंतर्गत ग्राम दसदोई में रेंज स्टाफ और ग्राम वासियों सहित बच्चों इत्यादि के साथ गोल्ड मोहर वृक्ष का रोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित संजीव कुमार सचिव ग्राम विकास विभाग दसदोई, सोनम दीक्षित क्षेत्रीय वन अधिकारी लखनऊ रेंज, राजीव कुमार गौतम, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी लखनऊ रेंज, आशीष कुमार वर्मा वन दरोगा, मंगतू प्रसाद वन दरोगा, सचिन श्रीवास्तव वन दरोगा, अंशु यादव वनरक्षक, प्रीति पांडे वनरक्षक, साजिद अली वनरक्षक सहित गांव के उपस्थित रहें।

## सेमरौता में राशन घोटाला उजागर, भ्रष्ट कोटेदारों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**● गेहूं के बदले चावल बांटने की शिकायत पर डीएम ने दिए सख्त निर्देश, पूर्ति विभाग ने की तत्काल कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात



**तिलोई, अमेठी।** विकासखंड तिलोई के ग्राम पंचायत सेमरौता में संचालित सरकारी राशन प्रणाली में बड़ी अनियमितता सामने आई है। ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के अनुसार, स्थानीय कोटेदार ने शासन द्वारा निर्धारित गेहूं के स्थान पर चावल का वितरण कर दिया, जिससे लाभार्थी परेशान हो उठे।इस गंभीर मामले की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अमेठी ने तत्परता दिखाते हुए जिला पूर्ति अधिकारी (DSO) को मौके पर भेजकर जांच कराई। जांच के दौरान यह शिकायत सत्य पाई गई कि कोटेदार द्वारा गेहूं न देकर चावल का वितरण किया गया था, जो कि सरकारी योजनाओं की खुली अवहेलना है।

जांच रिपोर्ट आने के बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर संबंधित कोटेदारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। इस कार्रवाई से जहां एक ओर भ्रष्ट राशन डीलरों में हड़कंप मच गया है, वहीं दूसरी ओर ईमानदार वितरण प्रणाली को बल मिला है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि "जनकल्याणकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।" वहीं पूर्ति विभाग ने अन्य क्षेत्रों के कोटेदारों की भी सघन जांच शुरू कर दी है, ताकि ऐसी लापरवाहियों की पुनरावृत्ति न हो। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस तत्परता और पारदर्शिता की सराहना की है और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। इस कार्रवाई के बाद जिले भर के कोटेदारों को सख्त संदेश गया है कि अब भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने मोहनलालगंज में मोहर्रम जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**● ड्यूटीरत पुलिस बल और आयोजकों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।**

स्वतंत्र प्रभात

**मोहनलालगंज (लखनऊ)।** आगामी मोहर्रम पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में रविवार को पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने थाना मोहनलालगंज क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर मोहर्रम जुलूस मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान पुलिस उपायुक्त महोदय ने मौके पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल से बातचीत की और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस कर्मियों को संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने, भीड़ प्रबंधन तथा यातायात नियंत्रण को लेकर निर्देशित किया। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या शरारती तत्वों की गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए।पुलिस उपायुक्त महोदय ने जुलूस आयोजकों से भी मुलाकात की और उन्हें शांतिपूर्ण वातावरण में परंपरा का निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जन सहयोग से ही पर्व-त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जा सकता है।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जुलूस मार्गों पर किसी भी प्रकार की बाधा, अतिक्रमण या अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। स्थानीय पुलिस को



निर्देशित किया गया है कि सभी तैयारियों को समय से पूर्ण कर लिया जाए और मौके पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित हो।पुलिस उपायुक्त के इस दौरे से स्थानीय नागरिकों में सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ा है और मोहर्रम पर्व को लेकर प्रशासन की तत्परता भी साफ नजर आई।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अर्पित की पुष्पांजलि

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर।** रामपुर मंडल मडियाहूं में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई। रायपुर में स्थित एमिनेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान वक्ताओं ने उनके आदर्शों का पालन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते मुख्य अतिथि अरविन्द सिंह पूर्व राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य ने बताया कि भारत माता के इस वीर पुत्र का जन्म 6 जुलाई 1901 को एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। इनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी बंगाल में एक शिक्षाविद् और बुद्धिजीवी के रूप में प्रसिद्ध थे। कलकत्ता विश्वविद्यालय से स्नातक होने के पश्चात डॉ मुखर्जी 1923 में सेनेट के सदस्य बने। अपने पिता की मृत्यु के पश्चात 1924 में उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में नामांकन कराया। 1926 में उन्होंने इंग्लैंड के लिए प्रस्थान किया जहां लिंकन्स इन कॉलेज से 1927 में बैरिस्टर की परीक्षा उत्तीर्ण की।जिला मंत्री डॉ श्याम दत्त दुबे ने कहा कि डॉ. मुखर्जी भारत की अखंडता और कश्मीर के विलय के दृढ़ समर्थक थे। उन्होंने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को भारत के बाल्कनीकरण की संज्ञा दी थी। अनुच्छेद 370 के राष्ट्रघातक प्रावधानों को हटाने के लिए भारतीय जनसंघ ने हिन्दू महासभा और रामराज्य परिषद के साथ सत्याग्रह आरंभ किया। डॉ. मुखर्जी 11 मई 1953 को कश्मीर में परमिट सिस्टम का विरोध किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष राजेश जायसवाल ने कहा कि डॉ मुखर्जी एक दक्ष राजनीतिज्ञ, विद्वान और स्पष्टवादी के रूप में वे अपने मित्रों और शत्रुओं द्वारा सामान रूप से सम्मानित थे। एक



महान देशभक्त और संसद शिष्ट के रूप में भारत उन्हें सम्मान के साथ याद करता है। संचालन मंडल महामंत्री शशिकांत सिंह मिंटू ने किया इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष शिवशंकर गुप्ता,जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ संतोष उपाध्याय,मनीष सिंह ,अखिल प्रताप सिंह, उमेश सिंह,रविन्द्र सिंह मुन्ना समेत कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

### भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर पहुंचे

**सीतापुर (बिसवां)।** बिसवां-सांडा रोड पर स्थित अहमदाबाद गांव के निकट रविवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान रड़ा निवासी फुरकान पुत्र हबीब के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, फुरकान अपनी बाइक से सांडा की ओर से आ रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि फुरकान की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही भोलागंज चौकी प्रभारी महेश गंगवार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने पिकअप को जब्त कर लिया है, हालांकि चालक मौके से फरार हो गया है। घटना की खबर जैसे ही मृतक के गांव पहुंची, परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

## ब्राह्मण स्वयं कष्ट भोगते हैं लेकिन धर्म पर आंच नहीं आने देते हैं- अमन द्विवेदी

**● ...अमन द्विवेदी बोले....अगर आस्था के साथ होगा खिलवाड़ तो मिलेगी सजा**

स्वतंत्र प्रभात



**मलिहाबाद, लखनऊ।** ब्राह्मण के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग कर सोशल मीडिया पर डालने वाले सपा नेता रणदीप गुप्ता के खिलाफ युवा नेता अमन द्विवेदी ने अपने साथियों के साथ स्थानीय थाने पर अभियोग दर्ज कराया है। अमन द्विवेदी ने खास बातचीत में ब्राह्मण का अर्थ बताते हुए उन्होंने कहा कि ब्राह्मण का मतलब संस्कार से है, संस्कृति से है, धर्म से है। जिसने सम-विषम परिस्थिति में धर्म के मार्ग को नहीं छोड़ा।अमन द्विवेदी ने कहा कि जब ब्राह्मण की बात होती है तो एक संकल्पना अपने आप सबके सामने आ जाती है, ब्राह्मण का मतलब संस्कार, संस्कृति और धर्म से है।

वे स्वयं कष्ट भोगते हैं लेकिन धर्म पर आंच नहीं आने देते हैं।अमन द्विवेदी ने कहा कि यदि सनातन धर्म जीवित रहा है और पूरी दुनिया के अंदर अपने भव्य ध्वज को गाड़ कर चल रहा है तो इसलिए कि वह 'ब्रह्म तत्व' हमारे पास मौजूद है, जो सनातन धर्म की आत्मा में सदैव विराजमान रहकर, स्वयं कष्ट सहकर भी इस धर्म पर आंच नहीं आने देता है।द्विवेदी ने यह भी कहा है कि किसी भी अपमानजनक टिप्पणी अस्वीकार्य है, लेकिन इसी के साथ उन्होंने ये भी कहा कि विरोध के नाम पर अराजकता भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अंत में उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति अगर आस्था के साथ खिलवाड़ करेगा, महापुरुषों, देवी-देवता, संप्रदाय की आस्था के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करेगा, तो उसे कानून के दायरे में लाकर कड़ी सजा दिलवाई जाएगी।

## उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का विद्यालयों के मर्जर सम्बन्धी शासन के आदेश के विरुद्ध प्रदेश व्यापी आंदोलन

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संध के प्रादेशिक नेतृत्व द्वारा दिया गया समर्थन। दिनांक 08 जुलाई, 2025 को प्रदेश के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों पर धरना में सम्मिलित होगें माध्यमिक शिक्षक। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा0 आर0पी0 मिश्र तथा महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर प्रदेश व्यापी संघर्ष किया जा रहा है। 06 जुलाई को ट्विटर अभियान प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष डा0 दिनेश चन्द्र शर्मा द्वारा चलाया गया जिसमें लाखों शिक्षक सम्मिलित हुए और 08 जुलाई को प्रदेश के सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में धरना आयोजित किया गया है। प्रदेशव्यापी संघर्ष को समर्थन देने के लिए प्रदेशीय नेतृत्व की ओर से अध्यक्ष माननीय सुरेश कुमार त्रिपाठी महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा एवं कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा द्वारा दिनांक 04 जुलाई, 2025 को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के शासन के विद्यालयों के मर्जर सम्बन्धी आदेश के विरुद्ध किए जा रहे प्रदेशव्यापी आंदोलन को समर्थन दिया गया है और प्रदेश के सभी जनपद इकाइयों को ट्विटर अभियान के साथ ही जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों पर दिनांक 08 जुलाई, 2025 को धरना में सम्मिलित होने के निर्देश दिए गए हैं। आप सभी से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर दिनांक 08 जुलाई, 2025 को आयोजित धरना में सम्मिलित होकर शिक्षक एकता को मजबूत करें। लखनऊ में जिला बेसिक



शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर आयोजित धरना में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा0 आर0पी0 मिश्र, महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा, सदस्य राज्य कार्यकारिणी डा0 मीता श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा, सदस्य राज्य परिषद अनुराग मिश्र, विश्वजीत सिंह, जिलामंत्री महेश चन्द्र, कोषाध्यक्ष आर0पी0 सिंह, आय-व्यय निरीक्षक आलोक पाठक सहित जनपद के पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता सम्मिलित होगे।

## श्री कुंज ग्रीन सिटी का हुआ विधि विधान पूर्वक भूमि पूजन

**● अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा श्री कुंज ग्रीन सिटी**

स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** शुभम शुक्ला व रवि कौशल द्वारा श्री कुंज ग्रीन सिटी का विधि विधान पूर्वक भूमि पूजन किया गया। इस दौरान शुभम शुक्ला ने बताया कि शुकुल बाजार कस्बा से सटा श्री कुंज ग्रीन सिटी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, विद्युत की व्यवस्था, सड़क की व्यवस्था, नाली की व्यवस्था, व शुद्ध, ताजी प्राकृतिक हवा के लिए 24 घंटे ऑक्सीजन देने वाले वृक्षों की व्यवस्था मुहैया होगी। शुकुल बाजार रानीगंज संपर्क मार्ग पर हीरो मोटरसाइकिल एजेंसी के पीछे अत्यंत रमणीक स्थान पर जहां शुद्ध ताजी प्राकृतिक हवा उपलब्ध है तथा मुख्य संपर्क मार्ग से सटा है ऐसे स्थान पर श्री कुंज ग्रीन सिटी बनाने का मकसद गरीब लोगों तक आवास मुहैया करना है। उन्होंने कहा कि बेहद ही कम कीमत पर आम जनमानस को प्लाट उपलब्ध हो इसको देखते हुए श्री कुंज ग्रीन सिटी की स्थापना की गई है। साथ ही साथ यह भी ध्यान दिया गया है कि लोगों को आवास बनाने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो जल निकास का उत्तम प्रबंध हो, आने-जाने के लिए बेहतर चौड़ा मार्ग हो तथा विद्युत की व्यवस्था हो ऐसी सारी सुविधाओं से लैस श्री कुंज ग्रीन सिटी का भूमि पूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि आम जनमानस गरीब से गरीब व्यक्ति के पास अपना आवास हो इसको देखते हुए क्षेत्र की आबादी को देखते हुए श्री कुंज ग्रीन सिटी की स्थापना की गई है।बताते चलें शुकुल बाजार कस्बा घनी आबादी के चलते कई ऐसे भी लोग हैं जिनके पास अपना स्वयं का आवास नहीं है या आवास के लिए जमीन पर्याप्त नहीं है, ऐसे लोगों के लिए श्री कुंज ग्रीन सिटी वरदान साबित होगा। आज के जमाने में रोटी, कपड़ा के बाद मकान मूल आवश्यकताओं में शामिल है हर व्यक्ति का सपना होता है कि उनका अपना मकान हो जिससे उन्हें और उनकी आने वाली संतानों को इधर-उधर न भटकना पड़े, मूलभूत आवश्यकताओं में मकान शामिल है और लोगों के सपनों को साकार करने का काम



शुभम शुक्ला और रवि कौशल द्वारा श्री कुंज ग्रीन सिटी की स्थापना करके किया जा रहा है। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया वहीं इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला, अंशुमन शुक्ला, वीरेंद्र द्विवेदी, कुलदीप तिवारी, सत्यम त्रिपाठी, गोरखनाथ शुक्ला, संतोष शुक्ला, मुकेश शुक्ला, सन्नी गुर्जर, राकेश यादव सहित क्षेत्र के सैकड़ो मानिंद लोग मौजूद रहे।

## महिला जनसुनवाई एवं जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**● सदस्य राज्य महिला आयोग ऋतु शाही की अध्यक्षता में हुआ आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया 7 जुलाई।** सदस्य, राज्य महिला आयोग ऋतु शाही की अध्यक्षता में महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं विषयक जागरुकता कार्यक्रम, समीक्षा बैठक तथा महिला जनसुनवाई कार्यक्रम वी.वी.आई.पी. गेस्ट हाउस निरीक्षण भवन के मीटिंग हाल में संपन्न हुआ। महिला जनसुनवाई के दौरान कुल 16 प्रकरण प्रस्तुत हुये, जिसमें 10 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

महिला जनसुनवाई के दौरान अनिल कुमार सोनकर जिला परिवीक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी जैसवार लाल बहादुर, क्षेत्राधिकारी देवरिया, शालिनी श्रीवास्तव जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवरिया, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवरिया, एबीएसए देवरिया, महिला थानाध्यक्ष देवरिया, जिला परिवीक्षा कार्यालय के सैफ खान, श्रवण कुशवाहा, वन स्टाप सेन्टर के प्रबंधक नीतू भारती तथा मीनू जायसवाल मनोवैज्ञानिक आदि मौजूद रहे।

बैठक के दौरान सदस्य ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके बाद कस्तूरबा बालिका विद्यालय भाटपाररानी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सलेमपुर, आंगनबाड़ी केन्द्र परसिया मिश्र तथा वन स्टाप सेन्टर देवरिया का निरीक्षण किया गया। सदस्य द्वारा वन स्टाप सेन्टर देवरिया के परिसर में वृक्षारोपण का कार्य किया।

## श्रावण मास व कांवर यात्रा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

**● श्रद्धालुओं की सुरक्षा व यात्रा मार्गों की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित विभागों को दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया 7 जुलाई।** श्रावण मास एवं कांवर यात्रा के दौरान जनपद के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने की संभावना को देखते हुए जिलाधिकारी दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर यात्रा मार्गों एवं शिवालयों की व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कांवर यात्रा के सभी प्रमुख मार्गों की साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और बैरिकेडिंग समय से पूरी कर ली जाए। यात्रा मार्गों पर कहीं भी बिजली के तार झूलते न हों। विद्युत विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि यात्रा मार्गों पर विद्युत आपूर्ति पूरी तरह सुरक्षित रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि नगर निकाय और जिला पंचायत के माध्यम से यात्रा मार्गों और प्रमुख शिवालयों पर श्रद्धालुओं के लिए शौचालय, पार्किंग, विश्राम स्थल तथा पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था समय से कर ली जाए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट मोड में रखा जाए तथा कांवर यात्रा के दौरान भीड़ वाले स्थानों पर अस्थायी चिकित्सा शिविर एवं एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी समयबद्ध ढंग से दायित्वों का




निर्वहन करें।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कांवर यात्रा के दौरान प्रमुख मार्गों पर यातायात नियंत्रण के लिए ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाएगी। भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस बल के साथ-साथ आवश्यक बैरिकेडिंग भी कराई जाएगी ताकि यात्रा सुगम एवं सुरक्षित ढंग से सम्पन्न हो सके। पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने तथा आवश्यक सुरक्षा उपाय करने के निर्देश दिए। बैठक में संबंधित उप जिलाधिकारी गण,विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नौकरी की आश में बीती उम्र और बेरोज़गारी पर पनपता अपराध, झारखंड की त्रासदी बनती युवा विफलता

झारखंड जिसे कभी उसके समृद्ध खनिज भंडार, हरे-भरे जंगलों, और सांस्कृतिक वैभव के लिए जाना जाता था। आज एक गहरे सामाजिक संकट से गुजर रहा है। यहाँ की धरती के गर्भ में कोयला, लोहा, यूरेनियम और बॉक्साइट छुपे हैं, पर इस धरती पर खड़ा युवा वर्ग जीवन के सबसे मौलिक अधिकार, यानी रोज़गार, से वंचित है। इस राज्य का सबसे बड़ा संकट यह है कि यहाँ एक पूरी पीढ़ी अपनी जवानी नौकरी की तलाश में गंवा चुकी है, और अब उसके हिस्से में बस अधूरी उम्र, थकी उम्मीदें और टूटता आत्मविश्वास रह गया है। यह विडंबना है कि एक राज्य जहाँ से देश को ऊर्जा मिलती है, वहाँ का युवा खुद ऊर्जा विहीन हो चला है। डिग्रियाँ तो उसके पास हैं, पर काम नहीं। सपने तो उसके पास हैं, पर उन्हें देखने की अब हिम्मत नहीं बची। सुबह से शाम तक कोचिंग सेंटरों की चहल-पहल और पुस्तकालयों की भीड़ यह धोखा देती है कि सब कुछ सामान्य है, लेकिन उन आँखों की थकावट और चेहरों की चुप्पी चीख-चीखकर बताती है कि कुछ बहुत ग़लत हो रहा है। सरकारी नौकरियों की परीक्षाएँ सालों तक नहीं होतीं, और जब होती हैं तो परिणाम आने में वर्षों लग जाते हैं। किसी परीक्षा में गड़बड़ी होती है, तो किसी में कोर्ट का स्टे। किसी में नियुक्ति प्रक्रिया शुरू ही नहीं होती, तो किसी में राजनीतिक दखल नियुक्ति को रोक देता है। यह प्रक्रिया युवाओं के विश्वास को पूरी तरह चकनाचूर कर चुकी है। इस सामाजिक असंतुलन की सबसे ख़तरनाक परिणति यह है कि बेरोज़गारी अब अपराध को जन्म देने लगी है। जब जीवन जीने के साधन उपलब्ध नहीं होते, तो लोग असामान्य रास्ते अपनाने को मजबूर हो जाते हैं। झारखंड के कई जिलों में छोटे अपराधों से लेकर साइबर क्राइम, नशाखोरी, गैंग सक्रियता, जबरन वसूली, और चरमपंथ की ओर झुकाव की घटनाएँ बढ़ रही हैं। यह किसी विदेशी षड्यंत्र का परिणाम नहीं, बल्कि बेरोज़गारी से उपजे आंतरिक असंतोष का विस्फोट है। जब एक पढ़ा-लिखा युवा यह महसूस करता है कि समाज ने उसे धोखा दिया है, तो वह अपनी कुंठा को कभी खुद के विरुद्ध, तो कभी समाज के विरुद्ध मोड़ देता है। आत्महत्याओं की संख्या में हुई वृद्धि और अवसाद से जूझते युवाओं की संख्या इसका गवाह है। शिक्षा को जब तक रोजगार से नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक यह समस्या नहीं सुलझेगी। आज भी झारखंड में शिक्षा की संरचना औपनिवेशिक ढांचे में जकड़ी हुई है। स्कूलों और कॉलेजों में जो पढ़ाया जा रहा है, उसका न तो स्थानीय परिस्थितियों से संबंध है, न ही बाज़ार की ज़रूरतों से। बेरोज़गारी का यह चेहरा ग्रामीण क्षेत्रों में और भी भयावह है, जहाँ न तो शिक्षा की समुचित सुविधा है, न ही प्रशिक्षण का आधारभूत ढांचा। आदिवासी इलाकों में युवाओं के पास न तो रोज़गार की स्पष्ट दिशा है और न ही कोई वैकल्पिक सहारा। इस स्थिति का फायदा उठाकर कई चरमपंथी संगठन और सामाजिक विघटनकारी ताकतें उन्हें बहकाने का काम कर रही हैं। रांची, जो राज्य की राजधानी है और जिसे झारखंड का शैक्षणिक और प्रशासनिक केंद्र माना जाता है, वहाँ भी हालात कम चिंताजनक नहीं हैं। यहाँ के विश्वविद्यालयों में छात्र वर्षों से परीक्षा परिणाम का इंतज़ार करते हैं। सरकारी विभागों में रिक्त पदों की संख्या हज़ारों में है, लेकिन बहाली की प्रक्रिया वर्षों से ठप पड़ी है। शिक्षकों, पुलिसकर्मियों, क्लर्कों, तकनीकी सहायकों, स्वास्थ्य कर्मियों जैसे मूलभूत पदों की बहाली न होने से केवल बेरोज़गारी ही नहीं बढ़ी है, बल्कि सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता भी गिरती जा रही है। दुखद यह है कि यह बेरोज़गारी केवल नौकरी का संकट नहीं है, बल्कि यह पहचान, आत्मसम्मान और सामाजिक स्वीकार्यता का भी संकट है। एक बेरोज़गार युवक न केवल आर्थिक रूप से बल्कि सामाजिक रूप से भी हाशिये पर डाल दिया जाता है। परिवार की उम्मीदें, समाज की दृष्टि, और रिश्तों की कठोरता उसे भीतर ही भीतर तोड़ देती है। एक पढ़ा-लिखा युवा जब चाय की दुकान खोलने को मजबूर होता है, तो यह उसकी मेहनत की नहीं, बल्कि व्यवस्था की हार है। यह संकट झारखंड की बेटियों पर भी उतना ही भारी है। लड़कियाँ शिक्षा में आगे बढ़ी हैं, उन्होंने विश्वविद्यालयों और प्रतियोगी परीक्षाओं में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, लेकिन नौकरी न मिलने और असुरक्षित वातावरण के कारण वे या तो घर बैठ जाती हैं या मजबूरीवश विवाह कर लेती हैं। उनका आत्मबल धीरे-धीरे गल जाता है, और समाज एक और सशक्त नागरिक को खो देता है। इससे राज्य की महिला सशक्तिकरण की प्रक्रिया भी गंभीर रूप से प्रभावित होती है। बेरोज़गारी के इस संकट ने पलायन को भी जन्म दिया है। झारखंड से हज़ारों युवक-युवतियाँ हर साल राज्य छोड़कर दिल्ली, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु जैसे महानगरों में छोटे-मोटे काम कर रहे हैं। उन्हें वहाँ सम्मान नहीं मिलता, सुरक्षा नहीं मिलती, लेकिन दो वक्त की रोटी ज़रूर मिलती है। यह पलायन केवल जनसंख्या का नहीं, बल्कि प्रतिभा, श्रम और संभावना का पलायन है। जब कोई युवा अपनी युवाशक्ति अपने राज्य को नहीं दे पाता, तो उसका विकास भी दीर्घकालीन नहीं हो सकता। सरकारी स्तर पर बेरोज़गारी की चुनौती से निपटने के प्रयास तो दिखते हैं, लेकिन वे या तो काग़ज़ों तक सीमित हैं या चुनावी घोषणाओं तक। योजनाएँ बनती हैं, पोर्टल लांच होते हैं, कौशल विकास कार्यक्रमों की घोषणाएँ होती हैं, लेकिन ज़मीनी हकीकत अलग है। जिन युवाओं को स्वरोज़गार की ओर प्रेरित किया जाता है, उन्हें पूंजी नहीं मिलती, प्रशिक्षण नहीं मिलता, बाज़ार नहीं मिलता। बेरोज़गारी हटाने का भार केवल स्टार्टअप या डिजिटल इंडिया जैसे जुमलों पर डाल देना एक अपरिपक्व राजनीतिक दृष्टिकोण है। झारखंड को चाहिए एक व्यापक, यथार्थपरक और स्थानीय आवश्यकताओं पर आधारित युवा नीति। यह नीति केवल नौकरी देने की बात न करे, बल्कि युवाओं के लिए सम्मानजनक आजीविका सुनिश्चित करने का ढांचा खड़ा करे। राज्य के संसाधनों का लाभ सबसे पहले यहाँ के युवाओं को मिले। यह नीति की प्राथमिकता हो। खनन, निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और सेवा क्षेत्र में रोज़गार सृजन की स्पष्ट, पारदर्शी और जवाबदेह योजना लागू की जाए। स्कूलों और कॉलेजों के पाठ्यक्रम को व्यावसायिक आवश्यकताओं से जोड़ा जाए, ताकि डिग्री के साथ-साथ हुनर भी विकसित हो। सरकार को भर्ती प्रक्रियाओं को समयबद्ध, तकनीकी रूप से सुरक्षित और न्यायपूर्ण बनाना होगा। नियुक्तियों में देरी, कोर्ट केस और घोटालों ने पूरी पीढ़ी को हताश कर दिया है। यदि झारखंड को पुनः युवा ऊर्जा से भरना है, तो उसे अपने युवाओं को प्राथमिकता पर रखना ही होगा। समाज को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। बेरोज़गार युवाओं को अपमानित करने के बजाय उन्हें सहारा देने की मानसिकता विकसित करनी होगी। हमें यह समझना होगा कि बेरोज़गारी व्यक्तिगत नहीं, सामूहिक विफलता है। जब एक योग्य युवक या युवती समाज से कट जाता है, तो पूरा समाज अपनी संभावनाओं को खो देता है। झारखंड अब उस मोड़ पर खड़ा है जहाँ यदि बेरोज़गारी के इस संकट को नहीं रोका गया, तो यह केवल सामाजिक असंतुलन नहीं, बल्कि एक दीर्घकालीन जनसांख्यिकीय आपदा बन जाएगा। हमारे पास समय है, साधन है, और युवाओं की अपार ऊर्जा है बस ज़रूरत है उस ईमानदार राजनीतिक इच्छाशक्ति की जो यह समझे कि एक राज्य की असली ताकत उसके खदान नहीं, उसके युवाओं की आँखों में पलते सपने होते हैं। उन सपनों को टूटने से बचाना, उन्हें दिशा देना, और उन्हें उड़ान देना, यही झारखंड की पुनर्रचना का रास्ता है। वरना हम सिर्फ़ विकास की गाथा गाते रहेंगे, और पीछे एक बुझती हुई पीढ़ी की सिसकियाँ गूंजती रहेंगी जिन्हें न इतिहास याद रखेगा, न भविष्य।

**अमित कुमार**

# ज्योतिरादित्य को खानसामा मत समझिये, वे महाराज ही हैं



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की इस तस्वीर को देखकर आजकल कहा जा रहा है कि भाजपा ने पांच साल में ही महाराज (राजा)को महाराज(खानसामा )बना दिया. लेकिन मैं इस धारणा से इत्तफाक नहीं रखता. मेरी मान्यता है कि भाजपा में आकर भी ज्योतिरादित्य के भीतर का सामंत जैसा पहले था, ठीक वैसा ही आज भी है बल्कि आज पहले के मुकाबले ज्यादा सुकून में है. सिंधिया परिवार में सौजन्यता, विनम्रता और सामंतवाद का दुर्लभ लक्षण है. मै पिछले पांच दशक से इसे बहुत नजदीक से देख रहा हूँ. ज्योतिरादित्य की दादी राजमाता स्वर्गीय विजयाराजे सिंधिया को ममत्व और त्याग की मूर्ति कहा जाता था. वे थी भी बहुत साधारण. राजपथ छोडकर लोकपथ पर आने वाली वे सिंधिया घराने की पहली महिला थीं. वे साहसी थीं, भावुक थीं और जिद्दी भी. उनकी तुनकमिजाजी खास मौकों पर ही प्रकट होती थी।

राजमाता को भी मैने अपने हाथों से अपने अतिथियों को भोजन परोसते देखा है. 1980के आसपास जब मै नया-नया पत्रकार था तब मैने भी उनके हाथों परोसा भोजन किया है. मुझे तो वे बुंदेली होने के नाते अतिरिक्त तवज्जो देतीं थीं लेकिन उन्हें भाजपा या जनसंघ या राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने विनम्र नहीं बनाया था. ये विनम्रता जीवन के तमाम उतार-चढाव की वजह से उनके जीवन में आयी थी. यदि मैं इन उतार -चढावों के बारे में लिखूंगा तो मामला बेहद निजी हो जाएगा. लेकिन संकेतों से समझिये कि उन्हे राजनीति और निजी जीवन में जो खट्टे -मीठे अनुभव मिले, उनसे वे विनम्र हुई. राजमाता के पुत्र स्वर्गीय माधवराव सिंधिया तो अपनी माँ और बेटे के मुकाबले हजार गुना अधिक विनम्र और दो हजार गुना ज्यादा सामंत थे. लेकिन उन्हे जनसंघ या कांग्रेस ने विनम्र नहीं बनाया था. वे भी अपनी मां की तरह जीवन की कडवी सच्चाई से दो -चार होते हुए विनम्र बने थे. वे भी अपने मेजवानों को अपने हाथ से खाना परोसने में ही हीं बल्कि निजी आयोजनों में और कुछ भी परोसने में संकोच नहीं करते थे. उनके साथ एक पत्रकार के नाते मेरा लंबा रिश्ता रहा. मैं उनका धुर विरोध रता था किंतु वे मेरे प्रति विनम्र ही रहे. रही बात ज्योतिरादित्य की तो उन्हे मैने उनकी किशोरावस्था से देखा है. उनका पहला साक्षात्कार उनके पिता के कहने पर आजतक के लिए मैने ही किया था. माधवराव सिंधिया के आकस्मिक निधन के बाद राजनीति में आए ज्योतिरादित्य के साथ पहली बार शिवपुरी में प्रेस से मैने ही उन्हे रूबरू कराया था. लेकिन 2000 के ज्योतिरादित्य और आज के ज्योतिरादित्य में कोई तब्दीली आई हो ऐसा मुझे नहीं लगता. उनकी विनम्रता, उनकी सादगी, उनका सौजन्य परिस्थितिजन्य है. ज्योतिरादित्य को भी ढाई दशक की राजनीति ने बहुत कुछ अभिनय करना सिखा दिया है. उन्होने राजनीति में सम्मान, तिरिष्कार, पराजय, अपमान सब देखा है. भाजपा में जब वे शामिल हुए थे तब घबडाए हुए थे लेकिन वे आज भाजपा में अपने आपको पूरी तरह सुरक्षित महसूस करते हैं. भाजपा में ज्योतिरादित्य का आत्मविश्वास तब से और बढा है जबसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक रूप से अपना दामाद कहा है. ज्योतिरादित्य को अपने परिवार के साथ जिन लोगों ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के सामने हाथ बांधे खडे देखा था वे भी भ्रम में हैं और वे भी भ्रम में हैं जो समरसता सम्मेलन में ज्योतिरादित्य को मुख्यमंत्री के साथ खाना परोसते देख ये समझ बैठे हैं कि महाराजाधिराज खाना परोसने वाले महाराज बन गये हैं. ज्योतिरादित्य बिल्कुल नहीं बदले. उनमें अपनी दादी की तरह बगावत करने का भी जज्बा है और अपने पिता स्वर्गीय माधवराव सिंधिया की तरह शतुरमुर्गी मुद्रा अपनाने का साहस भी।


ज्योतिरादित्य अब बहुत परिपक्व हो चुके हैं. उनका एक मात्र लक्ष्य कहिये या सपना या महात्वाकांक्षा वो है अपनी आंखों के सामने अपने बेटे को संसद में भेजना. भाजपा में सिंधिया का रास्ता निष्कंटक है. उनके परम विरोधी जयभान सिंह पवैया उनके बगलगीर हैं. प्रभात झा रहे नहीं. नरेंद्र सिंह तोमर ठंडी आग बन चुके हैं. मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से ज्योतिरादित्य ने पेंगे बढा ही ली है. पिछले पांच साल में ज्योतिरादित्य ने न केवल भाजपा संगठन में बल्कि आर एस एस में भी जगह बना ली है.. आपको याद होगा कि संघ तो अपने जन्म से ही सिंधिया परिवार का ऋणी है. ज्योतिरादित्य की दादी ने संघ, जनसंघ और भाजपा को तमाम संपत्ति न्यौछावर में दे दी थी.इसलिए फोटो देखकर भ्रम पालना छोड दीजिये मित्रों।

**राकेश अचल**

# दैनिक राशिफल



डॉ.कौशलेन्द्र पाण्डेय
ज्योतिष सेवा केन्द्र लखनऊ




**मेष**-पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। आनंद के साथ समय व्यतीत होगा। मनपसंद व्यंजनों का लाभ मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। किसी व्यक्ति से बहस हो सकती है। आशंका-कुशंका से बाधा होगी।

**वृष**-ऐश्वर्य के साधनों पर खर्च होगा। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है। भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। विवेक से कार्य करें।

**मिथुन**-यात्रा लाभदायक रहेगी। राजकीय सहयोग मिलेगा। सरकारी कामों में सहूलियत होगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर में सुख-शांति रहेंगे। कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टनरों से सहयोग मिलेगा। झंझटों में न पड़ें।

**कर्क**-चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दौड़धूप रहेगी। नकारात्मकता हावी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**सिंह**-चोट व रोग से कष्ट हो सकता है। बेचैनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। परिवार तथा मित्रों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी।

**कन्या**-सामाजिक कार्य करने में मन लगेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला**-यात्रा लाभदायक रहेगी। संतान पक्ष से बुरी खबर मिल सकती है। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। नए उपक्रम प्रारंभ करने संबंधी योजना बनेगी।

**वृश्चिक**-दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है। फालतू खर्च पर नियंत्रण नहीं रहेगा। हल्की मजाक करने से बचें। अपेक्षित काम में विलंब होगा। बेकार की बातों पर ध्यान न दें। अपने काम से काम रखें। लाभ के अवसर मिलेंगे। विवेक का प्रयोग करें। आय में वृद्धि होगी।

**धनु**-बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें। उत्साह रहेगा।


**मकर**-पुरानी संगी-साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। फालतू खर्च होगा। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जल्दबाजी न करें।

**कुंभ**-सामाजिक कार्य करने का मन लगेगा। मान-सम्मान मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शत्रु तथा ईर्ष्यालु व्यक्तियों से सावधानी आवश्यक है। समय की अनुकूलता है।

**मीन**-स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा, सावधानी रखें। बुरी खबर मिल सकती है। भागदौड़ अधिक रहेगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। मेहनत अधिक होगी। लाभ में कमी रह सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय-व्यापार मनोनुकूल चलेगा। आय बनी रहेगी।

# संपादकीय

## झारखंड में लौह अयस्क की खेती समृद्धि की चमक या विस्थापन की सिसकियाँ?



झारखंड की धरती धातुओं की धमनियों से भरपूर है। यह राज्य केवल खनिजों का भंडार नहीं, बल्कि भारत के औद्योगिक विकास का आधारस्तंभ भी है। लौह अयस्क यह एक ऐसा खनिज है, जिसने झारखंड को दुनिया के आर्थिक मानचित्र पर प्रतिष्ठा दिलाई, लेकिन उसी लौह अयस्क ने इस राज्य के कई गाँवों, जंगलों और जनजातीय परंपराओं को विस्थापन और विध्वंस के गर्त में भी धकेल दिया। इस लेख में हम न केवल लौह अयस्क के खनन की आर्थिक और औद्योगिक भूमिका पर विचार करेंगे, बल्कि उसके सामाजिक, पर्यावरणीय और राजनीतिक प्रभावों को भी समझने की कोशिश करेंगे। खासकर रांची के संदर्भ में, जो इस पूरे समीकरण का नीति-निर्माता और प्रभावग्राही दोनों है।झारखंड की लौह अयस्क सम्पदा का सबसे बड़ा भंडार पश्चिम सिंहभूम जिले में स्थित है। किरीबुरू, मेघाहातुबुरू, चिरिया, गुआ, नोआमुंडी जैसे खनन केंद्र वर्षों से भारत की इस्पात नीति के मूल स्तंभ बने हुए हैं। टाटा स्टील और सेल जैसी राष्ट्रीय कंपनियों ने यहाँ गहरे निवेश किए हैं। नोआमुंडी की धरती, जो कभी आदिवासी बच्चों की कहानियों में आती थी, अब लौह अयस्क खनन के शोर में खो गई है। हजारों टन लौह अयस्क हर दिन इस मिट्टी से निकलता है, स्टील प्लांट्स को जाता है, ट्रेन से देश के कोने-कोने में पहुँचता है पर जिस गाँव से यह निकलता है, वहाँ के बच्चे अब भी स्कूल के लिए जूझते हैं, खेत सूखते जा रहे हैं, और जंगल सिसकियों में तब्दील हो चुके हैं। वहीं दूसरी ओर, झारखंड की राजधानी रांची इस संपूर्ण खनन प्रक्रिया की मूक संरचना और मुखर सत्ता दोनों है। यहाँ वह सचिवालय है, जहाँ खनन के अनुबंध पर हस्ताक्षर होते हैं। यहीं की बैठकें तय करती हैं कि किस खदान को कितना पट्टा दिया जाएगा, किस कंपनी को कितना लाभांश मिलेगा। पर रांची केवल निर्णय केंद्र नहीं है यह भी अब खनन के प्रत्यक्ष प्रभावों की चपेट में आने लगा है। रांची के आसपास के ब्लॉकों नामकुम, सोनाहातु, बुंडू, तमाड़ में कई छोटी और मध्यम श्रेणी की खदानें वर्षों से कार्यरत हैं। यहाँ लौह अयस्क की मात्रा भले ही सिंहभूम जैसी विशाल न हो, पर इनका पर्यावरणीय प्रभाव गहरा है। नामकुम और सोनाहातु जैसे क्षेत्रों में जलस्रोतों पर प्रभाव, वन कटाव, भूमि क्षरण और किसानों की जीविका पर संकट साफ देखा जा सकता है। रांची के इर्द-गिर्द जो हरियाली एक समय इस शहर की पहचान थी, वह अब धीरे-धीरे उद्योगों और खनन गतिविधियों की भेंट चढ़ती जा रही है। कई ग्रामीणों ने अपने खेत बेच दिए, या दबाव में बेचे, और अब वे खनन मजदूर बन चुके हैं जिन्हें अस्थायी मजदूरी, स्वास्थ्य जोखिम और सामाजिक अनिश्चितता के सिवा कुछ नहीं मिला। रांची का दूसरा पहलू और भी महत्वपूर्ण है यह विरोध और जन-संघर्ष की भूमि भी है। यहाँ पेसा अधिनियम की चेतना है, पाँचवीं अनुसूची की भावना है, और जनजातीय अधिकारों की लड़ाई की दीर्घ परंपरा है। टाना भगत आंदोलन से लेकर भूमि अधिग्रहण विरोध तक, रांची ने हमेशा सत्ता को चुनौती देने की नैतिक शक्ति दिखाई है। राजधानी में बैठा प्रशासन अगर कॉर्पोरेट को खनन की खुली छूट देता है, तो यही रांची उसके विरोध में आदिवासी जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं को भी जन्म देती है जो यह सवाल करते हैं कि लौह अयस्क से उपजे अरबों रुपये के राजस्व में गाँव का क्या हिस्सा है? क्या यह राज्य अपने ही लोगों की कीमत पर राष्ट्र को धातु समर्पित कर रहा है? वित्तीय वर्ष 2022-23 में झारखंड सरकार को लौह अयस्क खनन से 75,000 करोड़ रुपये से अधिक का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष राजस्व प्राप्त हुआ। पर यह धन कहाँ खर्च हुआ? सिंहभूम और रांची के ग्रामीण अंचलों में कितने विद्यालय बने? कितने अस्पताल स्थापित हुए? कितने विस्थापित परिवारों को स्थायी और गरिमामय पुनर्वास मिला? यह सवाल आज भी मौन के गर्त में पड़े हुए हैं। कंपनियाँ कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के नाम पर टिन की छतों और पानी की टंकियों से आगे नहीं बढ़तीं। रांची में बैठी सरकार भी खनिज नीति को राजस्व केंद्रित बनाकर सामाजिक न्याय की गारंटी नहीं दे पा रही है।आज आवश्यकता है कि रांची, केवल प्रशासनिक राजधानी नहीं, नैतिक नेतृत्व का केंद्र बने। वहाँ से ऐसी नीतियाँ बनें जो खनन के लाभ को केवल राज्य की तिजोरी तक सीमित न रखें, बल्कि उसे गाँव, जन और जंगल तक पहुँचाएं। ग्राम सभा की अनिवार्य अनुमति को कागज़ी दस्तावेज़ न बनने दिया जाए, बल्कि उसे सामाजिक स्वीकृति की मूलधारा में लाया जाए। पर्यावरण प्रभाव आकलन केवल रजिस्टर में अंकित संख्या न रहे, बल्कि उसकी सामाजिक व्याख्या और ज़मीनी निगरानी सुनिश्चित हो। और सबसे बढ़कर, लौह अयस्क खनन को केवल उत्पादन की इकाई नहीं, एक जीवित भूगोल के रूप में देखा जाए। रांची को चाहिए कि वह तकनीकी विकास और जन सरोकार के बीच संतुलन का मॉडल बने। अगर राजधानी खुद अपने आसपास के क्षेत्रों में खनन और उसके प्रभावों का न्यायोचित नियंत्रण नहीं कर सकती, तो वह दूर-दराज़ के आदिवासी गाँवों को कैसे संरक्षण दे पाएगी? झारखंड का लौह अयस्क, केवल भारत की इस्पात उद्योग की रीढ़ नहीं है, वह एक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक यथार्थ भी है। उसकी खेती तभी न्यायपूर्ण मानी जा सकती है, जब उसके लाभों में उस हाथ की भागीदारी हो जो धरती में गहराई तक अपनी जड़ें रोपे हुए है। रांची, जिसे राज्य की चेतना कहा जाता है, उस चेतना को अब दायित्व में बदलने का समय आ गया है। एक ऐसा दायित्व जो लौह अयस्क की समृद्धि को झारखंड के जनजीवन की गरिमा से जोड़ सके।

**हंसराज चौरसिया**

# विदेशी फंडिंग से चलता है धर्मपरिवर्तन का सुनियोजित षडयंत्र

उत्तर प्रदेश एटीएस की जांच में धर्म परिवर्तन से जुड़े एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। मुख्य आरोपी झांगुर बाबा उर्फ जलालुद्दीन और उसके साथियों ने पूछताछ में कबूल किया है कि वे जाति के आधार पर लड़कियों को इस्लाम मत अपनाने के लिए लालच और डर का सहारा लेते थे। गिरफ्तार झांगुर बाबा ने बताया कि धर्म परिवर्तन के लिए लड़कियों को मोटी रकम दी जाती थी। खासकर ब्राह्मण, क्षत्रिय और सिख समुदाय की लड़कियों के धर्मांतरण पर 15 से 16 लाख रुपये खर्च किए जाते थे। पिछड़ी जाति की लड़कियों के लिए यह राशि 10 से 12 लाख रुपये और अन्य जातियों के लिए 8 से 10 लाख रुपये थी। गिरोह पहले लड़कियों से दोस्ती करता, फिर उन्हें प्यार, शादी, नौकरी और पैसे का लालच देकर अपने जाल में फंसाता था। जब लड़कियां इंकार करती थीं, तो उन्हें धमकाया जाता और मजबूरन धर्म परिवर्तन कराया जाता। कुछ मामलों में तो ब्लैकमेल और मानसिक प्रताड़ना का भी इस्तेमाल हुआ। अगर कोई लड़की धर्म परिवर्तन के लिए राजी नहीं होती थी, तो उसे डराया धमकाया जाता था। कई बार फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी जाती थी। इस तरह से जबरन धर्म परिवर्तन कराए गए मामलों में पीड़ितों को कोई आर्थिक सहायता नहीं दी जाती थी।

गिरोह के कई सदस्य अब तक 40 बार इस्लामिक देशों की यात्रा कर चुके हैं। इन यात्राओं का खर्च विदेश से होने वाली फंडिंग से उठाया गया। एटीएस को इन आरोपों से जुड़े बैंक खातों में कई संदिग्ध लेनदेन के सबूत मिले हैं, जिनका संतोषजनक जवाब झांगुर बाबा नहीं दे पाया है। एटीएस ने बताया कि इस गिरोह में झांगुर बाबा के अलावा महबूब, पिंकी हरिजन, हाजिरा शंकर, एमेन रिजवी (जो खुद को पत्रकार बताता है), और सगीर शामिल हैं। इसके अलावा एक सिंधी दंपत्ति, जिसने इस्लाम धर्म अपना लिया था, भी गिरोह के हर काम में सहयोग करते थे। इस गिरोह के खिलाफ देवगांव (जिला आजमगढ़) थाने में 2023 में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। वहीं, हाल ही में गोमतीनगर के विशालखंड इलाके में इस गिरोह के शिकार हुए 15 लोगों ने विधिवत रीति-रिवाज से हिंदू धर्म में वापसी की है। धर्म में वापसी करने वाले लोगों ने पुलिस को बताया कि किस तरह उन्हें पहले प्रेम और शादी का झांसा दिया गया, फिर जबरन धर्म बदलवाया गया। कुछ को नौकरी और पैसों का लालच दिया गया, तो कुछ को ब्लैकमेल कर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। अब एटीएस इस पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है। विदेश से फंडिंग, संदिग्ध बैंक ट्रांजेक्शन, यात्राओं और गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है आप को बता दें कि उत्तर प्रदेश में अवैध धर्मांतरण के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए यूपी एटीएस ने जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा को गिरफ्तार किया है. इसी मामले में दर्ज एफआईआर के आधार पर दूसरी आरोपी नीतू रोहरा उर्फ नसरीन को भी गिरफ्तार कर लिया गया है. जांच एजेंसियों के अनुसार, जमालुद्दीन खुद को हाजी पीर जलालुद्दीन के नाम से प्रचारित करता है, उस पर लड़कियों को बहला-फुसलाकर जबरन धर्मांतरण करवाने का आरोप है. हर जाति की लड़कियों का रेट फिक्स था. वह बलरामपुर के उटरौला कस्बे में एक लंबे समय से धर्मांतरण का नेटवर्क चला रहा था. इस नेटवर्क के लिए कथित तौर पर विदेशों से 100 करोड़ रुपये से अधिक की फंडिंग भी मिलने की बात सामने आ रही ह्रैष्ठत्रक्र( लॉ एंड ऑर्डर) अमिताभ यश ने बताया कि यूपी एसटीएफ को सूचना मिली थी कि बलरामपुर जिले के उटरौला कस्बे में एक व्यक्ति छांगुर बाबा उर्फ जमालुद्दीन बाबा, खुद को हाजी पीर जलालुद्दीन के नाम से प्रचारित करता है, वह एक संगठित धर्मांतरण नेटवर्क चला रहा है।

जांच के दौरान पता चला कि आरोपी अपने एजेंटों के जरिए लड़कियों को बहलाकर धर्मांतरण के लिए प्रेरित करता था. यह भी सामने आया है कि इस नेटवर्क को 100 करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी फंडिंग मिली है, जिसका इस्तेमाल धर्मांतरण के काम में किया जा रहा था. एडीजीपी के मुताबिक, जमालुद्दीन बाबा ने अब तक 40 से 50 बार इस्लामिक देशों की यात्रा की है. जांच में यह भी पाया गया है कि बलरामपुर में उसने कई संपत्तियां भी खरीदी हैं. उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और यूपी एटीएस जांच कर रही। फिलहाल इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और एसटीएफ का कहना है कि इस नेटवर्क की पहुंच पूरे भारत में फैली हुई है. विदेशी फंडिंग खासकर खाड़ी देशों से आने की बात सामने आई है, जिसकी जांच की जा रही है. एडीजीपी ने यह भी संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में और लोगों की गिरफ्तारी हो सकती है. जांच एजेंसियां पूरे नेटवर्क की परतें खोलने में जुटी हैं. पुलिस इस मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक सौहार्द से जोड़कर देख रही है. यूपी एसटीएफ और एटीएस की संयुक्त कार्रवाई में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस अब इस पूरे रैकेट से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है और संभावना है कि जल्द ही और गिरफ्तारियां हो सकती हैं.

बलरामपुर जिले के ग्राम मधपुर, थाना उटरौला से छांगुर बाबा, नसरीन और महबूब समेत कई संदिग्धों के खिलाफ शिकायत मिली थी. आरोप है कि उन्होंने एक साल में ही विदेशी फंडिंग से बंगले, लग्ज़री गाड़ियां और शोरूम खरीदे. जांच में पता चला कि छांगुर बाबा उर्फ जमालुद्दीन, मुंबई के निवासी नवीन घनश्याम रोहरा, उनकी पत्नी नीतू और बेटी समाले का ब्रेनवॉश कर उन्हें इस्लाम अपनाने के लिए प्रेरित किया गया. धर्म बदलने के बाद तीनों ने जमालुद्दीन, नसरीन और सबीहा नाम रख लिया.लखनऊ की गुंजा गुप्ता को आरोपी अबू अंसारी ने खुद को अमित बताकर प्रेमजाल में फंसाया और फिर छांगुर बाबा की दरगाह ले जाकर नीतू रोहरा और जमालुद्दीन की मदद से ब्रेनवॉश कर इस्लाम कबूल करवाया गया. उसका नया नाम अलीना अंसारी रखा गया. गिरोह के पास धर्मांतरण की बाकायदा फीस तय थी.ब्राह्मण/क्षत्रिय/सरदार लड़कियों के लिए- ?15-16 लाख पिछड़ी जाति की लड़कियों के लिए-10-12 लाख।अन्य जातियों के लिए- 8-10 लाख।गिरोह ने लगभग 40 से 50 बार इस्लामिक देशों की यात्रा की है. इनके पास 40 से ज्यादा बैंक खाते हैं जिनमें 100 करोड़ से अधिक का लेनदेन हुआ है. छांगुर बाबा, महबूब, पिंकी हरिजन, हाजिरा शंकर, एमेन रिजवी (कथित पत्रकार), सगीर, और नीतू रोहरा गरीबों और असहायों को धर्म बदलने का दबाव देते थे. बात न मानने पर मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जाती थी. आजमगढ़ के देवगांव थाने में भी छांगुर बाबा के सहयोगियों और रिश्तेदारों के खिलाफ अवैध धर्मांतरण का मुकदमा दर्ज है.समझा जा सकता है कि अभी जांच में कुछ और बड़े खुलासे होने की संभावना है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### वन महोत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा कस्बा में स्थित राजकीय कन्या इंटर कालेज परिसर में सोमवार को उत्तरी चौंक रेन्ज के रेंजर आरपी सिंह के नेतृत्व में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नौतनवा ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार मद्धेशिया व विशिष्ट अतिथि सीओ जय प्रकाश त्रिपाठी रहे। वन महोत्सव कार्यक्रम में मुख्य व विशिष्ट अतिथि के द्वारा पौधारोपण किया गया तथा अगामी 9 जुलाई को होने वाले वृक्षारोपण महाअभियान के विषय में एक गोष्ठी के माध्यम से लोगों को पेड़-पौधे को लेकर जागरूक किया गया। साथ ही मौजूद लोगों में पौधे का वितरण भी किया गया। इस दौरान नौतनवा ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार मद्धेशिया ने कहा कि पर्यावरण को सही रखने के लिए वृक्षारोपण किया जाना चाहिए। एक पेड़ मां के नाम पर सभी लोगों को पेड़ लगाना चाहिए। वहीं उत्तरी चौंक रेन्ज के रेंजर आरपी सिंह ने बताया कि 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव कार्यक्रम चल रहा है ऐसे में लोग अधिक से अधिक लगाएं। इस मौके पर उत्तरी चौंक रेन्ज के घोड़हवा चौकी फारेस्टर जितेन्द्र कुमार गौड़, नगर पालिका अध्यक्ष बृजेश मणि त्रिपाठी, कन्या इंटर कालेज की प्रधानाचार्या सुलेखा त्रिपाठी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत साइकिल रैली का आयोजन



**रतनपुर/महराजगंज।** एसएसबी 22वीं वाहिनी के भगवानपुर बीओपी कमांडेंट दल साड़ियां हरसुखलाल के नेतृत्व में सोमवार को अहिरौली में स्थित श्रीमती भानमती देवी मेमोरियल स्कूल के विद्यार्थियों व स्थानीय लोगों तथा सशस्त्र सीमा बल के जवानों द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत साईकिल रैली का आयोजन किया गया है। बीओपी कमांडेंट ने साईकिल रैली कार्यक्रम में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि साईकिल चलाने से स्वास्थ्य अच्छा रहता है तथा साईकिल चलाने से पूरे शरीर का व्यायाम होता है। यह पहल समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने एवं लोगों को सक्रिय जीवन शैली अपनाने हेतु प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साईकिल रैली विद्यालय परिसर से निकल कर बार्डर रोड होते हुए अहिरौली गांव तक पहुंचा। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधक श्याम बिहारी यादव, श्याम कुमार लालजी, संदीप सिंह,तजामुल्लाह सहित सशस्त्र सीमा बल के जवान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### कृष्ण चंद्र पाण्डेय बने जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव



**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवपुरी निवासी कृष्ण चंद्र पाण्डेय को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के अनुमोदन पर तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में दुसरी बार जिला महासचिव सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया है। कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव के पद पर मनोनीत होने पर कृष्ण चंद्र पाण्डेय ने बताया कि जिस तरह पार्टी ने दुबारा हमे यह अवसर दिया है मैं तन मन और धन से पार्टी के हित में काम करूंगा तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए दिन रात अथक प्रयास करते हुए पार्टी का हर आदेश का पालन करूंगा। कृष्ण चंद्र पाण्डेय को पुनः कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव बनाए जाने पर नौतनवां ब्लाक उपाध्यक्ष उमेश साहनी, संतोष वर्मा, अवधेश्वर मिश्रा, अनिरुद्ध यादव, इन्द्रेश चौधरी, दिलीप कुमार, जमाल अहमद, सुरेश यादव, सुनैना देवी, गजेन्द्र पाण्डेय सहित अन्य लोगों ने पहुंचकर फूलमाला पहनाकर बधाई दी।

# सोनभद्र के चोपन ब्लॉक में टूटा पुल बना मौत का घर योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त दावों पर गंभीर सवाल

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र-** उत्तर प्रदेश सोनभद्र जिले के चोपन ब्लॉक स्थित परसोई नया टोला से ओबरा को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग पिछले एक साल से भी अधिक समय से टूटे हुए पुल के कारण मौत का घर बन गया है। इस पुल की जर्जर हालत ने स्थानीय निवासियों में भारी डर और आक्रोश पैदा कर दिया है। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि पुल इतना क्षतिग्रस्त हो चुका है कि इस पर से गुजरना हर पल जानलेवा साबित हो सकता है। इसी भयावह स्थिति के कारण सवारी बसों ने इस रास्ते से चलना बंद कर दिया है, जिससे छात्रों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, पिकअप और अन्य छोटे वाहन चालक भी हर पल दुर्घटना के खौफ में आवागमन कर रहे हैं। यह केवल एक ढांचागत विफलता मात्र नहीं, बल्कि जनता के भरोसे और सरकारी धन के घोर दुरुपयोग का जीता-जागता और अक्षम्य उदाहरण बन गई है। स्थानीय निवासी छेदीलाल सेठ ने इस स्थिति पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए साफ तौर पर कहा है कि यह कोई विकास नहीं, बल्कि बंदरबांट का सीधा उदाहरण है। उनके अनुसार, अधिकारी और जनप्रतिनिधि एक साल से ज़्यादा समय से इस टूटे पुल को यूं ही छोड़, हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। ऐसा लगता है कि वे किसी बड़ी दुर्घटना का इंतज़ार कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया है कि यह पुल महज लगभग 4 से 5 साल पहले ही बना था, और इतनी जल्दी इसके जर्जर होकर टूट जाने से




निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह साफ तौर पर दर्शाता है कि पुल के निर्माण में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। यह सिर्फ एक पुलिया नहीं, बल्कि जनता के पैसों और भरोसे पर किया गया मज़ाक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कर्मठता और ईमानदारी की छवि के बावजूद, उनके ही अफसर उनके भ्रष्टाचार विरोधी निर्देशों को दरकिनार कर रहे हैं।

यह स्थिति स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि जनता का विश्वास सरकारी निर्माणों की गुणवत्ता और ईमानदारी से बुरी तरह हिल चुका है। जिस पुलिया को जनता के टैक्स के पैसे से बनाया गया था, आज उसकी दयनीय स्थिति चीख-चीख कर सरकारी तंत्र की उदासीनता और भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रही है। यह टूटती पुलिया एक बड़े और भीषण हादसे को निमंत्रण दे सकती है। यह न केवल इस महत्वपूर्ण मार्ग से गुजरने वाले सैकड़ों से ज्यादा राहगीरों के लिए सीधा खतरा है, बल्कि सरकारी खजाने के खुलेआम दुरुपयोग का भी एक पुख्ता प्रमाण है। इस पुलिया की बदहाली को देखकर कई गंभीर और मूलभूत सवाल उठ रहे हैं, जिनके जवाब मिलना अत्यंत आवश्यक है और जिन पर सरकार को तुरंत संज्ञान लेना चाहिए। क्या निर्माण से पहले इस स्थान की वैज्ञानिक भू-जांच (जमीन का सर्वे) और मिट्टी की परख ठीक से की गई थी। क्या इसकी कोई विस्तृत तकनीकी रिपोर्ट मौजूद है जो निर्माण की व्यवहार्यता और दीर्घायु को प्रमाणित करती हो, इस पुलिया के निर्माण में कितना पैसा स्वीकृत हुआ था और वास्तव में कितना खर्च किया गया? क्या लागत और निर्माण की गुणवत्ता के बीच कोई सीधा संबंध था, या फिर गुणवत्ता मानकों से जानबूझकर और योजनाबद्ध तरीके से समझौता किया गया, इस विफलता का सीधा और मुख्य जिम्मेदार कौन है, ठेकेदार, प्रधान या परियोजना का इंजीनियर, या निर्माण की निगरानी करने वाले सरकारी अधिकारी, क्या यह सीधे तौर पर जनता और सरकार के साथ किया गया गंभीर विश्वासघात नहीं है, जब उनके खून-पसीने की कमाई से बनी बुनियादी संरचनाएं इतनी जल्दी अपनी मियाद पूरी कर टूट कर बिखर जाती हैं, ऐसे लोगों पर तुरंत और कड़ी कानूनी कार्रवाई क्यों नहीं होनी चाहिए जो सरकारी धन का खुलेआम दुरुपयोग करते हैं और सार्वजनिक सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने से भी बाज नहीं आते। सोनभद्र के चोपन ब्लॉक अंतर्गत परसोई नया टोला क्षेत्र में ऐसे दो पुल हैं,एक पुराना है जो लगभग 10 साल हो रहा है और दूसरा लगभग 4 से 5 साल का है जो दोनों पूरी तरह से ध्वस्त हो चुके हैं। इन मार्गो से गुजरने वाले लोग हर दिन अपनी जान जोखिम में डालकर यात्रा कर रहे हैं। यह भयावह स्थिति स्थानीय प्रशासन और सरकार की घोर लापरवाही को उजागर करती है। जब तक इन पुलों का युद्धस्तर पर पुनर्निर्माण नहीं होता, तब तक इस क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए सुरक्षित आवागमन एक बड़ी चुनौती बना रहेगा। ग्रामीण मांग कर रहे हैं कि सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या पर तत्काल ध्यान दें और जल्द से जल्द इन पुलों का जीर्णोद्धार कराएं, ताकि यहां के लोग बिना किसी डर के सुरक्षित महसूस कर सकें।यह समय की मांग है कि उत्तर प्रदेश सरकार ऐसे मामलों का अविलंब संज्ञान ले, एक निष्पक्ष और त्वरित जांच करवाए, और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करे। ऐसा करने से ही सरकारी धन का दुरुपयोग बंद होगा और जनता के पैसे से बनने वाले निर्माण कार्य वास्तव में टिकाऊ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण बन पाएंगे। आखिर, कब तक जनता को अपनी जान जोखिम में डालकर इन टूटे ढांचों से गुजरना पड़ेगा।

## सोनभद्र में सावन की तैयारियां चरम पर श्री श्री हर हर महादेव सेवा समिति की बैठक में बनी रणनीति

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र -** डाला ओबरा स्थित प्रसिद्ध सिद्ध पीठ शिव पार्वती अमर गुफा दुवरा घाटी में सावन माह के पावन अवसर पर होने वाले धार्मिक आयोजनों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में श्री श्री हर हर महादेव सेवा समिति के पदाधिकारियों और भक्तगणों ने सावन के प्रथम सोमवार, 14 जुलाई 2025 को होने वाले जलाभिषेक सहित अन्य कार्यक्रमों की तैयारियों पर गहन विचार-विमर्श किया। समिति के सभी सदस्य इन आयोजनों को भव्य और सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ जुटे हुए हैं। समिति द्वारा जारी विस्तृत कार्यक्रम के अनुसार, 13 जुलाई 2025, रविवार को शाम 6:30 बजे भक्तगण गजराज नगर तिराहे से बसों द्वारा प्राचीन गोठानी सोमनाथ मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां से पवित्र जल लेकर वे वापस आएंगे और 14 जुलाई को शिव पार्वती अमर गुफा दुवरा घाटी में पूरे विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। यह परंपरा भक्तों की गहरी आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है, जो सदियों से चली आ रही है। सावन के पवित्र महीने का



समापन 4 अगस्त 2025 को एक भव्य भंडारे के आयोजन के साथ होगा। इस अवसर पर भी श्री श्री हर हर महादेव सेवा समिति के सभी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहेंगे। समिति के सदस्यों ने भगवान भोलेनाथ को अपना आराध्य मानते हुए, इन सभी आयोजनों को सफल बनाने का दृढ़ संकल्प लिया है।बैठक में अध्यक्ष भानु प्रताप, प्रदीप कुमार, सुधीर कुमार वर्मा, मनोज कुमार यादव, भीम कुमार, अनिल प्रताप सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इन आयोजनों से सोनभद्र में भक्तों के बीच एक अद्भुत उत्साह और भक्ति का माहौल बन गया है, जहां सभी सावन के पवित्र महीने में भगवान शिव की आराधना और सेवा के लिए एकजुट हो रहे हैं।

## पुलिस ने सात को किया गिरफ्तार


**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार थाना की पुलिस ने सोमवार को 07 नफर वारन्टी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। थानाध्यक्ष हरे कृष्ण उपाध्याय ने बताया कि धीरेन्द्र पुत्र टिरु साकिन महादेवा बुजुर्ग, दशरथ पुत्र सोमई साकिन सेखुईया टोला चौबाहे, मेवालाल यादव पुत्र रमेशर साकिन कुसुम्ही, श्रीराम भुज पुत्र छोटक साकिन मोगलहा निवासी को गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा गया। तथा धारा 170/126/135 बीएनएसएस में आमिर खान पुत्र माजिद उम्र 28 वर्ष ग्राम उटिया टोला नवलपुर, सरीफुल्लाह पुत्र सफदर हुसैन उम्र 23 वर्ष साकिन सरौली टोला सीतारामपुर, जुबेर आलम पुत्र शहाबुद्दीन उम्र 22 वर्ष साकिन उटिया टोला नवलपुर निवासी को न्यायालय भेजा गया।

# सोनभद्र में रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण का निर्देश

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र-** 7 जुलाई 2025 जिलाधिकारी बी.एन. सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के अंतर्गत जिला संचालन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कोष के तहत प्राप्त प्रकरणों के त्वरित निस्तारण और लाभार्थियों को समय पर सहायता सुनिश्चित करना था।

बैठक के दौरान, जिला प्रोबेशन अधिकारी पुनीत टंडन ने समिति को जानकारी दी कि पॉक्सो अधिनियम से संबंधित कुल 99 प्रकरण प्राप्त हुए थे, जिनके संबंध में समिति द्वारा निर्णय लिया गया। यह दर्शाता है कि नाबालिगों के खिलाफ यौन अपराधों से संबंधित मामलों को प्राथमिकता दी जा रही है। जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल



सम्मान कोष के अंतर्गत प्राप्त होने वाले सभी प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रकरणों से जुड़े लाभार्थियों के खातों में धनराशि का हस्तांतरण बिना किसी देरी के किया जाए, ताकि उन्हें समय पर आवश्यक सहायता मिल सके। इसके अतिरिक्त, जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर के निर्माण से संबंधित शेष कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। वन स्टॉप सेंटर महिलाओं और बच्चों को एक ही छत के नीचे सहायता प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें चिकित्सा, कानूनी, मनोवैज्ञानिक और पुलिस सहायता शामिल है।

बैठक में निराश्रित महिला पेंशन और कन्या सुमंगला योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इन योजनाओं के लाभार्थियों के खातों में धनराशि के समय पर हस्तांतरण के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं समय से पूरी कर ली जाएं। यह सुनिश्चित करेगा कि जरूरतमंद महिलाओं और बालिकाओं को इन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के मिलता रहे।इस बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला प्रोबेशन अधिकारी पुनीत टंडन, डिप्टी सी.एम.ओ. डॉ. सुमन कुमार, प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी इंद्रावती कुमारी, उप निरीक्षक के. सिंह और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। यह बैठक जिले में महिला एवं बाल कल्याण से संबंधित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## ग्राम पंचायत कुड़वा में प्रधानमंत्री आवास की आश में निराश्रित महिला की मौत, नहीं हो रही है कोई सुनवाई, क्षुब्ध लोगों ने किया जोरदार प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात

**कोन / सोनभद्र-** नव सृजित विकास खण्ड कोन के ग्राम पंचायत कुड़वा में वर्ष 22-23 प्रधानमंत्री आवास में जमकर धाँधली करने का मामला प्रकाश में आया था।जिसके क्रम में ग्राम पंचायत कुड़वा निवासिनी इसरावती देवी पति स्व. अरुण निराश्रित महिला का वर्ष 22-23 में प्रधानमंत्री आवास मिला था जिसे ग्राम पंचायत सदस्य/ जन प्रतिनिधि व संबंधित लोगों के द्वारा सरकारी धन का बंदरबाँट कर लिया गया। जिसके संबंध में लाभार्थी द्वारा पूर्व में खंड विकास कार्यालय कोन व थाना कोन को लिखित शिकायती पत्र सौंपकर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग किया था और वहीं मुख्यमंत्री के शिकायत प्रकोष्ठ नंबर 1076 पर शिकायत दर्ज कराया है। जिसके क्रम में पूर्व में इसरावती देवी की अगुवाई में प्रधानमंत्री आवास घोटाले के क्रम में कुड़वा में जोरदार प्रदर्शन करते हुए संबंधित के खिलाफ कठोर



कार्यवाही की मांग करते हुए तत्काल आवास की धनराशि दिलाने की मांग की गई थी। मिली जानकारी के अनुसार प्रभानमंत्री आवास की आस लगाये बैठी महिला कारर्रवाई होता न देख एक सप्ताह पूर्व इशरावति की हृदयगति रुकने से मौत हो गई। जिसके क्रम में आज तड़के मृतक महिला की पुत्री आरती कुमारी के नेतृत्व में प्रधानमन्त्री आवास की मांग व दोषी के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग करते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। जिसके क्रम में मृतक की अनाथ बच्ची आरती गोंड. ने वार्ड सदस्य के ऊपर आरोप लगाते हुए कही कि मेरी माँ इशरावती देवी के नाम वर्ष 22-23 में प्रधानमंत्री आवास आया था जो अब नहीं रहीं। जिसे वार्ड सदस्य व अन्य लोगों की मिली भगत से अलग अलग बैंकों से धोखाधड़ी कर धन निकाल लिया गया। जिसके क्रम में मेरी माँ द्वारा प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी समेत कई अधिकारियों को पत्र भेजकर अवगत कराया किन्तु आज तक आवास का लाभ नहीं मिल सका और वहीं पुनः जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग किया है। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से निर्मला देवी क्षेत्र पंचायत सदस्य, पार्वती, राजमति , विपती , देवराज, दयाशंकर, जितेन्द्र आदि रहे।अब देखना दिलचस्प होगा कि देश के प्रधान मंत्री व प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री के द्वारा किया गया वादा हर गरीब का होगा अपना छत कितना कारगर होगा। हृदय विदारक घटना के बाद क्या उक्त गरीब आदिवासी दलित/ स्व. निराश्रित महिला के अनाथ बच्चों को आवास की धनराशि या आवास मिल पायेगा या सरकारी फाईलों में दबकर रह जायेगा यह तो भविष्य के गर्भ में जरूर छिपा है।

# खजनी में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का शानदार आगाज- विधायक और ब्लॉक प्रमुख ने हरिहरपुर गौशाला में लगाए पौधे

स्वतंत्र प्रभात

**खजनी-** आज खजनी विकास खंड के हरिहरपुर गौशाला में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। ख़जनी विधायक खजनी और ब्लॉक प्रमुख खजनी ने संयुक्त रूप से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं पौधे लगाकर पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों की भारी भीड़ उपस्थित रही। ख़जनी विधायक श्रीराम चौहान ने अपने संबोधन में कहा, वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। यह न केवल हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बल्कि पर्यावरण संतुलन और जलवायु परिवर्तन से निपटने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हरिहरपुर गौशाला में यह



वृक्षारोपण कार्यक्रम एक नई शुरुआत है, जो पूरे क्षेत्र में हरियाली फैलाने का संदेश देगा।

"ब्लॉक प्रमुख खजनी अंशु सिंह ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा, "हमारी कोशिश है कि खजनी को हरा-भरा और स्वच्छ बनाया जाए। इस तरह के आयोजन न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हैं, बल्कि समुदाय को एकजुट करने में भी मदद करते हैं।" इस वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत सैकड़ों पौधे लगाए गए, जिनमें नीम, पीपल, बरगद, आम, और अमरूद जैसे छायादार और फलदार वृक्ष शामिल थे। आयोजन में स्थानीय स्कूलों के बच्चों और स्वयंसेवी संगठनों ने भी उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। बच्चों ने न केवल पौधे लगाए, बल्कि इनकी देखभाल का संकल्प भी लिया।हरिहरपुर गौशाला को इस आयोजन का केंद्र बनाने का उद्देश्य गो-सेवा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देना था।

खण्ड विकास अधिकारी ख़जनी रमेश शुक्ला ने बताया कि गौशाला परिसर को हरा-भरा करने के लिए नियमित रूप से वृक्षारोपण और उनकी देखभाल को लेकर ध्यान रखा जाएगा।यह कार्यक्रम न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने में सफल रहा, बल्कि खजनी के लोगों में एकजुटता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी प्रोत्साहित किया। स्थानीय निवासियों ने इस पहल को "हरियाली की क्रांति"करार दिया।

## मोहर्रम पर निकला जुलूस, कर्बला में दफन किया गया ताजिया

### ●राजस्व, पुलिस विभाग के अधिकरियों के मौजूदगी से सकुशल सम्पन्न हुआ मोहर्रम का जुलूस

स्वतंत्र प्रभात

**खजनी गोरखपुर।** खजनी थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहर्रम पर निकला गया जुलूस, कर्बला में दफन किया गया ताजिया, भारी संख्या में शामिल हुए लोग। उपजिलाअधिकारी खजनी राजेश प्रताप सिंह क्षेत्रा खजनी अधिकारी उदय प्रताप सिंह क्षेत्र में सुवह से भारी पुलिस वल के साथ जमे रहे। वहीं खजनी थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि नगर पंचायत कस्बा संग्रामपुर उनवल सेमत अंचल के 58 स्थान पर ताजिया बैठाया गया था। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रविवार को जुलूस निकाल



ताजिया को कर्बला में दफन कर दिया। जुलूस के दौरान भारी पुलिस बल तैनात किए गए थे। कहीं किसी प्रकार की कोई घटना नहीं हुई।

उन्होंने बताया कि खजनी कस्बा, गोयसैरा, रामपुर मनौली, तेतरिया, पुरासपार, सुआभार, जाखा, कटया, डोहरिया, बसडीला, खुटहना, पल्हई पार बाबू के नेटुआ डेरा, खुटभार एवं गहना समेत दर्जन भर गांव से मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मोहर्रम पर जुलूस निकाला। इस दौरान तकदीर अल्लाह हू अकबर और हुसैन की शहादत में नारे लगाए। इसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए। मुस्लिम समुदाय के नगर पंचायत निवासी पूर्व प्रधान तैयब अहमद ने कहा कि मोहर्रम इस्लामिक कैलेंडर का पहला महीना होता है। रमजान के बाद इस्लाम में मोहर्रम का खास स्थान होता है। शिया व सुन्नी समुदाय के लोग अपने-अपने तरीके से मनाते हैं। मुस्लिम समुदाय यौम-ए-आशूरा के 10वें दिन को मोहर्रम का जुलूस निकाल कर शहादत मनाता है। उन्होंने बताया कि इस्लामिक मान्यता के अनुसार, इसी दिन कर्बला की जंग में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के छोटे नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथी शहीद हो गए थे। इसलिए इस दिन को शहादत के रूप में मनाते हैं।इस अवसर पर, उनवल चौकी इंचार्ज राजीव कुमार तिवारी, कांस्टेबल दीपक कुमार वरुण कुमार पांडे सचिन कुमार रविंद्र कुमार यादव पीएसी बल,समेत मौजूद रहे।

# सर्प दंश से चालीस वर्षीय दिलीप मुनीब की हुई मौत

### ●गोला पुलिस ने शव कब्जे में लेकर भेजा पी एम

स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाजार गोरखपुर।** गोला उपनगर चंद चौराहे से पश्चिम स्थित कंपोजिट शराब की दुकान पर बतौर मुनीब कार्यरत चालीस वर्षीय दिलीप जायसवाल पुत्र मुन्नीलाल जायसवाल निवासी चौरी चौरा का रविवार की देर शाम दुकान के अंदर ही पैर में जहरीला सर्प के काटने से इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।सूचना पर गोला पुलिस सी एच सी पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए भेज दिया है। प्राप्त विवरण के अनुसार गोला चंद चौराहे पर स्थित कंपोजिट शराब की दुकान पर चौरी चौरा के



दिलीप जायसवाल मुनीब का कार्य करते थे।रविवार की देर शाम दुकान में रखा फ्रीजर का स्विच बंद करने गए ।स्विच बंद करते समय कोई जंतु उनके पैर में काट लिया।वह अपने सहयोगी को बुलाए । और फ्रिजर को ठोके तो एक चूहा निकल कर भगा ।दिलीप को लगा कि चूहा काट लिया है।उन्होंने कटे भाग पर टेप लगा दिया।आधे घंटे के बाद जब जहर उनके शरीर में घुलने लगा तो आंख से कम दिखाई पड़ने लगी ।घटना की सूचना तत्काल दुकान मालिक को मिली। सूचना पाते ही सभी लोग दुकान पर आ गए और उनको लेकर दोहरीघाट इलाज के लिए पहुंचे। जहां पहुंचते ही उनकी स्थित नाजुक हो गई। डॉक्टर देखे इलाज शुरू किए ।लेकिन बचा नहीं पाए। डॉक्टर ने जहरीला सर्प काटने के कारण मृत्यु बताई।मुनीब को लेकर लोग सी एच सी गोला पर रात दस बजे लगभग पहुंचे । जहां डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया।घटना की सूचना उनके परिजन व पुलिस को मिली। गोला पुलिस मौके पर पहुंच कर विधिक कार्यवाही करते हुए शव कब्जे में लेकर पी एम के लिए भेज दिया।

मृतक के पीछे औरत व तीन बच्चे दो लड़के व एक लड़की है।।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

## गोला थाने में सात के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा हुआ दर्ज

स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाजार गोरखपुर ।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम घोड़साव निवासिनी संध्या पुत्री सुख राज गुप्ता की तहरीर पर गोला पुलिस ने पति, सास, ससुर, ननद, देवर, दो रिश्तेदार पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार गोला थाने पर दिए गए तहरीर में संध्या ने लिखा है कि मेरी शादी सात वर्ष पहले गगहा थाना क्षेत्र के ग्राम करनौती निवासी आनंद गुप्ता पुत्र हरिशंकर गुप्ता के साथ हुई। पिता ने शादी में तीन लाख नगद, तीन सोने को अंगूठी, एक सोने की चेन वह गृहस्थी का सामन दिया था।

पति,सास,ससुर, ननद, देवर दो गगहा थाना के दो पोखरी गांव के रिश्तेदार हमें



फिर दहेज लाने के लिए प्रताड़ित करते रहते थे। जब उन लोगों समझाती हूं कि अब पिता जी कहां से और धन देगें। तो यह लोग भद्दी भद्दी गाली देते हुए मारने पीटने लगते हैं।

और दहेज न लाने के कारण हमको आठ माह पूर्व उपरोक्त लोग मार पीट कर घर से भगा दिए हैं। मैं अपने दो बच्चों के साथ मायके में समय गुजार रही हूं। मुझे आशंका है कि यदि सुसराल गई तो यह लोग मुझे जान से मारकर फेंक देंगे। इस मामले में गोला पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा ( बी एन एस ) 85, 115 (2) 352, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 द्व 3, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961 द्व 4 में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### सफाई कर्मचारी संघ ने किया ए डी ओ पंचायत का स्वागत



**बरेली** विकास खण्ड भदपुरा के नए ए डी ओ पंचायत रविकांत यादव ने कार्य भर ग्रहण किया यहां पहुंचने पर सफ़ाई कर्मचारी संघ द्वारा एडीओ पंचायत रविकांत यादव का फूलमाला पहना कर एवं पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किए गया। इस कार्यक्रम को सफ़ाई कर्मचारी संख एवम् मंडल अध्यक्ष रविन्द्र कुमार कास्यव सतराम दिवाकर आनन्द प्रकाश बालक राम समेत अनेकों सफ़ाई कर्मचारी उपस्थित थे एडीओ पंचायत रविकांत यादव ने सफ़ाई कर्मचारीओ को निर्देशित किया और कहा सभी लोग अपना दायित्व जिम्मेदारी से निर्भवन करे। प्रत्येक गांव में जहां पर भी जिस कर्मचारी की तैयनाथी हैं बहे अपना कार्य जिम्मेदारी एवम् निष्ठा पूर्वक निर्भवहन करे मेरे द्वारा किसी भी कर्मचारी का उत्पीड़न नहीं किया जाएगा परन्तु कार्य संतोष जनक न पाए जाने पर उक्त कर्मचारी के विरुद्ध शीघ्र कार्यभाई की जाएगई इसलिए सभी अपने कार्य को ठीक से करे।

### मोहर्रम के अवसर पर ठिरिया बन्नौजान में लगा विशाल मेला सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस मुस्तैद रही या हुसैन की सदाएं होती रहे बुलंद



**बरेली/क्योलडिया!** माहे मोहर्रम आशूरा के दूसरे दिन हजरत इमाम हुसैन की याद में आज थाना क्षेत्र के गांव ठिरिया बन्नौजान और बहर जागीर में मोहर्रम का पर्व मनाया गया सुबह से ही ताजियों के तख्त को रखकर अकीदत तो मोहब्बत के साथ रंजो गम के साथ मनाया गया इमाम हुसैन की याद में जगह-जगह लंगर लुटाया जा रहे थे क्षेत्र के ठिरिया बन्नो जान में ताजियों के जुलूस के बाद विशाल मेला लगा। जिसमें हजारों की भीड़ उमडी साथ ही बहर जागीर में भी आज मोहर्रम का पर्व मनाया गया सुरक्षा की दृष्टि से प्रभारी निरीक्षक राजबली सिंह वरिष्ठ उपनिरीक्षक देशराज सिंह तोमर संजीव कुमार होरीलाल निगम केवल सिंह सेमतभारी पुलिस फोर्स मेले में मुस्तैद रहा इस दौरान ग्राम प्रधान लालाराम कश्यप मोहम्मद फारूक पूर्व प्रधान मोहम्मद जफर मोहम्मद इरफान रहीस अहमद दूल्हा हसन कदीर अहमद शमशीर अहमद आदि लोग मैजूद रहे।

### हाईस्कूल और इंटर की कंपार्टमेंट परीक्षा अब 26 जुलाई को होगी



**लखीमपुर-खीरी।** जिले में संचालित यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षाओं की तिथि में संशोधन किया गया है। पूर्व में यह परीक्षा 19 जुलाई को प्रस्तावित थी, लेकिन सावन झूला मेला, कांवड़ यात्रा और छात्र-छात्राओं के सुगम आवागमन को देखते हुए परीक्षा की तारीख बदल दी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि अब हाईस्कूल की इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट परीक्षा 26 जुलाई को सुबह 8¬30 से 11¬45 बजे तक और इंटरमीडिएट की कंपार्टमेंट परीक्षा उसी दिन दोपहर 2 से 5¬15 बजे तक कराई जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को लेकर निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### ईमाम हुसैन की याद मे निकला जुलूस, जांबाजों ने दिखाए करतब

**चंदवक जौनपुर।** थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार में शहीद ईमाम हुसैन की याद में ताजिये का जुलूस निकला जिसमें क्षेत्र के तमाम युवाओं ने लकड़ी खेलकर अपने करतब दिखाए। दाहा का जुलूस चंदवक मस्जिद से बाजार के प्रमुख सड़कों पर निकला। इस मौके पर पर हरिहरपुर , खुज्झी , हीसामपुर , बकटहि, बीरीबारी ,मडार, नरकटा, सहित क्षेत्र के दर्जनों गांव के युवा अपना करतब दिखाते हुए ईमाम हुसैन की याद मे भावुक दिखे। और ईमाम हुसैन को याद किया गया। इस जुलूस का अध्यक्षता मंजूर आलम, सफी आलम, अतहर अहमद, शमीम अहमद, छेदी अहमद , नवाब अहमद,कलाम अहमद, खालीद,साहिद,टिल्लू गुड्डु के साथ हजारों की संख्या के साथ चंदवक थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह मयफोर्स के साथ साथ लोगो का हुजूम रहा।

# डीएम ने ली जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति व मिशन समिति की बैठक, दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**लखीमपुर खीरी-** जिले में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को लेकर प्रशासन द्वारा गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति तथा जिला मिशन समिति की बैठक आयोजित की गई।

**समयबद्ध और पारदर्शी क्रियान्वयन पर डीएम का जोर**

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि व जल संरक्षण योजनाएं समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से पूरी हों। उन्होंने कहा कि यह प्रयास न सिर्फ पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी हैं, बल्कि कृषक आय वृद्धि और जल संकट से निपटने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। डीएम ने ग्राम स्तर पर जागरूकता बढ़ाने और स्थानीय जरूरतों के अनुसार योजनाओं की प्राथमिकता तय करने पर भी बल दिया।

**योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा**

भूमि संरक्षण अधिकारी बी.एन. उपाध्याय ने गत वर्ष की बैठक की कार्यवृत्ति समिति के समक्ष प्रस्तुत की। इसके बाद उन्होंने जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। बताया कि जनपद में कार्यरत भूमि संरक्षण की दो इकाइयों द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना, खेत तालाब योजना, वर्षा सिंचित क्षेत्र ॠ योजना व मनरेगा के अंतर्गत विभिन्न कार्य कराए जा रहे हैं। बैठक में खेत तालाब योजना के तहत 50 तालाबों के निर्माण हेतु 26.25 लाख का अनुदान प्रस्तावित किया गया। वहीं ॠ योजना के अंतर्गत 94.50 हेक्टेयर भूमि पर कार्य हेतु 50.40 लाख की वित्तीय व्यवस्था प्रस्तावित की गई। इसके अतिरिक्त, मनरेगा योजना के माध्यम से 389.40 हेक्टेयर क्षेत्र में जल संरक्षण संबंधी कार्य प्रस्तावित हैं। इन सभी कार्यों को कराए जाने हेतु डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अनुमोदन प्रदान किया। बैठक में उप कृषि निदेशक गिरीश चन्द्र, भूमि संरक्षण अधिकारी (गोमती) सुभाष चन्द्र, भूमि संरक्षण अधिकारी (जिला योजना) बी.एन. उपाध्याय, नामित विभागीय अधिकारी व प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

## एक पेड़ मां के नाम क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि ने किया वृक्षारोपण

स्वतंत्र प्रभात



**अमीरनगर खीरी।** मोहम्मदी रेंज के अन्तर्गत उच्च विद्यालय परिसर परसपुर में सोमवार को वन महोत्सव (एक पेड़ माँ के नाम)का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि ने हरिशंकरी( पीपल, पाकड़, बरगद) वहीं पाकड़ जामुन महुआ आदि के पौधों का विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं स्कूली बच्चों के द्वारा पौधारोपण किया गया। क्षेत्रीय विधायक ने बताया कि वन महोत्सव कार्यक्रम के साथ पर्यावरण संरक्षण व पर्यावरण बनाए रखने के लिए हर व्यक्ति को बढ़-चढ़कर अपने घरों के आस-पास अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण करना परिवार रूप से सुनिश्चित करें जिससे कि आने वाली पीढ़ियों को हरे भरे पर्यावरण के साथ एक संदेश दिया जा सके। विधायक ने कहा आज के प्रवेश में आम जनमानस के साथ मिलकर इस महोत्सव को बेहतर तरीके से सफल बनाने के लिए हम सभी को एक पेड़ मां के नाम पौधा लगाकर उसके संरक्षण के साथ वातावरण के लिए संदेश देने का काम करें जिससे समाज में एक संदेश जाए।भाजपा कार्यकर्ता आत्मानंद शुक्ला ने कहा कि हमारे समाज में हर व्यक्ति अगर एक-एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण कर ले तो निश्चित रूप से एक बहुत बड़ा जिले से संदेश मां के नाम देने का काम किया जा सकता है।इस अवसर पर मोहम्मदी रेंज के रामनरेश वर्मा,मो उमर , सुरेन्द्र पाल गौतम, वहीं क्षेत्रीय भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता आत्मानंद शुक्ला पुनीत मिश्रा सुचित प्रताप सिंह प्रदीप सिंह उत्तम चौधरी राजेश कुमार राममूर्ती यादव उमरिया के पूर्व प्रधान संदीप सिंह रोहित श्रीवास्तव सहित समस्त स्टाफ वा क्षेत्रिय गणमान्य लोग मौजूद रहा।

## पूर्व विधायक ने मृत गल्ला व्यापारी के परिजनों को दी एक लाख की मदद

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के महारानीगंज में बदमाशों की गोली का शिकार बने गल्ला व्यापारी सुखदेव लोधी के परिजनों से मिलने तेजगांव निवासी पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह पहुंचे। उन्होंने परिजनों को एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी और हर संभव मदद का भरोसा जताया। गत एक जुलाई की रात सुखदेव लोधी और उनकी पत्नी सरोजनी पर बदमाशों ने हमला कर दिया था। सुखदेव की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हैं और अस्पताल में जीवन के लिए संघर्ष कर रही हैं। पूर्व विधायक ने पीड़ित परिवार के दुख में शामिल होकर कहा आज जब यह परिवार एक गहरे संकट में है, तब सिर्फ बातें करने से कुछ नहीं होगा। उन्हें वास्तविक मदद की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता पीड़ितों से मिलकर बयानबाजी तो कर रहे हैं, प्रदेश सरकार की बुराई कर रहे हैं लेकिन अभी तक किसी ने आर्थिक रूप से कोई सहायता नहीं दी। उन्होंने इसे राजनीतिक रोटियां सेकने की प्रवृत्ति करार दिया। नगर निवासी डॉ.ओम प्रकाश सिंह, डॉ. एमडी सिंह, जेपी सिंह, वीरेंद्र शुक्ला, पत्रकार पवन द्विवेदी, रमाशंकर वैद्य, सुखेंद्र बहादुर सिंह, संजय तिवारी, संतोष तिवारी, रणवीर सिंह सहित उनके समर्थकों ने पूर्व विधायक के इस मानवीय कदम की सराहना की।

## पहली बरसात मे ही बह गया विकास।

● **बेलावोझी गांव मे इन्टर लाकिंग व पुलिया निर्माण का मामला।**

स्वतंत्र प्रभात

**विलहरी खीरी।** गोला तहसील के गांव बेलबोझी मे पहली ही बरसात मे ही खुली विकास कार्यो की पोल।मामला गोला तहसील के बेलबोझी गाँव का है। जहाँ लगभग एक महीने पहले बेलबोझी गाँव क्षेत्र पंचायत निधि से लाखों रुपयों की लागत से

गोला सिकंदराबाद हइवे से पंचायत भवन तक इंटरलाक व पुलिया निर्माण कराया गया था। जो एक महीने बाद ही पहली बारिश मे ही ज़मीन मे धसने लगी और पुलिया व उस पर बनी इन्टर लाकिंग सडक पूर्णतया मिट्टी मे धस जाने के कारण उस सडक पर आवागमन बंद हो गया है।

**मनोज वर्मा,**
ग्राम प्रधान बेलाबोझी (तेन्दुहाई)।

ने बताया कि इस पुलिया व इंटर लाकिंग सडक का निर्माण क्षेत्र पंचायत सदस्य निधि से कराया गया है। हमसे इससे कोई लेना देना नही है।

**विमल वर्मा,**
ब्लाक प्रमुख कुंभी गोला खीरी।

बेलाबोझी गाव मे सडक व पुलिया अत्याधिक पानी भरने के कारण धसने की सूचना मिलि है।अतिशीघ्र ही उसको ठीक कराया जायेगा।

## पूर्व सांसद राजा आनंद सिंह पंचतत्व में विलीन, केंद्रीय मंत्री बेटे कीर्तिवर्धन सिंह ने दी मुखाग्नि

स्वतंत्र प्रभात



**गोंडा।** पूर्व सांसद, पूर्व कृषि मंत्री और मनकापुर के राजपरिवार के वंशज राजा कुंवर आनंद सिंह का रविवार रात लखनऊ में निधन हो गया। सोमवार को उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव मनकापुर कोट लाया गया, जहां अंतिम दर्शन के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ी। नम आंखों के बीच उनका अंतिम संस्कार सोमवार देर शाम किया गया।

बेटे व केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने उन्हें मुखाग्नि दी। पूरे राजकीय सम्मान के साथ राजा आनंद सिंह पंचतत्व में विलीन हो गए।

**शोक में डूबा मनकापुर, बाजार रहे बंद**

उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मनकापुर, मसकनवा और गोंडा शहर के व्यापारियों ने दुकानें बंद रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कई स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में शोकसभाएं हुईं। राजनीतिक, सामाजिक और प्रशासनिक क्षेत्रों से जुड़ी तमाम हस्तियां श्रद्धांजलि देने उनके निवास स्थान पर पहुंचीं। शोक व्यक्त करने वालों में बड़ी संख्या में ग्रामीण, समर्थक, युवा व बुजुर्ग शामिल रहे।

**राजनीतिक सफर और उपलब्धियां**

4 जनवरी 1939 को जन्मे राजा आनंद सिंह ने गोंडा लोकसभा सीट से 1971, 1980, 1984 और 1989 में सांसद के रूप में प्रतिनिधित्व किया। वे कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं में गिने जाते थे।

2012 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर गौरा विधानसभा सीट से विधायक बने और तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सरकार में कृषि मंत्री बनाए गए। 2017 के बाद उन्होंने राजनीति से संन्यास ले लिया।

**'यूपी टाइगर' के नाम से थे विख्यात**

राजा आनंद सिंह को उनके समर्थक और विरोधी भी 'यूपी टाइगर' के नाम से जानते थे। पूर्व मंत्री के करीबी केबी सिंह के मुताबिक, उनका राजनीतिक प्रभाव इतना था कि कांग्रेस पार्टी कई बार सिर्फ सिंबल देती थी और प्रत्याशी का नाम राजा साहब तय करते थे। मनकापुर कोट का हाथ जिसे मिल जाता था, उसका सांसद, विधायक या ब्लॉक प्रमुख बनना लगभग तय माना जाता था।

**राजनीति में उतार-चढ़ाव भी झेले**

राम लहर के समय 1991 में उन्हें भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह से हार का सामना करना पड़ा। 1996 में उनकी पत्नी केतकी देवी सिंह ने भाजपा टिकट पर जीतकर उन्हें फिर हराया। इसके बाद राजा आनंद सिंह ने संसदीय राजनीति से दूरी बना ली, हालांकि वे विधानसभा चुनावों में सक्रिय रहे।

**मुखाग्नि देते समय भावुक हुए कीर्तिवर्धन सिंह**

पिता के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि देते समय केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह भावुक हो उठे। अंतिम संस्कार स्थल पर मौजूद लोगों की आंखें नम थीं। हर कोई अपने नेता को अंतिम बार श्रद्धा से निहार रहा था। "राजा साहब ने सादगी में जीवन जिया और सेवा में राजनीति की,"–ऐसा कहकर कई लोगों ने उन्हें अंतिम विदाई दी।

# वाटर पार्क में किशोर की नहाने के दौरान हुई मौत।

स्वतंत्र प्रभात



**सिंगाही खीरी।** कोतवाली क्षेत्र तिकुनिया के भूलनपुर एक निजी वाटर पार्क का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक के करने के बाद ही। टिकट लेकर वाटर पार्क में नहा रहा एक 12 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई जिससे परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। तिकुनिया पुलिस किशोर की मौत एक पड़ोस के तालाब मे डूबने से होने का दावा कर रही है। किशोर का निवास थाना क्षेत्र सिंगाही के एक गांव में होने के कारण सिंगाही पुलिस भी घटना की जांच पड़ताल में जुटी है। सोमवार को कोतवाली क्षेत्र तिकुनिया के गांव भूलनपुर भेडौरी शिवम वाटर पार्क कडिया रोड पर लोगों को आनंदित करने के लिए निजी संसाधनों से बनाया गया आज शिवम वाटर पार्क का काफी प्रचार प्रसार किया गया और वाटर पार्क का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा के कर कमल से संपन्न हुआ शिवम वाटर पार्क के उद्घाटन के बात क्षेत्रीय विधायक का काफिला वहां से चला गया और लगभग 1 घंटे के बाद आयान उम्र 12 वर्ष निवासी हरद्वाही थाना क्षेत्र सिंगाही का किशोर टिकट लेकर इस वाटर पार्क में नहाने चला गया और वहीं पर किशोर की डूबने से मौत हो गई जिससे वहां पर अफरा तफरी मच गई सूचना पाकर पहुंचे परिजन 12 वर्षीय किशोर को उठाकर निघासन सीएचसी लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसकी मृत्यु घोषित कर दिया उसके बाद परिजन बच्चों के शव को लेकर घर हरद्वाही चले गए और वहां पर घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। तिकुनिया इंस्पेक्टर अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि बालक की मौत पड़ोस के तालाब में डूबने से हुई है मृतक किशोर का शव सिंगाही थाना के गांव हरद्वाही में है और सिंगाही पुलिस कार्रवाई करेगी। सिंगाही थाना अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि वाटर पार्क में डूबने से किशोर की मौत होने की सूचना मिली है सिपाही मौके पर गए हैं तहरीर नहीं मिली है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## नम आंखों से देर शाम को कर्बला में दफन किए गए ताजिए।

● **हैदराबाद व नीमगांव पुलिस की मौजूदगी मे शकुशल दफन किये गये रायपुर व कोटवारा गांव के ताजिये।**

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** रायपुर व कोटबारा गांव मे रात भर चौक पर ताजिए को रखने के बाद सोमवार को नम आंखों से कर्बला में ताजिए दफन किए गए पूरी रात और दिन भर मजलिसों मातम का सिलसिला जारी रहा लोगों ने नजरों नियम दिलाई और हुसैन के नाम पर डांगर माता सों से इमाम हुसैन की अजीम कुर्बानी को याद किया गया। वही मोहर्रम में हैदराबाद व नीमगांव थाने व हैदराबाद थाने की पुलिस सुरक्षा में मुस्तैद रही। मोहर्रम के मौके पर रायपुर मे विलहरी,सिकंदराबाद, घुन्सी, पकरिया, व कोटबारा मे कपरहा,घरथनिया,सकेथू, जडौरा आदि स्थानों पर ताजियादारो की अगुवाई मे गमगीन माहौल मे ताजियो के जुलूस निकाले गए।

वही शाम के वक्त सभी स्थानों के ताजिये गमगीन माहौल भारी पुलिस की मौजुदगी मे करबला मे ताजिए दफन किये गए।इस दौरान हैदराबाद की चौकी ढखवा,चौकी इंचार्ज विनोद कुमार पाण्डेय व आरक्षी शिवेन्द्र सिंह व कोटवारा ग्राम प्रधान सुशील वर्मा, समाजसेवी विमलेश मिश्र व सिकंदराबाद चौकी इंचार्ज आशीष शेरावत व ग्राम प्रधान प्रतिनिध रायपुर सलीम अंसारी की अगुवाई मे सकुशल ताजिया मेला संपन्न कराया गया।

# खाद मिलते ही कालाबाजारी प्रारम्भ।

स्वतंत्र प्रभात



**सिगाह खीरी।** जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से किसानो की परेशानी को देखते हुए अधिकारियों ने प्रयास कर जिले को यूरिया खाद मिल गई लेकिन जिलाधिकारी का यह प्रयास दुकानदारों के खाऊ कमाऊ नीति के चलते कालाबाजारी कल यूरिया को अधिक दामों पर बेचने वाले दुकान दारो के दिन बहुर गए और यूरिया खाद मिलते ही उसकी 300 से 350 रुपए तक बेचने लगे। कस्बे के एक दुकानदार की ओवररेट पर यूरिया बेचने की शिकायत निघासन एसडीएम से की गई जिसके बाद पहुंचे कृषि विभाग के सीएमएस में 266 रुपए में यूरिया बटवाई। सिंगाही बेलराया रोड पर बालाजी फर्टिलाइजर किसान समृद्धि केंद्र सोमवार को दुकान खुली और यूरिया खाद की बिक्री शुरू हो गई और वहां लंबी-लंबी किसानो की लाइन लग गई। किसानों की अधिक भीड़ जमा हो जाने पहले से खाद की कालाबाजारी कर ओवर रेट पर खाद की बिक्री शुरू कर दी और 300 से लेकर 350 रुपए प्रति बोरी के हिसाब दुकानदार ने खाद की बिक्री शुरू कर दी यह मामला सोशल मीडिया पर छा गया और किसानों ने निघासन एसडीएम से ओवर रेट लेने की शिकायत की उसके बाद कृषि विभाग निघासन सीएमएस अंकित वर्मा दुकान पर पहुंचे और वहां बैठकर 266 रुपए में प्रतिबोरी की बिक्री कराई और किसानों के आधार कार्ड जमा कर दिए किसानों को दुकानदार कल खाद वितरित करने की बात कह रह है।

## कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में वन महोत्सव सप्ताह का आयोजन।

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** प्रधानाचार्य आनंद प्रकाश सरोज के दिशा निर्देशन में हुआ साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण, गीत, पोस्टर आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविका अंशिका सोनी ने वन हमारे जीवन के लिए क्यों आवश्यक है विषय पर बहुत ही संजीदा एवं जोशपूर्ण ढंग से भाषण प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। रिया वर्मा ने वन महोत्सव पर "बात जरूरी समझ लो भैया" गीत प्रस्तुत किया। जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ अनिल कुमार ने इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम सभी विद्यार्थियों को अपने-अपने घर में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने यह बताने का प्रयास किया कि आज जब प्रदूषण बढ़ रहा है, ग्लोबल वार्मिंग एक चिंता का विषय है तब पेड़ ही वह समाधान है जो इस संकट को रोक सकते हैं। प्रधानाचार्य ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।वृक्षारोपण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी ओम प्रकाश यादव, लखपत भारती ,अशोक कुमार वर्मा कृषि प्रवक्ता अरविंद यादव स्काउट प्रभारी देवेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## विद्यालयों के मर्जर और पेयरिंग पर भड़का शिक्षक संघ, मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात



**गोंडा।** विद्यालयों के मर्जर एवं पेयरिंग की प्रक्रिया के खिलाफ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में शिक्षक समुदाय ने कड़ा विरोध जताया है। संघ का कहना है कि यह कार्यवाही 'बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009' की मूल भावना के विपरीत है। प्रान्तीय अध्यक्ष श्री विनय तिवारी के आह्वान पर, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं रुपईडीह ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश त्रिपाठी, संरक्षक अश्वनी शुक्ला के मार्गदर्शन में मंत्री राजेश तिवारी, कटरा बाजार अध्यक्ष मुरली मनोहर शुक्ल, मंत्री अनुराग शुक्ल, हलधरमऊ कार्यवाहक अध्यक्ष देवकीनंदन शुक्ल एवं मंत्री राघवेंद्र सिंह सहित एक प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा सदस्य श्री बावन सिंह को उनके आवास पर जाकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को संबोधित ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में अपर मुख्य सचिव (बेसिक शिक्षा) के दिनांक 16 जून 2025 के शासनादेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई है। शिक्षक संघ ने कहा कि कम छात्र संख्या को आधार बनाकर विद्यालयों का पेयरिंग या मर्जर किया जाना न केवल शिक्षा अधिकार अधिनियम के विरुद्ध है, बल्कि बच्चों के मौलिक अधिकार पर भी कुठाराघात है।

**ज्ञापन में की गई प्रमुख मांग**

किसी भी परिषदीय विद्यालय को बंद न किया जाए।प्रत्येक विद्यालय में छात्र संख्या के अनुरूप शिक्षक नियुक्त हों।हर स्कूल में अनिवार्य रूप से प्रधानाध्यापक की तैनाती की जाए।शिक्षकों से गैर शैक्षणिक कार्य न लेकर केवल शिक्षण कार्य कराया जाए।

एक किलोमीटर की परिधि में दिए गए सभी मान्यता प्रकरणों की जांच हो और दोषियों पर कार्यवाही की जाए।

**गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को बंद कराया जाए।**

छात्रों का आधार और जन्म प्रमाणपत्र बनवाने की प्रक्रिया को सरलीकृत किया जाए।इस मौके पर ब्लॉक रूपईडीह के संयुक्त मंत्री विवेक, कोषाध्यक्ष चंद्रभान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश पांडेय, राहुल, तेजभान, मुकेश, अमित, उमाशंकर, मोहित, प्रमोद, तथा कटरा बाजार क्षेत्र के मोहम्मद सऊद, अरविंद, राजरेश, राकेश, अवधेश, पंकज सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## नहर में डूबने से मजदूर की मौत, बेटी की शादी में मदद करेंगे समाजसेवी मुकेश शुक्ला

स्वतंत्र प्रभात



**गोण्डा।** इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेलियानी पाठक में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में मजदूरी कर परिवार पालने वाले विनोद कुमार पासवान (40) की सरयू नहर में डूबने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, वह नहर में स्नान कर रहे थे तभी पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में बह गए। तेज बहाव में बहने की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया।सूचना पर प्रशासन सक्रिय हुआ। उप जिलाधिकारी व थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और एनडीआरएफ टीम को बुलाया गया। लगभग छह घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद शव को बरामद किया गया। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के अंतिम संस्कार में गांव के सैकड़ों लोग शामिल हुए। गांव में मातम पसरा हुआ है।विनोद मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार–पत्नी, एक बेटा और एक बेटी–का भरण-पोषण करते थे। उनके निधन से पूरा परिवार सदमे में है। बेटी की शादी अभी तय थी।इस बीच क्षेत्रीय समाजसेवी मुकेश शुक्ला ने पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया और बेटी की शादी में हरसंभव मदद का वादा किया। उन्होंने कहा, ÷यह दुखद क्षण है, लेकिन बेटी की शादी में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जाएगी। परिवार के साथ हर कदम पर हूं।÷ग्राम प्रधान सुरेन्द्र पाठक ने बताया कि प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए समय रहते कार्रवाई की।शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे लोगों में विपिन तिवारी, पप्पू तिवारी, मुकेश पासवान, मनोज तिवारी, अजय कुमार यादव, नंदलाल पासवान, जगलाल पासवान, राजकुमार पासवान, ओमकार पासवान, गंगाराम पासवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### आज मंगलवार को 7 घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी आरडीएसएस योजना के अंतर्गत तार एवं विद्युत पोल बदलने का कार्य किया जाना है

**सब स्टेशन-33/11 केवी सुरियावां, मोड़, करियाव**

**फीडर-33 केवी सुरियावां फीडर कार्यस्थल- 33 केवी**

**सुरियावां** फीडर कार्य- 33 केवी सुरियावां फीडर का आरडीएसएस योजना के अंतर्गत पोल लगाने एवं तार बदलने का कार्य। दिनांक 08.07.2025 दिन मंगलवार को आरडीएसएस के अंतर्गत 132 केवी फत्तूपुर से निकलने वाले 33 केवी सुरियावां फीडर पर mid- span पोल लगाने एवं तार बदलने का कार्य किया जाना है। अतः इन क्षेत्रों में कल दिनाँक 08.07.2025को प्रातः 10ः00 बजे से शाम 05ः00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त शटडाउन से 33 केवी सुरियावां से चलने वाले तीन उपकेंद्र मोड़, करियाव एवं सुरियावां उपकेंद्र की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी।

### बहुत ही चिंता का विषय है धरती का गर्म होना- अशोक गुप्ता



**भदोही।** पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत विगत 10 अक्टूबर 2017 से लगातार वृक्षारोपण कर धरती को हरा-भरा एवं प्रदूषण मुक्त बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता द्वारा 7 जुलाई 2025 को 2825 वें दिन उच्च प्राथमिक विद्यालय कंसापुर विकासखंड ज्ञानपुर के प्रांगण में "एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम के तहत प्रधानाध्यापिका श्रीमती अनुराधा जायसवाल शिक्षिका नीतू यादव, गायत्री मौर्य नीलम मौर्य मनीष जायसवाल के साथ गुड़हल के पौधे का पौधरोपण करते हुए अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि गर्म होती धरती और पिघलते ग्लेशियर के कारण पिछले कई दशकों से जलवायु परिवर्तन से मौसम प्रभावित हुआ है। बिगड़ते मौसम से उत्पन्न प्राकृतिक आपदाओं से जान माल का अत्यधिक नुकसान मानव को उठाना पड़ा है। हम अपने लालच की प्रतिपूर्ति के लिए पेड़ों को बेतहाशा काटकर अपार्टमेंट्स रिजॉर्ट और बड़ी-बड़ी होटलों के निर्माण कर धनार्जन में लगे हुए हैं। उसी लालच का परिणाम प्रकृति के कहर के रूप में हमारे सामने आ रहा है। इनसे बचने का सिर्फ और सिर्फ एक ही उपाय है कि हम अधिक से अधिक वृक्षों का वृक्षारोपण कर उन्हें संरक्षित करने का प्रयास करें तभी प्रकृति के कर से बचा जा सकता है।

### हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन



**चुनार, मिर्जापुर।** प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले हनुमान चालीसा पाठ के क्रम में शनिवार को रामलीला भवन में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान कथावाचक कैलाश पति त्रिपाठी, लक्ष्मी शंकर पांडे पांडेय के साथ आलोक सिंह, चंद्रहास गुप्ता, महेंद्र वर्मा,अनिल जायसवाल, झब्बू लाल गुप्ता,आशीष सिंह, मुन्ना बिंद,अमित पटेल, श्रवण सेठ,पारस गुप्ता, महेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### गुप्त नवरात्रि के नवमी पर दक्षिणेश्वर काली मां का किया श्रृंगार

**मां को लगाया भोग, हुआ भंडारे का आयोजन**



**सीखड़, मीरजापुर।** विकास खण्ड अन्तर्गत मगरहा लरछूट संपर्क पर स्थित मां दक्षिणेश्वर काली माता मंदिर पर शुक्रवार को देर रात मां काली का भव्य श्रृंगार करने के साथ ही उनको भोग लगाया गया।मंदिर पर पुजारी पंकज बाबा ने गर्भ गृह में मां का आरती पूजन करने के बाद दूर दराज से आए श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन कराए। भक्तों ने मंदिर प्रांगण में चल रहे भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। जिसमें मिर्जापुर , वाराणसी भदोही के श्रद्धालु आदित्य शंकर पांडेय एडवोकेट, आशीष पांडेय, मोढ़ भदोही के अलावा अनील सिंह उपासिका ज्योति सिंह, प्रहलाद सिंह, ममता सिंह, मेनका मिश्रा, उमेश विश्वकर्मा, पूजा विश्वकर्मा, सुनीता सिंह, उषा सिंह, दीपू मिश्रा, अशोक सिंह, सत्यप्रकाश सिंह ,सत्यम मिश्रा, सहित भारी संख्या में महिला पुरुष युवा आदि श्रद्धालु भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

# सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल के तरफ से विहंगम वृक्षारोपण अभियान

**● व्यापक वृक्षारोपण अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया स्कूल के बच्चों ने**

**विंध्याचल छेत्र परशिया में जहां स्कूल के बच्चों ने और टीचर भी बड़ी संख्या में बच्चों के साथ मिलकर पेड़ लगाने में मदद किया**



**स्वतंत्र प्रभात**

**मीरजापुर, विंध्याचल।** सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल टीचर खुशी तिवारी ने बताया पर्यावरण को बेहतर बनाने और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए चलाया जाता है। यह अभियान भारत सरकार और अन्य कई संगठनों द्वारा चलाया जाता है, जिसमें विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए जाते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन से निपटना और लोगों को प्रकृति के महत्व के बारे में जागरूक करना है। विहंगम वृक्षारोपण अभियान के तहत, सरकार और गैर-सरकारी संगठन मिलकर काम करते हैं ताकि अधिक से अधिक पौधे लगाए जा सकें। इस अभियान में सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल के बच्चों ने बड़े ही चाव से पेड़ लगाए हैं और उन सभी बच्चों को पेड़ के महत्व के बारे बताया गया उनकी देखभाल भी किस प्रकार से करनी चाहिए उनको जागरुक किया, आज विंध्याचल स्थित परशिया स्थान पर पौधे लगाए हैं।

इसके अलावा, लोगों को अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में भी पौधे लगाने के लिए प्रोत्साहित किया गया, यह अभियान न केवल पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह लोगों के जीवन में भी सकारात्मक बदलाव लाता है। वृक्षारोपण से न केवल वायु और जल प्रदूषण कम होता है, बल्कि यह मिट्टी के कटाव को रोकने और वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करने में भी मदद करता है। वहीं इस कार्यक्रम में सीओ क्षेत्राधिकारी व बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहते हुए पेड़ को लगाया इस विहंगम वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित लोग, अध्यापिका खुशी तिवारी, प्रिया यादव, रितिमा श्रीवास्तव, श्रेया श्रीवास्तव, साहिल केसरी, राहिल अली, शुभम रुद्राक्ष हिफ्ज़ा अकील आदि लोग उपस्थित रहें।

## मारपीट, गाली- गुप्ता व धमकी के अभियोग से सम्बन्धित 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात**

**मीरजापुर।** थाना विन्ध्याचल वादी विश्वमोहन मिश्रा पुत्र स्व0 मनमोहन मिश्रा (मुख्य श्रृगारी-विन्ध्याचल मंदिर) निवासी पूरब मोहाल पाकरतर, थाना विन्ध्याचल, जनपद मीरजापुर द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध वादी के साथ माँ विन्ध्यावासनी मंदिर के गर्भगृह में मारपीट, गाली-गुप्ता व धमकी देने सहित अन्य के सम्बन्ध लिखित तहरीर दी गई । उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-224/2025 धारा 3(5), 309(6), 115(2), 352, 351(2) बीएनएस व 07 आपराधिक कानून अधि. पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष विन्ध्याचल को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना विन्ध्याचल पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में पतारसी-सुरागरसी एवं अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में रविवार को थानाध्यक्ष वैद्यनाथ सिंह व उप निरीक्षक विजय शंकर तिवारी मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 02 अभियुक्त 1. सुमित पाण्डेय पुत्र रामजी पाण्डेय निवासी ग्राम बावली चौराहा थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर व 2. सम्राट पाण्डेय पुत्र अमित



पाण्डेय निवासी बावली चौराहा थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर को अंतर्गत धारा 3(5), 309(6), 115(2), 352, 351(2) बीएनएस व 07 आपराधिक कानून अधि. में गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

# भाजपा नेता मनोज जायसवाल ने पहाड़ी मंडल में मनाई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मजयंती

**स्वतंत्र प्रभात**

**मीरजापुर।** श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्म जयंती पर पहाड़ी मंडल पडरी के हाइटेक स्कूल में आयोजित गोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा नेता मनोज जायसवाल ने उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि 06 जुलाई 1901 को पश्चिम बंगाल के कलकत्ता में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ था।उनका परिवार प्रतिष्ठित परिवारों में एक था।उनके पिता सर आशुतोष मुखर्जी शिक्षाविद् के रूप में विख्यात थे,उनकी माता का नाम जोगमाया देवी था।श्यामप्रसाद मुखर्जी ने 1917 में मेट्रिक और 1921 में बीए पास किया,आगे की पढ़ाई के लिए इंग्लैंड चले गए और बैरिस्टर बनकर वापस लौटे। वे भारतीय शिक्षाविद, चिंतक, राजनेता के साथ भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में से एक थे।जम्मू कश्मीर को अलग दर्जा दिए जाने के घोर विरोधी थे,उन्हें देश में दो निशान,दो प्रधान मंजूर नही था।उन्होंने जम्मू कश्मीर से धारा 370 को खत्म कराने के लिये कई आंदोलन भी किये और संसद में भी 370 को खत्म करने के लिए मजबूती के साथ अपनी बात कही थी।भारतीय जनता पार्टी ने उनके सपने को साकार करने का काम किया हैं।देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 और 35 को खत्म कर उनके सपने को साकार कर सच्ची श्रद्धांजलि दी है।11 मई को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने उनको गिरफ्तार कर जेल भेजा था।23 जून 1953 को रहस्यमई परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी।भारतीय जनता पार्टी उनके ही आदर्शो और सिद्धांतो पर चलकर देश में विकास और अन्य कार्यो को कर रही है।समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ मिल रहा है।श्यामा प्रसाद मुखर्जी की सोच को लेकर पार्टी आगे बढ़ रही है। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मण्डल अध्यक्ष अशोक मौर्या, कार्यक्रम संयोजक देवेंद्र प्रताप सिंह,



निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार सोनकर ,पूर्व मण्डल अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रहरि, ज्ञानप्रकाश सिंह, त्रिलोक दूबे, जिला मंत्री प्रमोद सिंह, मण्डल उपाध्यक्ष बिंदु भारतीय, उपाध्यक्ष दीपक, रमाशंकर दूबे, देवेंद्र, वरिष्ठ कार्यकर्ता अम्बिका सिंह, विजय नारायण तिवारी, महामंत्री आशीष दूबे, कौलेश्वर मौर्या, संजय मौर्या, महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष श्रीमती सोनी सिंह, शक्तिकेंद्र संयोजकगण,मण्डल मंत्री आदि कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# भूमिधरी ज़मीन पर अवैध कब्जे का आरोप, बुज़ुर्ग को दी जा रही जान से मारने की धमकी

**● ढ्ढत्र मीरजापुर को सौंपी गई शिकायत, न्याय की लगाई गुहार**

**स्वतंत्र प्रभात**

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के ग्राम नीबी गहरवार निवासी 82 वर्षीय बुजुर्ग रमाकान्त ने अपनी वैध भूमिधरी संपत्ति पर अवैध कब्जे और धमकियों के खिलाफ मीरजापुर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (ढ्ढत्र) को शिकायती पत्र सौंपा है। रमाकान्त ने आरोप लगाया है कि उनके ही सगे भाई श्रीकान्त, मीता देवी ,और प्रवीण कुमार ने खसरा संख्या 92, रकबा 2 बीघा में अपने हिस्से से अतरिक्त 10 बिस्सा जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। रमाकान्त ने बताया कि वे उक्त भूमि के वैध भूमिधर हैं और 20 वर्षों से वहीं निवास कर खेती करते आ रहे हैं। भूमि का नामांतरण एवं भू-अभिलेख उनके नाम पर दर्ज है। उनकी उम्र अधिक होने के कारण वे चलने-फिरने में असमर्थ हैं और बीपी जैसी बीमारी से ग्रसित हैं। एम उनकी पत्नी फूलकुमारी का इलाज (PGI) चल रहा है ऐसे में उनके सगे भाई विद्याकांत सदस्य उनकी देखभाल कर रहे हैं।

शिकायत में बताया गया कि विपक्षीगण - श्रीकान्त (पुलिस विभाग से रिटायर्ड), मीता देवी (स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त नर्स) और उनका पुत्र प्रवीण कुमार (जिसे शिकायतकर्ता ने बदमाश और गुण्डा प्रवृत्ति का है)- मिलकर न सिर्फ ज़मीन पर अवैध कब्जा किए हुए हैं, बल्कि रमाकान्त और उनके छोटे भाई विद्याकान्त एवं उनके परिवार को जान से मारने की धमकि दे रहे हैं। इस पूरे प्रकरण में एनसीआर संख्या 56/2024 के अंतर्गत धारा 323 और 504 में पूर्व में मुकदमा दर्ज किया जा चुका है। बावजूद इसके अब तक कोई ठोस कानूनी कार्यवाही नहीं की गई। रमाकान्त का कहना है कि उन्होंने कई बार थाना दिवस और तहसील दिवस में शिकायतें दीं, परंतु प्रशासनिक स्तर पर निष्क्रियता बनी रही। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि रमाकान्त द्वारा लगाए गए आम के फलदार वृक्ष को विपक्षियों ने काट डाला, जिसकी सूचना वन विभाग (DFO) को दी गई है और उस पर भी एफआईआर की प्रक्रिया जारी है।

रमाकान्त के प्रतिनिधि अमित कुमार त्रिपाठी मंत्री अखिल भारतीय कृषि एवं ग्रामीण मजदूर महासंघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ नीबी गहरवार मीरजापुर उत्तर प्रदेश द्वारा ढ्ढत्र को प्रेषित पत्र में मांग की गई है कि ढ्ढक्क्ष्ट की धाराओं 441, 447, 506 के तहत अविलंब एफआईआर दर्ज की जाए, ज़मीन पर से अवैध कब्जा हटाया जाए, तथा परिवार को आवश्यक सुरक्षा मुहैया कराई जाए। पत्र में आरोप लगाया गया है कि विन्ध्याचल थाने से मौके पर पहुँचे पुलिस अधिकारी गणेश पाण्डेय और वरुण शुक्ला राजस्व लेखपाल टीम ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और गोलमोल रवैया अपनाया। अब रमाकान्त और उनके परिवार को न केवल मानसिक, बल्कि सामाजिक और आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। शिकायतकर्ता ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र न्याय की मांग की है।

## आस्था और विश्वास का अदभुत संगम,श्री सिद्धपीठ बड़ी बुढ़िया शीतला मां धाम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने टेका मत्था



**शेरवां, मिर्जापुर।** क्षेत्र के ग्राम घसरौड़ी स्थित श्री सिद्धपीठ आदिशक्ति मां भगवती बड़ी बुढ़िया शीतला माता के धाम मे दिन रविवार को सुबह से लेकर दोपहर दिन में दुर दुर दराज से आए हुए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मत्था टेक माता रानी से आशीर्वाद लिया। जहां बताते चलें कि ग्राम घसरौड़ी बांस के बगीचे के बांस की कोठी में स्वयं जगत जननी मां आदिशक्ति अवतरित हुई है और क्षेत्र में इनकी जय जय कार बड़े ही हर्षोल्लास के गुंजायमान हो रहा है जहां आस्था और विश्वास का एक अदभुत संगम माना जा रहा है वहीं शारदीय नवरात्र तथा चैत्र नवरात्रि आ जाने पर माता के इस धाम में भक्तों की भारी से भारी जनसंख्या में दर्शनों के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ता है मां भगवती का चमत्कार दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है।


### सदस्य, राज्य महिला आयोग 09 जुलाई को राजकीय अतिथि गृह ज्ञानपुर में सुनेंगी महिला उत्पीड़न से सम्बंधित समस्याएं



**भदोही-** जिला प्रोबेशन अधिकारी शत्रुघ्न कन्नौजिया ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया है कि सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग श्रीमती नीलम प्रभात की अध्यक्षता में 09 जुलाई को समय पूर्वान्ह 11 बजे से राजकीय अतिथि गृह ज्ञानपुर में महिला जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन होना है। उक्त जन सुनवाई कार्यक्रम में कोई भी महिला या बालिका, जो किसी प्रकार की हिंसा, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न या अन्य उत्पीड़न से पीड़ित हो या उन्हे किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है, तो वे महिला/बालिकायें आयोजित महिला जन सुनवाई कार्यक्रम में मा0 सदस्य के समक्ष उपस्थिति होकर अपने प्रकरण का निस्तारण करा सकती है। अधिकारी जानकारी के लिये जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय या वन स्टाप सेन्टर, कलेक्ट्रेट परिसर से सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### वन महोत्सव 2025 के अंतर्गत "एक पेड़ मां के नाम 2.0" कार्यक्रम के तहत पौधों का वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति किया जागरूक





**● कार्यालय परिसर में तथा रिक्रूट आरक्षीयों द्वारा कुल 750 पौधों का वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति किया जागरूक**

**स्वतंत्र प्रभात**

**भदोही** दिनांक 07.07.2025 को अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा "वन महोत्सव" के अवसर पर "एक पेड़ मां के नाम 2.0"अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में तथा बलराम, पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में रिक्रूट आरक्षीयों द्वारा पुलिस लाईन ज्ञानपुर में 350 पौधे, पुलिस लाईन सरपतहाँ में 150 पौधे, पुलिस आफिस सरपतहाँ में 100 पौधे, पुलिस अधीक्षक आवास में 60 पौधे, अपर पुलिस अधीक्षक आवास में 50 पौधे, क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर आवास सरपतहाँ में 20 पौधे एवं क्षेत्राधिकारी लाईन आवास में 20 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। यह आयोजन 01 जुलाई से 07 तक संचालित वन महोत्सव कार्यक्रम का हिस्सा है। जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वन महोत्सव के दौरान वृक्षारोपण के साथ-साथ उनके देखभाल और संरक्षण का विषय ध्यान दिया जाए तथा वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया जिसमें सभी का सहयोग आवश्यक है।

# पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा प्रतिदिन की भांति जनता दर्शन में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं

**● गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश**

**स्वतंत्र प्रभात**

प्रतिदिन की जा रही जनसुनवाई के क्रम में आज दिनांक-07.07.2025 को अभिमन्यु मांगलिकपुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा पुलिस कार्यालय पर जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। महोदय द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई/महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित/शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो। साथ ही जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

इसी क्रम में जनपद के समस्त राजपत्रित



अधिकारीगण व थाना प्रभारियों द्वारा कार्यालय/थाना पर जनसुनवाई करते हुए प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन पर आकांक्षात्मक विकास खण्ड औराई को प्रोत्साहन हेतु शासन से मिला 01 करोड़ का पुरस्कार

**● डेल्टा रैकिंग सहित पाँचों विषयगत क्षेत्रों में भी औराई ने स्थापित किये नये प्रतिमान**

**पूर्व में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन पर औराई को मिला था 2.5 करोड़ रूपये, सम्पादित हुए 29 परियोजना/कार्य**

**जिलाधिकारी ने आकांक्षी ब्लाक औराई के विभिन्न विषयगत क्षेत्र उपलब्धियों पर दी जानकारी**

**स्वतंत्र प्रभात**

**भदोही-** क्रिटिकल गैप्स योजना के अन्तर्गत ओवर आल डेल्टा रैकिंग तथा विषयगत क्षेत्र रैकिंग के आधार पर आकांक्षी विकास खण्ड औराई प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार प्रोत्साहन हेतु 01 करोड़ की धनराशि शासन द्वारा दी गई है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता में उपर्युक्त जानकारी देते हुए आकांक्षी विकास खण्ड औराई के विभिन्न आयामों पर बल दिया। आकांक्षात्मक विकासखंड प्रोग्राम के अंतर्गत देशभर में चयनित 500 विकास खंडों में से उत्तर प्रदेश के जनपद भदोही के औराई विकासखंड को ओवरऑल डेल्टा रैंकिंग में देश में 22 वां स्थान एवं उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर भारत सरकार नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा जारी प्रशंसा पत्र में जनवरी-मार्च 2025 की अवधि के लिए आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत औराई में विकास कार्यों हेतु 1 करोड़ की पुरस्कार राशि प्रदान की गई है।

आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत, नीति आयोग प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों पर ब्लॉकों की प्रगति की निगरानी करता है और चुनौती पद्धति के माध्यम से शीर्ष रैंक हासिल करने वाले ब्लॉकों को प्रदर्शन-आधारित पुरस्कार प्रदान करता है। नीति आयोग द्वारा जारी पत्र में उ0प्र0 के मुख्य सचिव से अनुरोध किया गया है कि कृपया उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिला कलेक्टर भदोही को एक अच्छी सेवा प्रविष्टि जारी करें।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि जनपद व औराई टीम के समर्पण व कड़ी लगन के कारण उ0प्र0 में आंकाक्षी ब्लाक औराई को प्रथम स्थान प्राप्त हो सका है, जिस कारण शासन द्वारा विकास कार्यो हेतु पुरस्कार स्वरूप 01 करोड़ की धनराशि प्राप्त हुई है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मार्च-2023 से मार्च-2024 तक ओवर ऑल डेल्टा रैकिंग में आकांक्षी विकास खण्ड औराई प्रथम स्थान रहने पर पूर्व में 2.5 करोड़ की पुरस्कार प्रोत्साहन धनराशि शासन द्वारा प्राप्त की गई थी। जिससे विकास खण्ड औराई में कुल 29 परियोजना/कार्यो को सम्पादित किया गया।

जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल व औराई बीडीओ दिलीप कुमार को आंकाक्षी ब्लाक औराई हेतु आवंटित पुरस्कार 01 करोड़ राशि के सदुपयोग हेतु कार्य योजना/परियोजना प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। नीति आयोग ने परियोजनाओं को तैयार करने में जिलों की सहायता के लिए विशेषज्ञों की एक टीम वाली एक परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) का गठन किया है। परियोजना एबीपी के पांच क्षेत्रों-स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि व संबद्ध सेवाए, आधारभूत अवसंरचना, सामाजिक



विकास में से किसी में भी तैयार की जा सकती है।

जनवरी-मार्च 2025 की अवधि के लिए आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम डेल्टा रैंकिंग में उत्तर भारत जोन 2 में जनपद भदोही के विकासखंड औराई को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। ध्यातव्य है कि नीति आयोग के द्वारा जनपद भदोही में औराई को आकांक्षी ब्लॉक के रूप में चयनित किया गया था, जिसके तहत औराई ब्लॉक में 5 विषयगत क्षेत्र-स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा,कृषि व संबद्ध सेवाए, आधारभूत अवसंरचना, सामाजिक विकास सहित विभिन्न सूचकांकों पर उन्नति के लिए कार्य चल रहा है जिसको लेकर जिलाधिकारी शैलेष कुमार व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा औराई ब्लॉक में अपेक्षित प्रगति के लिए कार्यक्रमों की सतत समीक्षा की जाती रही है। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि औराई ब्लॉक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि समेत विभिन्न सूचकांकों पर विशेष ध्यान देकर जनसामान्य को लाभान्वित कराने के साथ ही अपेक्षित प्रगति दर्ज कराई गई, जिसका परिणाम रहा की नीति आयोग द्वारा जारी रैंकिंग में उत्तर प्रदेश में औराई ब्लॉक को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। औराई विकासखंड की इस उपलब्धि से जिले के अन्य विकासखंडों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी अपने क्षेत्र में विकास के कार्यों को गति देने के लिए प्रेरित होंगे।

# चार वर्ष मे सरकार की तमाम योजनाओं का ग्रामीणों को मिला लाभ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धीरज मिश्रा


**● मुख्यमंत्री आवास पाकर खिला गरीब परिवार का चेहरा**

**स्वतंत्र प्रभात**

**हलिया मिर्जापुर।** हलिया विकास खण्ड के ग्राम पंचायत नदौली पटेहरा मे तमाम सरकार की योजनाओं का मिला भरपूर ग्रामीणों को लाभ जिसमें सबसे ज्यादा आवास के लाभार्थी देखने को मिले मुख्यमंत्री आवास 100 परिवार को मिला प्रधानमंत्री आवास 250 परिवार को मिला विकलांग आवास दो परिवार को मिला विधवा आवास तीन परिवार को मिला टोटल 355 आवास ग्रामीणों को मुहैया कराया गया। साथ ही साथ 116 वृद्धा लोगो को पेंशन मिल रहा है विधवा पेशन 23 महिलाओं को मिल रहा है विकलांग पेंशन 8 लोगो को मिल रहा है और लगभग ग्राम पंचायत में 17 इंटरलॉकिंग ग्राम पंचायत से कराकर ग्रामीणों को अंडर ग्राउंड नाली देकर सुरक्षित कराया गया है लगभग तमाम सड़क को गड्ढा मुक्त कर जीएसईबी गिट्टी सोलिंग डलवा कर सड़क का मरम्मत कराया गया है लगभग चार नाली का कार्य कराया गया है 6 चबूतरा बनवाया गया है एक शिव मंदिर जीणोधार का कार्य कराया गया है नव पुलिया बनवाया गया है पांच जगत कुआँ का बनवाया गया है। ग्राम पंचायत में आरसी सेंटर एमडीएम सेट मॉडल साफ भी बनवाया गया है ।साथ ही साथ ग्राम पंचायत में खेलकूद मैदान जिम सेंटर अमृतसरोवर तालाब का कार्य भी कराया गया है। ग्राम पंचायत में एक कंपोजिट विद्यालय एक प्राथमिक विद्यालय है। अच्छे ढंग से संचालित हो रही हैं।इसके अलावा ग्राम पंचायत में विधायक निधि का कार्य 5 इंटरलॉकिंग तीन सीसी रोड बनवाया गया है बाकी ग्राम पंचायत में क्षेत्र पंचायत से कोई कार्य नहीं हुआ है ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र पंचायत का कार्य नदौली पटेरा का ले जाकर दूसरे ग्राम पंचायत में कराया गया है। ग्राम प्रधान केवल पत्ती ने बताया कि हमारा पहले सोच था कि गांव का शिक्षा जो हम व्यक्तिगत श्याम नारायण मिश्र मेमोरियल इंटर कॉलेज खुलवाकर गांव को शिक्षित करने का प्रयास किया उसके बाद गांव का विकास करने का निर्णय लिया जनता का काफी हमको उत्साह मिला 5 वर्ष जनता के बीच में जनता को सरकार के द्वारा सरकारी आवास सहित तमाम योजनाओं को जमीन पर दिया गया आगे और भी विकास का सोच रखी हूं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धीरज मिश्रा ने बताया कि 4 वर्ष में तमाम सरकार की योजनाओं के लाभ के साथ ग्राम पंचायत में एक गौशाला भी पास करवा दिया हूं जल्द से जल्द गौशाला में काम लगेगा और एक अच्छे ढंग से गौशाला ग्राम पंचायत में बनवाया जाएगा और आवारा पशुओं को सुरक्षित किया जाएगा जिससे गांव के किसान सुरक्षित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### इसानियत मोहब्बत तहजीब और हकीकत का पैगाम देती है हुसैन की शहादत



**प्रयागराज।** अहमदपुर पवन में माहे मोहर्रम की 10 तारीख को हर साल की तरह इस साल भी बड़े इमाम बाड़े से ताजिया को बड़े अदब ओ एहतेराम के साथ उठाया गया जहा अकीदत मन ताजिया के साथ नोहे और नारे बुलंद करते चल रहे थे तो वही बड़ी तादाद मे औरते और बच्चे भी ताजिया की जियरात को पहुंचे हर कोई ताजिया का दीदार करने के लिए बेचैन था हुसैन के शैदाइयों के हाथ में या अली या हुसैन के परचम थे देश का तिरंगा भी लहराया जा रहा था लाउडस्पीकर पर दर्द भरे नौहे बजाया जा रहे थे जो माहौल को और भी गमगीन बना रहे थे यहां पर हर कोई ताजिया को अपने मोबाइल और कमरे में यादें हुसैन रखना चाहता था । सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे हुसैन के शैदाइयों की भारी भीड़ होती है इस भीड को कंट्रोल करने के लिए बहुत मेहनत करना पड़ता है हर कोई बोसा लेने फूल चढ़ाने मन्नत मांगने मन्नत की चीजे चढ़ाने के लिए बेचैन नजर आया। लाखों शहादतों के बाद हम आगुड्डू मुस्तफा उर्फ भुट्टू परवेज निहाल आसिफ जुऐब बड़े बुजुर्गो की देखरेख में वक्त की पाबंदी के साथ बड़ा इमामबाड़ा से ताजिया के जुलूस को उठाकर गांव के तै हुए रास्तों से होते हुए वक्त की पाबंदी को देखते हुए मोहर्रम कमेटी के मेंबरों ने बड़े ही एहतराम के साथ नोहा और महतम करते हुए ताजिया को अपने इमाम बाड़े तक पहुंचाया।

### जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का पद भार ग्रहण एवं संकल्प कार्यक्रम संपन्न

**देवरिया।** जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त पदाधिकारियों का पद भार ग्रहण एवं संकल्प समारोह संस्कृति मैरेज हॉल में पूरी ऊर्जा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक, सुधीर राय ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पदग्रहण एवं संकल्प दिलाते हुए कहा कि संगठन को गतिशील बनाने के लिए पूरी ऊर्जा और पूरी ताकत के साथ बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को जोड़ने का कार्य करें। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने उनकी बात पर सहमति जताते हुए पार्टी को हर स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया। विशिष्ट अतिथि निर्वतमान प्रदेश उपाध्यक्ष केशव चंद्र यादव, निर्वतमान प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद, महिला कांग्रेस पूर्वी जोन के प्रदेश अध्यक्ष शहला अहरारी, जिला कोऑर्डिनेटर डॉ.सैय्यद ज़माल अहमद, जिला कोऑर्डिनेटर सतेन्द्र सिंह एवं पूर्व जिलाध्यक्ष सहित अन्य कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल व संचालन जिला उपाध्यक्ष अरविन्द शाही ने किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक दीनानाथ कुशवाहा,पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, बिस्मिल्लाह लारी, राधवेंद्र सिंह 'राकेश', धर्मेंद्र सिंह, रामजी गिरी, जयदीप त्रिपाठी, नागेंद्र शुक्ला, वरूण राय, जवाहरलाल चौहान, स्नेहलता गौतम, जवाहरलाल बरनवाल, सुभाष राय, महेंद्र अंबेडकर, शहर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, आनन्द श्रीवास्तव सोनू, सत्यप्रकाश मणि, दीनदयाल प्रसाद,विजय शंकर मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### "नशा मुक्त अमेठी अभियान" के अन्तर्गत थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा 35 ग्राम स्मैक के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार



**शुकुल बाजार अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व "नशा मुक्त अमेठी अभियान" के अन्तर्गत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अफजाल पुत्र आशिक अली निवासी ग्राम लालगंज थाना बाजार शुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 30 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 35 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना बाजार शुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

# एसडीएम आकांक्षा सिंह के ट्रांसफर होते ही अधिवक्ताओं में खुशी की लहर, तहसील परिसर में बटे लड्डू

स्वतंत्र प्रभात



**कोरांव प्रयागराज।** तहसील कोराव में एसडीएम आकांक्षा सिंह के विरुद्ध उनके मनमानी रवैए और तानाशाही कार्य में शिथिलता को लेकर पूर्व अध्यक्ष ललन कुमार तिवारी के नेतृत्व में चली सत्ताईस दिन से लामबंद अधिवक्ताओं की हड़ताल रविवार को जैसे ही एसडीएम का जिलाधिकारी द्वारा ट्रांसफर का आदेश आया अधिवक्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई सोमवार को तहसील पहुंचते ही अधिवक्ताओं ने लड्डू बाटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए एसडीएम केविरुद्ध चल रही हड़ताल को खत्म किया।

गौरतलब हो कि एसडीएम आकांक्षा सिंह के तानाशाही और अधिवक्ताओं के ऊपर आए दिन एफआईआर की धमकी देने के साथ उनकी निरंकुशता के अलावा कार्य में शिथिलता को लेकर पूर्व अध्यक्ष ललन कुमार तिवारी के नेतृत्व में उनके ट्रान्सफर को लेकर सत्ताईस दिन से चल रही हड़ताल को जिलाधिकारी द्वारा रविवार को एसडीएम का ट्रांसफर किए जाने के बाद सोमवार को तहसील पहुंचे अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में लड्डू बाटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराते हुए खुशी का इजहार किया और चल रही हड़ताल को विराम देते हुए अपने अपने कार्य पर लौटे आए इस दौरान अधिवक्ताओं के साथ फरियादियों के चेहरे पर भी खुशी झलक रही थी अधिवक्ताओं ने एक दूसरे का आभार जताते हुए गले मिले अधिवक्ताओं में मुख्य रूप से बार एसोशिएशन के पूर्व अध्यक्ष ललन कुमार तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष श्यामाकांत त्रिपाठी उर्फ बब्बन बागी, उप मंत्री पन्नालाल मिश्रा, श्याम सुन्दर तिवारी, पूर्व मंत्री विंध्यवासिनी प्रसाद शुक्ला, अजय तिवारी, शिव कुमार प्रजापति, श्याम मिश्रा, योगेंद्र नाथ द्विवेदी उर्फ राजू द्विवेदी, विनीत मिश्रा, शशि द्विवेदी, रावेंद्र मिश्रा, अनूप मिश्रा, सुनील कुमार पाण्डेय,रवि प्रकाश तिवारी, भास्कर यादव, मणि शंकर शर्मा, वेद प्रकाश प्रजाप्रति,शशि कांत पाण्डेय, कौशलेश तिवारी महाकाल, देवेंद्र चतुर्वेदी, आशुतोष तिवारी, रजनीश मिश्रा, कौशलेश तिवारी, रोहित पाण्डेय, विवेक गौतम, नितेश पाण्डेय, रामकृष्ण बिंद आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

# हनुमान चालीसा पाठ का हुआ आयोजन



**चुनार, मिर्जापुर।** प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले हनुमान चालीसा पाठ के क्रम में शनिवार को रामलीला भवन में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान कथावाचक कैलाश पति त्रिपाठी, लक्ष्मी शंकर पांडे पांडेय के साथ आलोक सिंह, चंद्रहास गुप्ता, महेंद्र वर्मा,अनिल जायसवाल, झब्बू लाल गुप्ता, आशीष सिंह, मुन्ना बिंद, अमित पटेल, श्रवण सेठ, पारस गुप्ता, महेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# क्षेत्रीय विधायक से आमरण अनशन पर बैठे अधिवक्ता ने मांगा सहयोग बातचीत कर अनशन कराया खत्म

स्वतंत्र प्रभात



**कोरांव प्रयागराज।** क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल के हस्तक्षेप के बाद शनिवार को शाम 8 बजे के आसपास आमरण अनशन और भूख हड़ताल में बैठे कुछ अधिवक्ताओं ने अपना अनशन समाप्त कर दिया। इस अचानक हुए फैसले से तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। विधायक राजमणि कोल ने अधिवक्ताओं के साथ वार्ता की और उन्हें समझौते के लिए राजी किया। उन्होंने अपने विवेक का परिचय देते हुए मामला शांत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

हालांकि, बार एसोसिएशन कोरांव की तरफ से इस अनशन के समर्थन में कोई सहमति नहीं थी। अधिकांश अधिवक्ता अपना कार्य सुचारु रूप से कर रहे थे और उन्हें इस तरह के अनशन से कोई लेना-देना नहीं था। कुछ अधिवक्ताओं ने विधायक के साथ समझौता करने के बाद अपना अनशन समाप्त कर दिया, लेकिन अन्य अधिवक्ताओं की प्रतिक्रिया अलग है। उन्हें लगता है कि बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की सहमति के बिना इस तरह का अनशन करना उचित नहीं था। अधिकांश अधिवक्ता एसडीएम आकांक्षा सिंह की निष्पक्ष निर्णय कार्य प्रणाली से खुश हैं। उन्हें लगता है कि एसडीएम की कार्य प्रणाली से लोगों को बिना भेदभाव के न्याय मिल रहा है। क्षेत्र के सम्मानित लोगों का भी मानना है कि ऐसे ही निष्पक्ष और न्यायप्रिय अधिकारियों की जरूरत है।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर संगोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जन्म जयंती पर उनके जीवन वृत्तांत एवं कृतित्व पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन झूसी मंडल के आवास विकास कालोनी योजना 3 स्थित सरयू हास्पिटल के सामने पैराडाइज गार्डन गेस्ट हाउस में किया गया संगोष्ठी के मुख्य अतिथि रामानुज शुक्ला प्रदेश सहसंयोजक पंचायत प्रकोष्ठ एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा उत्तर प्रदेश थे, संगोष्ठी में वक्ताओं ने डॉ मुखर्जी के जन्म, शिक्षा,चिंतन, त्याग राष्ट्रवादी विचारधारा,एक राष्ट्र श्रेष्ठ राष्ट्र, एक संविधान एक निशान एक विधान, उनके संघ के प्रचारक से केन्द्रीय मंत्री, बनने पर त्यागने कांग्रेस के ढुलमुल रवैए एवं दोहरेपन का विरोध, उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु उनके विचारों कथनों आचरणों पर विस्तार से प्रकाश डाला कार्यक्रम की अध्यक्षता रोहित कुमार निषाद मंडल अध्यक्ष झूंसी विशिष्ट अतिथि मनोज निषाद जिला महामंत्री भाजपा गंगा पार प्रयागराजमृगेंद्र सिंह जिला संयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ठशयाम धर मिश्रा पूर्व जिला कोषाध्यक्ष हरिचरण शुक्ल गुरुजी श्री कांत तिवारी अध्यक्ष कृष्णा विहार विकास समिति सियाराम मौर्य पार्षद मलावा बुजुर्ग आदि ने विचार व्यक्त किए। संचालन पवन कुमार पाण्डेय एवं वीरेंद्र कुमार यादव दोनों महामंत्री ने किए। कार्यक्रम संयोजक नागेन्द्र द्विवेदी पार्षद प्रत्याशी हवेलियां थे।

मंडल उपाध्यक्ष संजय यादव, विजय सिंह, अवधेश सिंह चौहान, मोहित केसरवानी, सुनीता उपाध्याय, नीलम गिरी मंडल मंत्री प्रीती तिवारी, पूनम सिंह, सुनीता चौधरी, अशोक भारतीय, रवि निषाद नीलकमल निषाद, मंडल कोषाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल सूरज पासी, सत्या तिवारी, विजय लक्ष्मी सिंह चंदेल, अनीता सिंह श्वेता सिंह चौहान रितु तिवारी श्वेता श्रीवास्तव, अजय सिंह विनय पांडेय डॉ कमलेश,,दीपक केसरवानी, कलेक्टर गिरी राजेश्वरी पांडेय नीरज सोनी रामबदन, सिंह रामचंद्र बिंद, अल्पना निषाद, मेनका निषाद, ऊषा रानी, रामजी कुशवाहा, राजकुमार केसरवानी,राजू भारतीय संगीता श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, मंजू यादव, महेन्द्र कुशवाहा पवन पटेल, दुर्गेश पासी, गंगा राम जी के साथ साथ क्षेत्रीय जनमानस उपस्थित रहा।

# चोरी करने वाले गिरोह के 04 अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**● कब्जे से 20 ग्राम पीली धातु, चोरी के आभूषणों को बेचने से प्राप्त 6 लाख 50 हजार/- रूपये नकद व 01 अवैध देशी तमंचा .315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर, 01 मोटरसाइकिल, 01 स्कूटी व 01 मोबाइल फोन बरामद**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** थाना करैली पुलिस व SOG नगर व सर्विलांस सेल नगर की संयुक्त टीम द्वारा । CCC के सहयोग से थाना स्थानीय के पंजीकृत मु0अ0सं0-108/2025 धारा 331(4)/305(a) बी0 एन0 एस0 में प्रकाश में आये 04 अभियुक्तों को आज दिनांक 07.07.2025 को गिरफ्तार किया गया। जिनमें से 03 अभियुक्तों 1. मुन्ना उर्फ हसनैन पुत्र लतीफ नि0 चकिया मन्ना मोड थाना धूमनगंज प्रयागराज, 2. सैफुल्ला उर्फ राइडर पुत्र बरकत उल्ला नि0 गढ़ी सराय चौक शाहगंज थाना शाहगंज प्रयागराज, 3. फहद अजीज पुत्र स्व0 अब्दुल अजीज नि0 गौस नगर थाना करैली प्रयागराज को पुलिस मुठभेड़ में एलिना सिटी के पास थाना क्षेत्र करैली प्रयागराज से गिरफ्तार किया गया। तथा अभियुक्त 4. गोपाल सोनी पुत्र राम चन्द्र सेठ नि0 ग्राम हनुमानघाट थाना कोतवाली जनपद जौनपुर हाल पता पीपल गाँव थाना एयरपोर्ट जनपद प्रयागराज को जोगीबीर रेलवे फ्लाईओवर के पास थाना क्षेत्र खुल्दाबाद से गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से 20 ग्राम पीली धातु, चोरी के आभूषणों को बेचने से प्राप्त रुपयों में से 6 लाख 50 हजार/- रूपये नकद व 01 अवैध देशी तमंचा .315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर, 01 खोखा कारतूस .315 बोर व 01 मोटरसाइकिल, 01 स्कूटी व 01 मोबाइल फोन बरामद किया गया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 317(2) बी0एन0एस0 की बढ़ोत्तरी की गयी तथा मु0अ0सं0-118/2025 धारा 109 बी0एन0एस0 व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया । नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। **घटना का संक्षिप्त विवरण–** वादी मुकदमा श्री सुहेल तैय्यब पुत्र मो0 यासीन अंसारी निवासी तक्षक्क नगर थाना करैली जनपद प्रयागराज द्वारा दिनांक 02.07.2025 को थाना करैली पुलिस को सूचना दी गयी कि उनके घर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गयी है। उक्त सूचना पर थाना करैली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मु0अ0सं0-108/2025 धारा 331(4)/305(a) बी0 एन0 एस0 पंजीकृत किया गया तथा घटना का सफल अनावरण करने हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया।

**पुलिस मुठभेड़/गिरफ्तारी का विवरण–** दिनांक 07.07.2025 को पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान 01 बाइक सवार 03 व्यक्तियों को पुलिस द्वारा रुकने का इशारा किया गया परन्तु वे पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। सन्देह होने पर पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल सवार उन व्यक्तियों का पीछा कर उन्हें घेरने का प्रयास किया गया। स्वयं को पुलिस से घिरता हुआ देखकर उनमें से 01 व्यक्ति द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी, जिससे पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी। 01 अभियुक्त मुन्ना उर्फ हसनैन उपरोक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल हुआ तथा शेष 02 अभियुक्तों सैफुल्ला उर्फ राइडर तथा फहद अजीज उपरोक्त को मौके से गिरफ्तार किया गया।

**पूछताछ का विवरण–** अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वे लोग बंद पड़े मकानों की रेकी कर उनमें चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं तथा अपनी सुरक्षा के लिये अवैध शस्त्र भी साथ में रखते हैं। अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उन्होंने दिनांक 02.07.2025 को थाना करैली के GTB नगर में बन्द पड़े एक मकान में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की थी। चोरी से प्राप्त आभूषण उन्होंने अभियुक्त गोपाल सोनी उपरोक्त को बेच दिये थे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाए जाने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के जनपद में माह जुलाई 2025 से अनियमित क्षेत्र के उद्योगों का सर्वेक्षण (ASUSE) कराया जा रहा है यह सर्वेक्षण राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO),MoSPI भारत सरकार द्वारा निर्धारित पद्धतियों तथा मार्गदर्शन में कराया जा रहा है। ASUSE सर्वेक्षण में भी निर्माण व्यापार तथा सेवा क्षेत्र के अनुच्छेद उद्योगों से महत्वपूर्ण सूचनाओं यथा ग्रास वैल्यू एडेड पर एंटरप्राइज ग्रॉस वैल्यू एडेड पर वर्कर आदि एकत्र की जाएगी इन सर्वेक्षणों से प्राप्त अनुमानों का प्रयोग जिला घरेलू उत्पाद डीपीपी के तैयार करने में किया जाएगा जो राज्य हेतु नीति निर्माण में अत्यंत उपयोगी होंगे। यह सर्वेक्षण जनपद स्तर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी तथा मंडल स्तर पर उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या की देखरेख में कराया जा रहा हैद्य उक्त सर्वेक्षण हेतु सुपरवाइजर एवं सर्वेक्षणकर्ता का प्रशिक्षण विकास भवन स्थित सरस सभागार में 7 जुलाई 2025 से 9 जुलाई 2025 के बीच आयोजित किया गया है। उक्त प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पर्यवेक्षक एवं सर्वेक्षणकर्ता को पूरी निष्ठा से कार्य करने की सलाह दी गई। उक्त प्रशिक्षण में प्रभारी उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या संतोष कुमार, मंडलीय अर्थ एवं संख्या अधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी प्रतापगढ़ सुश्री प्रियंका, अर्थ एवं संख्या अधिकारी प्रयागराज नीरज कुमार एवं प्रशिक्षणकर्ता राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय प्रयागराज के वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी मनीष एवं कुलदीप कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

# अपना दल एस की बैठक संपन्न



**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज विधान सभा के बेवा चौराहे पर जिलाध्यक्ष श्याम सुन्दर चौधरी की अध्यक्षता में मासिक बैठक किया गया। बैठक में संगठन पर विस्तार रूप से बताया गया एवं सदस्यता अभियान पर विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर माह प्रत्येक विधानसभा में जन चौपाल लगाकर संगठन के विस्तारके लिए अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ा जाय एवं पार्टी की विचारधारा को जन जन तक पहुँचाया जाये। जिलाध्यक्ष श्याम सुन्दर चौधरी ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं अपने-अपने विधानसभा में ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाएं और पार्टी के विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं। इस अवसर पर विनय जायसवाल, अराजुन निशा, तनवीर, मुख्तर शाह, अकबर अली, राम वर्मा, भीखी, मोहम्मद मुकीम, महमूद आलम सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# खड़े ट्रक से टकराया आटो वाहन, वृद्धा समेत दो की मौत!

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** गंगापार के मलाक बलऊ के पास रविवार को रात्रि मे भीषण सड़क हादसा हो गया। मार्पग पर खड़े ट्रक से तेज रफ्तार आटो वाहन टकरा गया। हादसे में आटो चालक व एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि मृतका की बहू व तीन नाती गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद नवाबगंज पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। प्रतापगढ़ जनपद के परानूपुर हथिगवां निवासी गिरजा शंकर द्विवेदी का दारागंज में भी मकान है। रविवार को दारागंज स्थित मकान में आने के लिए उनकी 70 वर्षीय पत्नी जावित्री अपनी बहू कामिनी, नाती आयुष, अनिरुद्ध व वैभव के साथ आटो में सवार होकर निकलीं। चालक 30 वर्षीय इसहाक अहमद निवासी दानियालपुर नवाबगंज जैसे ही आटो लेकर मलाक बलऊ गांव के पास पहुंचा सामने सड़क पर खड़े ट्रक से टकरा गया। उसमें सवार लोग चीखने-चिल्लाने लगे। राहगीरों के साथ ही आसपास रहने वाले लोग घटनास्थल पर पहुंचे और किसी प्रकार सभी को बाहर निकाला। नवाबगंज पुलिस भी आ गई और सभी को समीप के अस्पताल ले गई।

घटनास्थल पर मौजूद लोगों की मदद से पुलिस सभी घायलों को तत्काल लेकर अस्पताल पहुंची। डाक्टरों ने सभी की जांच-पड़ताल करने के बाद जावित्री व इसहाक अहमद को मृत घोषित कर दिया। वहीं, कामिनी, आयुष, अनिरुद्ध व वैभव की हालत गंभीर देखकर स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उधर दुर्घटना के चलते करीब 20 मिनट तक प्रयागराज-लखनऊ मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा। हादसे की जानकारी पाकर मृत जावित्री व इसहाक अहमद के स्वजन एसआरएन अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे।

# जनपद में फास्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता

**● जनपद को मिली 1644 मै0टन फास्फेटिक उर्वरक की रैक।**

**समितियों के माध्यम से कराया जायेगा वितरण।**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** वर्तमान में खरीफ सीजन की बुवाई के दृष्टिगत किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने हेतु जनपद को 1644 मै0टन फास्फेटिक उर्वरक की रैक मिल गयी है। जिला कृषि अधिकारी, प्रयागराज के के सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में निजी क्षेत्र को प्राप्त होने वाली उर्वरक रैक से 40 प्रतिशत उर्वरक सहकारिता क्षेत्र को उपलब्ध कराते हुये, साधन सहाकारी समितियों के माध्यम से वितरण का कार्य कराया जा रहा है।

निजी क्षेत्र के आई0पी0एल0 कम्पनी द्वारा आपूर्तित कुल 2594 मै0टन के रैक से इस जनपद को प्राप्त 1644 मै0टन फास्फेटिक उर्वरक में से 1035 मै0टन सहकारिता क्षेत्र में एवं 609 मै0टन निजी क्षेत्र में उर्वरक की आपूर्ति कराते हुये, किसानों को उनकी जोत के आधार पर पी0ओ0एस0 के माध्यम से सम्बन्धित कृषकों का अगूठा लगवाकर वितरण का कार्य निरन्तर कराया जा रहा है। वर्तमान में जनपद में यूरिया 52000 मै0टन, डी0ए0पी0 6581 मै0टन, एन0पी0के0 14363 मै0टन, एस0एस0पी0 6372 मै0टन उर्वरक उपलब्ध है। जनपद में संचालित कुल 211 साधन सहकारी समितियों में से 195 समितियॉ क्रियाशील है, जिनमें 80 साधन सहकारी समितियों में प्राप्त होने वाली रैक से उर्वरक की आपूर्ति की जा रही है। शेष समितियों पर फास्फेटिक उर्वरक पहले से ही उपलब्ध है।

जिला कृषि अधिकारी के के सिंह द्वारा समस्त थोक एवं फुटकर उर्वरक बिक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर बिक्री अथवा उर्वरक के साथ अन्य उत्पाद की टैगिंग की शिकायत प्राप्त होने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के तहत सम्बन्धित बिक्रेता के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# लोकतंत्र के लिए कोसी पार! अफसरों की ज़मीनी पड़ताल

**● नाव और बाइक से मतदान केंद्र का निरीक्षण, अफसरों ने दिखाई चुनावी प्रतिबद्धता**

स्वतंत्र प्रभात





**बिहार- सुपौल** कोसी के उफनते धार और दलदली रास्तों को पार कर सोमवार को एक अनोखा नज़ारा देखने को मिला, जब भारत निर्वाचन आयोग के उप निर्वाचन आयुक्त संजय कुमार और सुपौल डीएम सावन कुमार खुद मोटरसाइकिल और नाव पर सवार होकर तटबंध के अंदर बसे गांवों तक पहुँचे। मौका था विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत गोपालपुर सिरे पंचायत में स्थित मतदान केंद्र संख्या 216 और 217 के निरीक्षण का, जो कोसी तटबंध के भीतर स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए हैं। धूप, कीचड़ और संकरे रास्तों के बावजूद अफसरों की टीम ने गांव तक पहुँचकर वोटर सूची, बूथ की व्यवस्था, स्कैनिंग और वितरण कार्य का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान ग्रामीणों से संवाद करते हुए उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने का आग्रह भी किया गया। इस रोमांचक निरीक्षण यात्रा में पुलिस अधीक्षक शार्थ आरएस, उप विकास आयुक्त सारा आरश, एसडीओ इन्द्रदेव कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी विकास कुमार कर्ण, अवर निर्वाचन पदाधिकारी कमलेश कुमार और ज्योति गामी भी मौजूद रहे। कोसी की धार ने भले रास्ता रोका, लेकिन अफसरों के हौसले ने दिखा दिया कि लोकतंत्र की नींव गांव-गांव तक मजबूत करने की जिम्मेदारी कितनी गंभीरता से निभाई जा रही है।

# मनकापुर राजघराने के राजा आनंद सिंह का निधन

**● राजमहल पर समर्थकों का तांता, 344 साल पुरानी है गोंडा की रियासत।**

**प्रयागराज।** पूर्व कैबिनेट मंत्री व मनकापुर राजघराने के राजा आनंद सिंह का रविवार रात लखनऊ में निधन हो गया. आनंद सिंह ने 87 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली. आनंद सिंह सांसद और विधायक भी रहे थे. उनके निधन की खबर फैलते ही लोग राजमहल पर जुट गए. वहीं उनके पुत्र कीर्ति वर्धन सिंह दिल्ली से गोंडा पहुंच गए. पार्थिव शरीर राजमहल में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है. राजा आनंद सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव आदि ने शोक जताया है।

इतिहास के पन्नों में मनकापुर राजघराने का इतिहास 1681 से दर्ज है. जब कुंवर अजमत सिंह यहां के राजा बने. इसके बाद राजा गोपाल सिंह, राजा बहादुर सिंह, राजा बख्त सिंह, राजा पृथ्वीपाल सिंह और राजा जय प्रकाश सिंह ने राजसिंहासन संभाला. 1884 में राजा रघुराज सिंह ने मनकापुर राजघराने की कमान संभाली. वर्ष 1932 में उनकी मृत्यु हो गई. उनकी दूसरी रानी के पुत्र अम्बिकेश्वर प्रताप सिंह ने यहां के शासन की कमान संभाली. वह जनता के बीच बेहद लोकप्रिय राजा थे. उन्हें साधु राजा की उपाधि दी गई थी।

राजा आनंद सिंह ने 1964 में संभाली कमानः राजा आनंद सिंह मनकापुर राजघराने की गद्दी पर सन् 1964 में बैठे. उनका जन्म 4 जनवरी 1939 को हुआ था. उन्होंने पिता के निधन के बाद गद्दी संभाली थी. सन् 1939 में जन्मे राजा आनंद सिंह बेहद विनम्र और अच्छे व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे. उनके बेटे कुंवर कीर्तिवर्धन सिंह वर्तमान में राजनीतिक विरासत संभाल रहे हें और गोंडा लोकसभा सीट से भाजपा सांसद हैं. वे विदेश राज्य मंत्री भी हैं.. आनंद सिंह की उत्तर प्रदेश की राजनीति बहुत अच्छी पकड़ थी. कांग्रेस से लंबे समय तक राजनीति की और उसके बाद समाजवादी पार्टी में कृषि कैबिनेट मंत्री रहे. आनंद सिंह अनु भइया के उपनाम से गोंडा की जनता के बीच में जाने जाते थे. वह पूर्वांचल की राजनीति के भीष्म पितामह माने जाते थे. वह कांग्रेस के टिकट से चार बार सांसद बने थे. अखिलेश सरकार में कृषि मंत्री रहे थे. उसके बाद उन्होंने राजनीतिक जीवन से सन्यांस ले लिया था. वह बेहद विनम्र और अच्छे स्वभाव के लिए जानते जाते थे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुहर्रम पर निकाला गया ताजिया, जुलूस में दिखाए गए तलवार व लाठियों के करतब



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड-** इस्लाम धर्मावलंबियों का महत्वपूर्ण पर्व मुहर्रम रविवार को पाकुड़िया में श्रद्धा और परंपरा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विशाल ताजिया जुलूस निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। जुलूस में शामिल लोग मर्सिया पढ़ते हुए और "हुसैन" के गगनभेदी नारे लगाते हुए पूरे गांव में भ्रमण करते दिखे। ताजिया जुलूस में लाठी और तलवार के करतब भी दिखाए गए, जिन्हें देखकर जनसमूह रोमांचित हुआ। यह पर्व इस्लाम के अंतिम पैगंबर मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की शहादत की याद में मनाया जाता है। जुलूस में इस्लामी परंपराओं की झलक साफ देखने को मिली। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पाकुड़िया स्थित कर्बला मैदान में विभिन्न गांवों से ताजिया जुलूस लेकर लोग एकत्रित हुए। मर्सिया गीतों और नारों के साथ पूरा वातावरण श्रद्धा से भर उठा। इस अवसर पर कर्बला मैदान में मेले का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी धर्मों और समुदायों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। संध्या के समय ताजिया को वापस ले जाकर परंपरागत रूप से दफन किया गया। मुहर्रम को लेकर पलियादह, डोमनगढ़िया, मलिकपुर, सोल्ला, गोपालनगर, लकड़ापहाड़ी, राजपोखर, फुलझिंझरी, बागजोबरा, पाकुड़िया, मोंगलाबांध और देकीडूबा समेत अनेक गांवों में मुस्लिम समुदाय में विशेष उत्साह देखा गया। बच्चों में भी खास उल्लास देखने को मिला। त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु दंडाधिकारियों की निगरानी में पुलिस बल मुस्तैद और सतर्क रहा।

### बच्चई पंचायत भवन डुमरी में 250 किसानों को मिला निःशुल्क बीज

**बच्चई पंचायत में 250 किसानों को मुफ्त उरद और मक्का बीज का वितरण हर किसान तक पहुंचा सरकारी योजना का लाभ- मुखिया रजक**



**चौपारण हजारीबाग झारखंड-** चौपारण प्रखंड के बच्चई पंचायत भवन, ग्राम डुमरी में सोमवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा हजारीबाग के तत्वावधान में किसानों के बीच उरद और मक्का बीज का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में आईसीएआर के डॉ. कृष्णा प्रकाश, चौपारण सीएसी एफपीओ के निदेशक दीपक कुमार, सीईओ कैलाश साव की उपस्थिति रही। कार्यक्रम मुखिया बिरेन्द्र रजक तथा पंचायत समिति सदस्य सहदेव यादव के प्रयास से आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुल 250 किसानों को पारदर्शिता के साथ बीज वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया बिरेन्द्र रजक ने कहा, हमारी पंचायत में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य किया जा रहा है। पहले यह लाभ कुछ गिने-चुने लोगों तक ही सीमित था, लेकिन अब हर जरूरतमंद किसान तक इसका लाभ पहुँचाया जा रहा है। यह कार्यक्रम किसानों के हित में योजना के सफल कार्यान्वयन का एक उदाहरण है, जिससे क्षेत्र के कृषकों को सीधा लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में उपमुखिया संजय साव, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि गणेश भूइंया, अंगत यादव, किसुन साव, समाजसेवी नकुलदेव रजक, जगरनाथ साव, कृष्णा साव, भोला साव, गंगा यादव, किसान मित्र मिन्हाज मेहंदी, संतोष पाण्डेय, टिंकू कुमार, मनोज यादव, जीतेन्द्र रजक, लिलो साव, तोसीफ अंसारी, तसलीम अंसारी, जेएसपीएल से तृषा रानी, नीलम देवी, अंजू देवी, बबिता देवी, मीणा देवी समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा

# हुसैनाबाद के लोहबंधा में सौहार्द के साथ शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मोहर्रम का त्योहार

● मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी द्वारा मैदान-ए- कर्बला के प्रारुप का निकला गया भव्य ताजिया

● मातमी जुलूस पर या अली,हसन या हुसैन की नारों से गूंजा लोहबंधा गांव सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महुडंड ओपी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल थे तैनात




**स्वतंत्र प्रभात**

**हुसैनाबाद/पलामू/झारखंड** - हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के महुडंड ओपी अंतर्गत लोहबंधा गांव में हजरत ईमाम हसन व हुसैन की शहादत की याद में मनाए जाने वाला मोहर्रम का त्योहार सौहार्द पूर्वक शाम सात बजे शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मोहर्रम दशमीं पहलाम जुलूस के दौरान लोगों ने या अली,या हसन या हुसैन की नारों से मुस्लिम धर्मावलंबियों ने सदाएं बुलंद करते देखे गए। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मोहर्रम के दशमीं पहलाम के दिन महुडंड ओपी प्रभारी कमलेश प्रकाश सिन्हा ने लोहबंधा गांव पहुंच मोहर्रम जुलूस में शामिल होकर शांति व्यवस्था का जायजा लिया। एवं मौके पर सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों को मोहर्रम पर्व की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मोहर्रम के दशमीं पहलाम मातम व तजिया जुलूस देखने के लिए पंचायत क्षेत्र व आसपास के दर्जनों गांवों से हजारों की संख्या में विभिन्न समुदायों के लोगों की भीड़ देखी गई। मोहर्रम कमेटी के लोगों द्वारा मिलनी महुआ के पास एकत्रित होकर मातमी जुलूस के साथ मुस्लिम समुदाय के युवाओं , बच्चों एवं बुजुर्गों द्वारा परंपरागत हथियारों जैसे तलवार, डंडा, गड़ांसा आदि से एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज खेल प्रदर्शन को देखाया गया। मालूम हो कि मोहर्रम पर्व के दशमीं पहलाम के दिन लोहबंधा गांव के कर्बला पर पहुंच कर मोहर्रम को देखने के साथ दर्जनों गांवों से आये विभिन्न समुदाय के लोगों ने अपनी मन्नत और दुआएं मांगने की फरियाद करते हैं। और सभी लोगों की फरियाद हमारे सोहदाएं कर्बला वाले ने सभी की मन्नत व दुआएं पुरी किया करते हैं। इस दौरान मोहर्रम के पहलाम के दिन कर्बला चौक पर लोगों ने अपनी शिरनी चढ़ाकर फतेहा पढ़ा व मन्नत पूरी होने वाले लोगों ने चादरपोशी की। मालूम हो कि मोहर्रम पर्व के साथ सभी त्योहार लोहबंधा गांव में सभी समुदाय के लोग हिंदू - मुस्लिम एकता का परिचय देते हुए हर्षोल्लास पूर्वक मनाया करते हैं ताकि हम सभी समुदायों में आपसी भाईचारा बनी रहे।

# देव शयानी एकादशी पर श्रद्धालुओं ने मंदिरों में भक्ति-भाव से की अर्चना

● इस शुभ अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रखा उपवास



**स्वतंत्र प्रभात**

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंड-** सनातन संस्कृति में पर्वों की महत्ता चिरकाल से रही है। यद्यपि सभी त्योहारों की विशिष्टता व वैज्ञानिक कारण रहे हैं, इस प्रकार पर्वों की मान्य परंपराओं में देव शयानी एकादशी की विशेष महत्ता प्राचीन काल से रही है। उल्लेखनीय है कि देव शयानी एकादशी तिथि को भगवान श्रीहरि योगनिद्रा में रहते हैं। शास्त्रों का कथन है कि निद्रा और योगनिद्रा में बड़ा अंतर है। सामान्य निद्रा में मस्तिष्क व शरीर शिथिल हो जाते हैं, वहीं योगनिद्रा में शरीर शिथिल होता है परंतु मस्तिष्क पूर्णतः जागृत रहता है और भगवान श्रीविष्णु योगनिद्रा में पूरे ब्रह्मांड की गतिविधियों का आकलन करते रहते हैं। कहा जाता है कि वामन स्वरूप में भगवान विष्णु दानवीर राजा बलि की यज्ञशाला में याचक बनकर पहुंचे। बलि ने याचना करने को कहा तो वामन रूपी विष्णु ने कहा कि "तुम पहले प्रण करो देने का, तब मैं तुमसे मांगूंगा। " इस बीच राजा बलि को सावधान करते हुए दैत्य गुरु शुक्राचार्य ने कहा कि यह और कोई नहीं बल्कि स्वयं विष्णु हैं। परंतु दानवीर बलि ने प्रण करते हुए कहा, "आप मांगे। " श्रीहरि ने दो पगों में पूरा भू-लोक नाप लिया और तीसरा पग राजा बलि के मस्तक पर रख दिया। तत्पश्चात श्रीविष्णु ने बलि को दर्शन देकर कहा, "बलि, तुम जो कहोगे मैं वही दूंगा। " तब राजा बलि ने कहा, "आप मेरे साथ चलें और मेरे दरबार में रहें। " श्रीहरि ने वैसा ही किया। इधर सभी देवगण चिंतित हो गए और माता लक्ष्मी से प्रार्थना की कि वे कोई उपाय करें। लेकिन भक्त के वश में भगवान होते हैं और वचनबद्ध भी। तदुपरांत माता लक्ष्मी बहन के रूप में जाकर राजा बलि से श्रीहरि को मांग लाई। यही है भक्त और भगवान का अंतरंग प्रेम। भगवान की इस उदारता और भक्त के प्रति स्नेह को बड़े-बड़े महर्षि भी नहीं समझ पाए। वहीं, इस देव शयानी एकादशी से देव उठावनी एकादशी तिथि तक का काल चातुर्मास कहलाता है। इस दौरान कोई शुभ कार्य, जैसे भूमि पूजन, भवन निर्माण या नया प्रतिष्ठान प्रारंभ नहीं किया जाता है।

इन चार महीनों को आध्यात्मिक ऊर्जा संचयन का समय कहा गया है। इसका एक कारण यह भी है कि इस दौरान वर्षा ऋतु होती है, कृषि कार्य होते हैं और कीड़े-मकोड़ों का प्रकोप बढ़ जाता है। इन चातुर्मास में लोग आध्यात्मिक ऊर्जा से पूर्ण होकर ऊर्जावान बनते हैं और देव उठावनी एकादशी को श्रद्धालु भगवान विष्णु को योगनिद्रा से जगाते हैं। लोग पूजा-पाठ करते हैं, बहुत से श्रद्धालु उपवास रखते हैं और अगले दिन स्नान कर अन्न ग्रहण करते हैं। मान्यता है कि इन चार महीनों में देवों के देव महादेव सृष्टि का संचालन और पालन करते हैं।

# विधायक प्रकाश राम का पहल लाया रंग, एक साथ खुलेंगे दो कॉलेज

**स्वतंत्र प्रभात**



**लातेहार झारखंड-** लातेहार जिला वासियों के लिए एक नया सपना साकार होने जा रहा है। जिला मुख्यालय में एक साथ दो डिग्री कॉलेज जल्द ही शुरू होने वाला है। लातेहार विधायक प्रकाश राम ने उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव से सचिवालय में मिलकर लातेहार की शिक्षा स्थिति से अवगत कराते हुए दोनों कॉलेज को यथाशीघ्र प्रारंभ करने का आग्रह किया था। विधायक ने ज्ञापन सौंपकर इसी सत्र से पढ़ाई चालू हो इसका विशेष आग्रह किया था। जिसके बाद सोमवार को नीलांबर पीतांबर यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉक्टर दिनेश कुमार सिंह ने लातेहार में बनकर तैयार महिला डिग्री कॉलेज और मॉडल डिग्री कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही दोनों कॉलेज में पठन-पाठन का कार्य सुचारू रूप से आरंभ किया जाएगा।

**25 साल बाद लातेहार को मिलेगा सरकारी डिग्री कॉलेज:**

लातेहार को जिला बने लगभग 25 साल हो चुके हैं, बावजूद जिले में एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं है, जिसके कारण स्थानीय बच्चे पढ़ाई में पिछड़ रहे थे। लेकिन विधायक प्रकाश राम के सार्थक पहल के बाद 25 साल के बाद लातेहार को एक साथ दो डिग्री कॉलेज मिलने जा रहा है

**शिक्षा के क्षेत्र में लातेहार को अव्वल बनाना है :- प्रकाश राम**

लातेहार विधायक प्रकाश राम ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में लातेहार को अव्वल बनाना मेरी प्राथमिकता में है। यहां के बच्चे प्रतिभावान है जिसका प्रमाण उन्होंने मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में दिया है। अब डिग्री कॉलेज शुरू होने से यहां के बच्चों को सहूलियत होगी, अभिभावक भी परेशान नहीं होंगे। लातेहार के बच्चे यहां भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। कॉलेज के लिए आगे भी जो करना होगा वह सभी सार्थक कदम उठाएंगे।

# चंदवा में तीन दिनों से ठप पड़े बिजली को लेकर किसानों ने मोमबत्ती जलाकर किया विरोध प्रदर्शन

**स्वतंत्र प्रभात**



**चंदवा, झारखंड-** प्रखंड में तीन दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित रहने तथा कामता गांव को चंदवा फीडर से हटाकर नगर में जोड़ देने के खिलाफ कामता में ट्रांसफार्मर के पास दिन में किसानों ने मोमबत्ती जलाकर विरोध प्रदर्शन करते रोष प्रकट किया साथ ही सरकार व प्रशासन को जगाने का प्रयास किया है। किसान नेता सह पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि पिछले करीब तीन चार दिनों से बिजली आपूर्ति पुरी तरह से ठप है, विद्युत आपूर्ति नहीं होने से किसान ढिबरी लालटेन युग में लौट हो गए हैं, शाम होते ही गांवों में अंधेरा छा जा रहा है, मुम्बती ढिबरी के सहारे किसानों की जिवन बित रही है, बारिश के मौशम में जहरीला जीव जंतु सांप बिच्छू ज्यादा निकलते बारिश से बचने के लिए घर आंगन प्रवेश कर जाते हैं, अंधेरा होने के कारण सांप बिच्छू दिखाई नहीं पड़ता है जिससे मुझे डंसने का खतरा बना हुआ है। साथ ही बिजली नहीं रहने के कारण हमारे बचे रात मे पढाई नहीं कर पा रहे हैं इस कारण उनका पढाई बाधित हो गया है, ग्रामीण क्षेत्र तीन दिन से पुरी तरह ब्लैक आउट मोड में चला गया है। इसके कारण किसानों में बिजली विभाग के प्रति काफी रोष है। इलेक्ट्रॉनिक से जुड़े कई प्रकार के दुकानदार एवं व्यवसायिक के कार्यों में भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है उनकी आर्थिक स्थिति दिनों दिन कमजोर हो रही है परिवारों के भरण पोषण में कठिनाइयां का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बारिश के मौसम में बिजली की आपूर्ति किसानों के लिए अति आवश्यक है, ताकि किसान सुरक्षित रह सकें और सभी अपनी आजीविका चला सकें। किसानों ने उपायुक्त से तत्काल बिजली समस्या दुर करने की मांग किया है। जल्द बिजली आपूर्ति शुरू नहीं कि गया और कामता गांव को चंदवा फीडर से जोड़ा नहीं गया तो किसान इसी तरह धरना प्रदर्शन करते करते रहेंगे जिसकी जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी।

# बी.एड./एम.एड./बी.पी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2025 का परिणाम रद्द, नामांकन प्रक्रिया भी स्थगित

● अधिसूचना जारी होते ही छात्रों में गहराया असमंजस और चिंता का माहौल

**स्वतंत्र प्रभात**


झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

**राँची, झारखंड-** झारखंड राज्य में शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आयोजित बी.एड., एम.एड. और बी.पी.एड. संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 2025 से जुड़ा एक बड़ा प्रशासनिक निर्णय सामने आया है। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद् (जेसीईसीईबी) ने इस परीक्षा का घोषित परिणाम रद्द कर दिया है। परिषद् द्वारा जारी अधिसूचना में बताया गया है कि अपरिहार्य कारणों से न केवल परिणाम को अमान्य घोषित किया गया है, बल्कि प्रथम चरण की ऑनलाइन नामांकन प्रक्रिया को भी तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। यह परीक्षा परिणाम 4 जुलाई 2025 को जारी किया गया था, और परिषद् की योजना थी कि 7 जुलाई से नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। लेकिन निर्धारित तिथि को ही परिषद् ने एक नई अधिसूचना जारी कर स्थिति को पूरी तरह पलट दिया। इस अधिसूचना में न तो परिणाम रद्द करने का कोई स्पष्ट कारण दिया गया है, और न ही यह बताया गया है कि अगली प्रक्रिया कब और कैसे शुरू होगी। परिषद् की ओर से केवल यह कहा गया है कि आगे की जानकारी समयानुसार समाचार पत्रों और उनकी वेबस्थल के माध्यम से दी जाएगी। यह निर्णय आने के बाद राज्य भर के अभ्यर्थियों में गहरा असंतोष व्याप्त है। छात्र संगठन एवं सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं के माध्यम से इस निर्णय की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न उठाए जा रहे हैं। कई अभ्यर्थियों ने मांग की है कि परिषद् यह स्पष्ट करे कि परिणाम को किस आधार पर रद्द किया गया है। अचानक लिया गया यह निर्णय उन हजारों अभ्यर्थियों के लिए मानसिक दबाव का कारण बन गया है, जिन्होंने लंबी तैयारी के बाद परीक्षा दी थी और परिणाम का इंतजार कर रहे थे। झारखंड सरकार और शिक्षा विभाग की ओर से अब तक इस संबंध में कोई विस्तृत वक्तव्य सामने नहीं आया है। परिषद् ने सिर्फ यह आश्वासन दिया है कि सभी संबंधित सूचनाएं समय पर जारी की जाएंगी और अभ्यर्थियों से आग्रह किया गया है कि वे अफवाहों से बचें तथा केवल आधिकारिक सूचना पर ही भरोसा करें।

# आदर्श लक्ष्य की नई पहल : व्यक्तिगत शोक को बनाया जनसेवा का संकल्प

**स्वतंत्र प्रभात**



**देवघर, झारखंड-** आजसू पार्टी देवघर के जिला अध्यक्ष, प्रसिद्ध बिल्डर और उद्योगपति आदर्श लक्ष्य इन दिनों अपनी नानी स्वर्गीय नमिता बसु राव (पूर्व प्रधानाध्यापिका) के निधन से गहरे शोक में हैं। नानी की बीमारी के समय वे लगातार उनके साथ रहे और उनके स्वास्थ्य लाभ के लिए मंदिरों, मस्जिदों और चर्चों में जाकर प्रार्थनाएं करते रहे। नानी के देहांत के बाद भी उन्होंने इस व्यक्तिगत पीड़ा को समाज सेवा के संकल्प में परिवर्तित करते हुए एक मानवीय मिसाल पेश की है। उनके मैनेजर अशोक सिंह ने मीडिया को जानकारी दी कि आदर्श लक्ष्य जल्द ही "नमिता आदर्श लक्ष्य फाउंडेशन" की स्थापना करेंगे, जो समाज के वंचित और जरूरतमंद वर्गों की सेवा हेतु समर्पित होगा।

**फाउंडेशन के अंतर्गत इन योजनाओं को दिया जाएगा मूर्त रूप:** एक आधुनिक वृद्धाश्रम की स्थापना, जहाँ बुजुर्गों को सम्मानजनक जीवन, चिकित्सा सुविधा और देखभाल प्रदान की जाएगी। हर दिन 1000 जरूरतमंदों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए।

मानसिक रूप से अस्वस्थ और बेघर लोगों के लिए समर्पित आश्रय व उपचार केंद्र, जहाँ वे सुरक्षित और सम्मानपूर्वक जीवन बिता सकें। यह पहल न केवल एक व्यक्तिगत श्रद्धांजलि है, बल्कि समाज के लिए करुणा और सेवा का आंदोलन भी है – विशेषकर उन लोगों के लिए, जिन्हें अक्सर समाज नजरअंदाज कर देता है। आदर्श लक्ष्य की यह संवेदनशील और दूरदर्शी सोच निश्चित ही झारखंड के सामाजिक परिदृश्य में नई रोशनी और प्रेरणा लेकर आएगी। उनकी यह पहल निःसंदेह समाज में सेवा, संवेदना और उत्तरदायित्व की भावना को और मजबूत करेगी।

# चौपारण में बासु कोल्डड्रिंक दुकान से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद

● चौपारण में शराब तस्करी का भंडाफोड़, दुकान से बरामद हुआ बड़ा जखीरा

● बासु कोल्डड्रिंक बना तस्करी का अड्डा, भारी मात्रा में शराब जब्त




**स्वतंत्र प्रभात**

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** बीते रविवार की रात चौपारण चतरा रोड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के बगल में संचालित बासु कोल्डड्रिंक नामक दुकान से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सूचना मिलते ही बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में अंचलाधिकारी चौपारण संजय यादव एवं थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश के साथ एक विशेष टीम का गठन कर छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान दुकान के एक बंद कमरे से 18 पेटी बियर किंग फिसर कंपनी 650 एमएल का प्रत्येक पेटी में 12 पीस, कुल-216 पीस एवं स्टर्लिंग रिजर्व बी-7 कंपनी का अंग्रेजी शराब 750 एमएल 7 पीस एवं 375 एमएल-15 पीस कुल 22 पीस, रॉयल स्टैग कंपनी का अंग्रेजी शराब 750 एमएल 03 पीस एव 375 एमएल 18 पीस कुल 21 पीस बरामद किया गया। पुलिस ने सभी अवैध शराब को मौके पर जब्त करते हुए चौपारण थाना कांड संख्या 199/25, दिनांक 07/07/2025 को भारतीय दंड संहिता की धारा 272, 274, 275, 292, 317(5) तथा उत्पाद अधिनियम की धारा 47(ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने मामले में संलिप्त शराब तस्करों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी तेज कर दी है। स्थानीय जनमानस में संतोष, प्रशासन की तारीफ – स्थानीय नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने इस कार्रवाई की सराहना की है। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि चौपारण में पिछले कुछ समय से शराब और नशे का कारोबार युवाओं को बर्बाद कर रहा था। इस तरह की कार्रवाई से समाज को राहत मिलेगी। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश के अलावा रौशन कुमार बर्णवाल, दिव्य प्रकाश, सुबिन्द्र राम, बादल कुमार महतो, हवलदार इसाक अंसारी, आरक्षी विजय कुमार सिंह समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया शहादत का पर्व मोहर्रम

● या अली या हुसैन से गूंज उठा पूरा इलाका

**स्वतंत्र प्रभात**

**मंडरो, साहेबगंज, झारखंड-** मंडरो प्रखंड क्षेत्र में मोहर्रम का पर्व अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। रविवार लगभग लगभग चार बजे के आसपास बुधवाचक करबला के मैदान में सभी गांव से या अली या हुसैन या अली या हुसैन की गूंज से ताजिया ओर निशान लेकर करबला के मैदान में पहुंचे। और और उस शहादत को याद किया गया। जो इस्लाम को बचाने के लिए इमाम हुसैन ने अपना सर कटा डाला था, और इस्लाम को जिंदा रखा। वहीं पर कुछ बुद्धजीवी लोगों ने कहा कि मोहर्रम सिर्फ शोक या मातम का महीना नहीं, बल्कि यह सब्र, क़ुर्बानी और इंसाफ़ के लिए उठ खड़े होने का पैग़ाम देता है। इस मौके पर लोगों को हज़रत इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके साथियों की अज़ीम कुर्बानी की याद दिलाई गई, जिन्होंने 680 ईस्वी यानी 61 हिजरी में कर्बला के तपते रेगिस्तान में पानी की एक बूँद न पीते हुए भी हक़ और इंसाफ़ की राह में जान क़ुर्बान कर दी। उनके साथियों में बुजुर्ग, जवान, बच्चे और यहां तक कि छह माह का मासूम बेटा अली असगर (अ.स.) भी शामिल था। ये 72 फ़िदाई जान निसार साथी, जिनमें हज़रत अब्बास (अ.स.), हज़रत अली अकबर (अ.स.), मुस्लिम बिन औसजा, जुहैर बिन क़ैन, हबीब इब्न मज़ाहिर जैसे बहादुर और वफ़ादार लोग शामिल थे, सभी ने यज़ीदी हुकूमत के जुल्म के खिलाफ डटकर मुकाबला किया और इस्लाम के असल उसूलों की हिफाज़त की। मोहर्रम की 1 से 10 तारीख तक मजलिसें और तकरीरें होती हैं, जिनमें उलमा-ए-किराम इमाम हुसैन की अज़ीम शहादत की अहमियत पर रौशनी डालते हैं। इस जुलूस ने यह संदेश दिया कि मोहर्रम सिर्फ एक मज़हबी रस्म नहीं, बल्कि एक इंसानी जज़्बे का वाक़िआ है–जुल्म के खिलाफ आवाज़ उठाने की, और इंसाफ़ के लिए हर कुर्बानी देने का सबक़ देता है।

# सेवई विद्यालय में रसोई सह भंडार गृह का मुखिया ने किया उद्घाटन

**स्वतंत्र प्रभात**

**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** चौपारण प्रखंड अंतर्गत बच्छई पंचायत के सेवई गांव स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में नवनिर्मित रसोई सह भंडार गृह का उद्घाटन सोमवार को समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया बिरेन्द्र रजक, पंचायत समिति सदस्य सहदेव यादव, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि गणेश भुइंया, सीताराम रविदास, कामेश्वर भुइंया, परमानंद पांडेय तथा विद्यालय परिवार के शिक्षक संतोष पांडेय और हेमलता कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और अभिभावकों की उपस्थिति में विद्यालय में चल रही शैक्षणिक व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। मुखिया बिरेन्द्र रजक ने विद्यालय में संचालित मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण करते हुए भोजन की गुणवत्ता, सफाई व्यवस्था एवं बच्चों को दिए जा रहे भोजन की मात्रा का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के लिए मध्यान्ह भोजन महत्वपूर्ण है, और यह संतोषजनक स्थिति में चल रही है, यह देखकर प्रसन्नता हुई। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि रसोई और भंडारण कक्ष के निर्माण से अब भोजन तैयार करने में सुविधा होगी और अनाज-सामग्री को सुरक्षित व स्वच्छ तरीके से रखा जा सकेगा। यह बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के शिक्षक संतोष पांडेय ने अतिथियों और उपस्थित ग्रामवासियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। ग्रामीणों ने विद्यालय के विकास कार्यों की सराहना करते हुए आगे और सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

## संक्षिप्त खबरें

### सीडीओ ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा

**चित्रकूट:** जनपद में चल रहे 50 लाख रुपये से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें सीडीओ ने सभी निर्माण कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने लोक निर्माण विभाग, सीएनडीएस, यूपीपीसीएल, आवास विकास परिषद आदि कार्यदाई संस्थाओं के द्वारा जनपद में कराए जा रहे निर्माण कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा व गाइडलाइन के अनुसार ही निर्माण कार्य कराएं तथा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएं। कहा कि जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके है, उन्हें संबंधित विभागों को हैंडओवर कराएं। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधीक्षक शैलेंद्र सिंह, अर्थ एवं संख्या अधिकारी राजदीप वर्मा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अखिलेश कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### 13 सितम्बर को जिले में होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**चित्रकूट:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव वर्णिका शुक्ला ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आगामी 13 सितंबर को जिले के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। बताया कि राष्ट्रीय लोक में शमनीय आपराधिक वाद, धारा - 138 एनआई एक्ट, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस मैटर्स, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व/चकबंदी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूली वाद, विर्निदिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान/लघु आपराधिक वादों, श्रम वाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आए हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोक्ता फेरम तथा आर्बिट्रेशन से सम्बन्धित वाद का निस्तारण किया जाएगा।

### आनंदी माता मंदिर में किया गया भंडारे का आयोजन

**मऊ, चित्रकूट:** क्षेत्र के आनंदी माता मंदिर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीणों ने बताया कि मऊ क्षेत्र में स्थित श्री मां दक्षिणेश्वरी दुर्गा शक्तिपीठ मां आनंदी धाम एक धार्मिक स्थल है। यहां दर्शन करने वाले लोगों की मांगी गई सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। जिससे इस मंदिर के प्रति लोगों में बहुत आस्था है। बताया कि प्रतिवर्ष इस मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें क्षेत्र के लोग प्रसाद ग्रहण करते है। इस बार भंडारे का 10वां आयोजन किया गया है। जिसमें व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए उपजिलाधिकारी सौरभ यादव, क्षेत्राधिकार यामीन अहमद व थाना प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने भ्रमण किया। इस मौके पर मंदिर समिति की रेवती रमन रस्तोगी, मिथिलेश सोनी, अर्चित शुक्ला, मयंक सोनी, मोहित रस्तोगी, शिव रस्तोगी, सतीश, सत्येंद्र, भोला, अंशु जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### विद्यालयों को विलय करने के आदेश को वापस ले भाजपा सरकार- सनेही

**आभास महासंघ ने सौंपा ज्ञापन**



**चित्रकूट ब्यूरो:** भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में किए जा रहे सरकारी विद्यालयों के विलय के विरोध में आभास महासंघ के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। आभास महासंघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही के बताया कि भाजपा सरकार द्वारा आदेश जारी कर प्रदेश के 27,965 प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों को विलय किया जा रहा है। कहा कि सरकार का यह आदेश न केवल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का उल्लंघन है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा ग्रहण करने वाले छोटे बच्चों के मौलिक अधिकार व अनिवार्य शिक्षा अधिकार 21 ए पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। सरकार के इस फैसले से गरीब, असहाय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग के बच्चों की शिक्षा पर संकट आ जाएगा। कहा कि मुख्यमंत्री अपने इस निर्णय वापस लेते हुए पूरे प्रदेश में एक समान शिक्षा लागू करें। ऐसा न किए जाने पर आभास महासंघ आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस मौके पर राष्ट्रीय संरक्षक रविंद्र कुमार भारतीय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार भास्कर, बुद्ध विलास बौद्ध, रामनारायण, विजय कुमार, विष्णु कुमार, नवदीप कुमार, विश्वदीप सुमन, एडवोकेट रजनीश कुमार, सुनील वर्मा, दिवाकर, राहुल वर्मा, रंजन भारती, लवलेश कुमार वर्मा, शिवपूजन भारती, कामता प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# राज ठाकरे को खुला छोड़ना देश के अमन-चैन के लिए खतरा- अनूप पांडेय

स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली** वरिष्ठ भाजपा नेता और हिंदू संघर्ष समिति के राष्ट्रीय महामंत्री अनूप पांडेय ने मुंबई में छिड़े भाषा विवाद को लेकर महाराष्ट्र नव निर्माण सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज ठाकरे पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि राज ठाकरे मुंबई में गुंडागर्दी पर उतारू हो गए हैं। वो लगातार भाषा विवाद को हवा दे रहे हैं। इसके कारण मुंबई में रहने वाले उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड, हरियाणा और पंजाब से लेकर असम और बंगाल तक के करोड़ों लोग अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। राज ठाकरे के विघटनकारी और विखंडनकारी राजनीतिक षड्यंत्र के कारण मुंबई के साथ पूरे देश में माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। अनूप पांडेय ने कहा कि ऐसी स्थिति में राज ठाकरे को खुला छोड़ना देश के अमन-चैन के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि मुंबई में बाहरी लोगों को सरेआम मारने पीटने का ऐलान करने की गुंडागर्दी करने वाले राज ठाकरे को रासुका के तहत जेल में डालना जरूरी है। अनूप पांडेय ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस बाल ठाकरे ने हिंदू समाज की एकता और अखंडता को अपने खून पसीने से सींचने का काम किया उन्हीं की संतान और उनके परिवार के लोग आज हिंदुत्व को कटघरे में खड़ा करने का काम कर रहे हैं। उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे नफरत फैलाकर और क्षेत्रवाद का हवा देकर मुख्यमंत्री की कुर्सी पाने का ख्वाब देख रहे हैं, जबकि उनको मालूम होना चाहिए कि उनका यह सपना अब कभी पूरा नहीं होगा। मुंबई और पूरे देश की जनता राष्ट्र और समाज के विभाजन की मानसिकता रखने वाले किसी व्यक्ति को कभी सत्ता नहीं दे सकती है। अनूप पांडेय ने कहा कि राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे को यह मालूम होना चाहिए की मुंबई के विकास में बाहरी लोगों का भी अमूल्य योगदान है। मुंबई हमले के दौरान उत्तर प्रदेश बिहार आदि प्रति के लोगों ने ही अपनी जान की बाजी लगाकर मराठी लोगों के जीवन की भी रक्षा की थी उस समय किसी ने नहीं देखा कि कौन किस क्षेत्र, जाति और धर्म का है, सभी ने मानवता का परिचय देते हुए उस त्रासदी में सहयोग करने का काम किया। अनूप पांडेय ने कहा कि राज ठाकरे को यूपी के रहने वाले मरीन कमांडो प्रवीण तेवतिया द्वारा पूछे गए उन सवालों का जवाब देना चाहिए जिसमें उन्होंने कहा है कि 26/11 को हुए मुंबई हमले में कई लोगों की उन्होंने जान बचाई थी। प्रवीण तेवतिया ने कहा है कि जब 26/11 का आतंकवादी हमला हुआ, तो राज ठाकरे के तथाकथित योद्धा छिप गए और कहीं नहीं मिले। राज ठाकरे खुद गायब रहे। अनूप पांडेय ने कहा कि प्रवीण तेवतिया ने गैर मराठी होते हुए भी मुंबई हमले में कई लोगों की जान बचाई थी और जिनकी जान बची उनमें कई मराठी भी शामिल रहे। लोगों की जान बचाने वाले सैनिक और सेना के काफी अधिकारी यूपी और बिहार के ही थे जिन्होंने मराठियों के प्राणों की भी रक्षा की। अनूप पांडेय ने कहा कि 2008 में भी राज ठाकरे ने इसी तरह की गुंडागर्दी यूपी-बिहार और अन्य राज्यों के लोगों से की थी। राज के उकसावे पर एमएनएस के कार्यकर्ताओं ने बाहरी लोगों को जगह-जगह पर मारा पीटा था।



अनूप पांडेय ने कहा कि भाषा और क्षेत्रवाद के नाम पर देश और हिंदू समाज को बांटने की राजनीति हिंदू संघर्ष समिति किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। अगर राज ठाकरे पर तत्काल राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत शिकंजा नहीं कसा गया तो हिंदू संघर्ष समिति इसके लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। अनूप पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मांग की है कि इस मामले में राज ठाकरे के खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि मुंबई में रहने वाले बाहरी लोग भय मुक्त होकर रह सकें।

## बर्रा पुलिस ने मुठभेड़ में दो अंतराज्यीय लुटेरे गिरफ्तार किए





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** दक्षिण ज़ोन में मोबाइल व चैन स्नैचिंग घटनाओं के मद्देनज़र चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में थाना बर्रा पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध बाइक सवारों ने पुलिस पर फायरिंग की पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई में दोनों अभियुक्त धर्मवीर उर्फ राज व ध्रुव उर्फ प्रहलाद घायल अवस्था में पकड़े गए। दोनों के विरुद्ध लूट, चोरी व गैंगस्टर एक्ट के दर्जनों मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि इन्होंने बर्रा, नौबस्ता, चकेरी आदि क्षेत्रों में कई घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है। पूछताछ में ज्वेलर्स और मोबाइल रिसेल नेटवर्क की जानकारी भी दी गई है। पुलिस मुठभेड़ में घायल अभियुक्तों के पास से अवैध असलहा 2, तमंचा 315 बोर मय 4 कारतूस 315 बोर, व 03 अदद खोखा कारतूस 315 बोर) व घटना में प्रयुक्त एक अदद मोटर साइकिल अपाचे बिना नम्बर प्लेट व 7500/- रूपये बरामद।

उन्होंने बताया कि दामोदर नगर बर्रा क्षेत्र से वादिया के गले से दो बाइक सवार द्वारा सोने की चेन छीन ले जाने के सम्बन्ध में पंजीकृत था जिसमें तलाश हेतु चेकिंग फत्तेपुर मोड पर की जा रही थी चेकिंग के दौरान मुखविर खास की सूचना के आधार पर संदिग्ध बाइक पर बैठे दो व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया तो पुलिस को देखकर मोटर साइकिल सवार दोनो व्यक्ति मोटर साइकिल की स्पीड बढाकर जरौली गांव की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर मोटर साइकिल मोड़कर भागने का प्रयास करने पर मोटर साइकिल फिसल गई और दोनो भागने के लिए उठने लगे तब पुलिस द्वारा उनको पकडने के लिए रोकने का प्रयास करने पर दोनो द्वारा पुलिस पार्टी पर फायर किया जिसपर आत्मरक्षार्थ पुलिस ने जवाबी कार्यवाही में फायर किया जिससे धर्मवीर उर्फ राज ध्रुव्र उर्फ प्रहलाद पुत्र संजय को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## डीएम ने पौधरोपण कर छात्राओं को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो:** पौधरोपण महोत्सव के तहत सोमवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी में पौधरोपण किया। साथ ही छात्राओं को पौधे वितरित पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौध रोपण अवश्य करें। पर्यावरण संरक्षण का एकमात्र उपाय अधिक से अधिक पौधरोपण करना है। पौधरोपण के बाद उसकी देखभाल करने में भी जन सहभागिता भी होनी चाहिए। अगर पृथ्वी को बचाना है, तो जल और वृक्ष को बचाना होगा इसलिए आप सभी अधिक से अधिक पौधरोपण करें तथा अपने पास-पड़ोस व सम्बन्धियों को भी पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण करने के लिए प्रेरित करें। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण का सामूहिक प्रयास प्रदेश व देश को हीटवेव से ग्रीनवेव की ओर ले जाना है। इस दौरान डीएम ने विद्यालय परिसर में पौघरोपण किया। साथ ही छात्राओं को पौधों का वितरण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज शशि कला, अध्यापिका प्रियांशी गुप्ता, विनीता रानी गुप्ता, प्रज्ञा पाठक, रश्मि बाजपेई, गरिमा सिंह, नीलम बगड़िया, रितु द्विवेदी, रंजन गर्ग, शोभा देवी, शालिनी श्रीवास्तव, शालिनी देवी, गिरिजा देवी आदि मौजूद रहीं।

## भारत सरकार को अमेरिका के साथ ऐसा कोई समझौता नहीं करना चाहिए जो हमारे किसानों के हितों के विरुद्ध हो- डॉ. कृष्ण वीर चौधरी

स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली** भारतीय कृषक समाज (बीकेएस) के बैनर तले रविवार को राजधानी में आयोजित एक सम्मेलन में विभिन्न प्रांतों से जुटे किसान नेताओं ने भारत और अमेरिका कृषि क्षेत्र की वस्तुस्थिति में जमीन-आसमान का फर्क बताते हुए उम्मीद जतायी कि भारत सरकार अमेरिका के साथ ऐसा कोई समझौता नहीं करेगी जो भारतीय किसानों के हित के विरुद्ध होगा। अमेरिका-भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौते की वार्ता के नतीजों की घोषणा से ठीक पहले आयोजित इस सम्मेलन में नेताओं ने कहा कि भारत में कृषि, पशुपालन, मधुमक्खी पालन जैसे कार्य देश के किसानों की आजीविका के स्रोत है। भारत के किसानों को पश्चिम के किसानों के साथ खुली स्पर्धा के लिए छोड़ना भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन के लिए संकट पैदा कर सकता है। वक्तओं ने अमेरिका से जीएम (कृतृम तरीके से आनुवांशिक संशोधन से उत्पन्न फसलों) के आयात को खोलेने के खतरे को भी रेखांकित किया। बीकेएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णबीर चौधरी, किसान नेता एवं राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय समन्वयक एवं अध्यक्ष सरदार बीमा सिंह, भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय मंत्री सोमदत्त शर्मा, स्वदेशी जागरण मंच के दीपक शर्मा, बीके एस के राष्ट्रीय महासचिव हातम सिंह नागर, किसान मजदूर यूनियन के नेता वीर महेंद्र प्रकाश, बीकेएस की कश्मीर इकाई के अध्यक्ष एमवाई ज़र्गर, पश्चिम बंगाल के किसान नेता अरुण मुखर्जी, पीजेंट्स वेलफेयर एशोसिएशन के अशोक बालियान , किसान नेता धर्मेंद्र मलिक और अन्य नेताओं ने संबोधित किया बीकेएस अध्यक्ष चौधरी ने कहा कि भारत में 86 प्रतिशत किसानों की कृषि जोत एक हेक्टर से कम है जबकि अमेरिका में किसानों की औसत जोत का आकार 180 हेक्टेयर है और उन्हें भारी सरकारी सहायता मिलती है। उन्होंने कहा, ' हमें विश्वास है कि सरकार मजबूत है, यह कोई ऐसा समझौता नहीं करेगी जो देश और देश के किसानों के हित में न हो। सरदार बीएम सिंह ने कहा, 'भारत और अमेरिका के बीच अंतर इतना बड़ा है और सब्सिडी का अंतर इतना विशाल है कि वहां के साथ बराबरी का सौदा हो ही नहीं सकता।'



बीकेएस की कश्मीर इकाई के अध्यक्ष श्री ज़र्गर ने कहा, 'हमारे फल किसी भी देश से आयातित फल से अधिक मीठे और स्वादिष्ट हैं। हमारी खेती-बाड़ी और बागवानी हमारे माफिक चलनी चाहिए।' उन्होंने विश्व जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार देश के किसानों के हित का फैसला ही करेगी किसान नेता धर्मेंद्र मलिक ने कहा कि भारत में अब भी 65 प्रतिशत आबदी की रोजी रोटी कृषि पर निर्भर है जबकि अमेरिका में दो प्रतिशत लोग ही फार्मिंग में हैं स्वदेशी जगरण मंच के श्री शर्मा, भारतीय किसान संघ के श्री सोमदत्त और किसान मजदूर यूनियन के महेंद्र प्रकाश ने भी भारत में कृषि की विशिष्ट परिस्थितियों की चर्चा करते हुए कहा कि यह हमारी जीवन संस्कृति है जबकि पश्चिम में खेती और पशुपालन को व्यापार के रूप से लिया जता और वहां के सब्सिडी प्राप्त किसानों से भारत के किसान मकाबला नहीं कर सकते गौरतलब है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह सात जुलाई को 12 देशों को समझौते का पत्र भेजने जा रहे है। इन इन देशों से कहा जाएगा कि वे उसे पूरी तरह स्वीकार करें या पूरी तरह अस्वीकार करें। ट्रम्प सरकार ने समझौता करने के लिए देशों को 09 जुलाई तक का समय दे रखा है, ऐसा न होने पर देशों को अगस्त से अमेरिका में माल भेजने पर ऊंचे शुल्कों का सामना करना पड़ेगा। भारत अमेरिका के साथ द्विपीक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत कर रहा है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है आज का भारत किसी समय सीमा की शर्त में बंध कर कोई समझौता नहीं करता, भातर आज अपनी ताकत के आधार पर बातचीत करता है। उन्होंने कहा है कि भारत के लिए राष्ट्र हित सर्वोपरि है।

## पंचायत चुनाव को लेकर सपा की बैठक में हुआ मंथन

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो:** समाजवादी पार्टी कार्यालय में सोमवार को पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की गई। बैठक में सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने बूथों तथा पंचायतों की मतदाता सूची का गहनता से अध्ययन कर छूट हुए नाम को जुड़वाएं। इस कार्य को करने वाले समर्पित व निष्ठावान पार्टी कार्यकर्ताओं को जिला पंचायत चुनाव में टिकट देकर चुनाव लड़वाने का काम किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के मुद्दों पर पूरी तरह फ्लॉप है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर तथा स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर पर है। विद्यालय बंद किये जा रहे हैं और गली-गली में शराब की दुकान खोली जा रही है। भाजपा सरकार शिक्षा चौपट कर लोगों को नशेड़ी बनाने का काम कर रही है। कोऑपरेटिव के पूर्व अध्यक्ष लवलेश यादव ने बारिश के समय में गंदे पानी में डूबी गांवों की सड़के व बुर्दल विद्युत आपूर्ति भाजपा सरकार में फैले भ्रष्टाचार की देन है। बाबा साहब वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशोर कुरील ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने पीडीए समाज को ताकत दिलाने के लिए भारतीय संविधान की रचना की थी, जिसे भाजपा सरकार नष्ट करना चाहती है।



इस मौके पर सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष लोटन राम प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद गुलाब खां, सीताराम कश्यप, सियाराम गुप्ता, जनार्दन पटेल, जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सिद्धार्थ पांडेय, विधानसभा अध्यक्ष राकेश प्रजापति, प्रवक्ता विक्की यादव, बाबा साहब वाहनी के जिलाध्यक्ष विश्वजीत सुमन, पूर्व प्रधान लोढ़वारा हरिमोहन यादव, राधेश्याम निषाद, आकाश पटेल, नवल पटेल, मोहम्मद साबिर, विशाल भाई, जलाल खान, राज किशोर विश्वकर्मा, कैलाश बौद्ध, उमाकांत यादव, रामशरण यादव, तीरथ वर्मा, राजबहादुर प्रजापति, तीरथ यादव, आनंद यादव, गोपीचंद यादव आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने 12 घंटे के अंदर लूट की घटना का सफल अनावरण कर तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो:** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में भरतकूप थाना पुलिस ने 12 घंटे के अंदर लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए तीन आरोपियों को लूट की धनराशि, मोबाइल फोन, तमंचा-कारतूस व दो डण्डों सहित घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। भरतकूप थाना प्रभारी मनोज चौधरी ने बताया कि सोमवार को जनपद बांदा के थाना बबेरू के ग्राम पड़री निवासी सिकन्दर वर्मा ने थाने में सूचना दी कि बीती रविवार की रात्रि वह अपने पिता मुन्ना वर्मा पुत्र नत्थू के साथ किराये के ट्रैक्टर से लकड़ी बेचकर शिवरामपुर से वापस अपने घर जा रहा था। इस दौरान तरांव पुलिया के पास तीन मोटरसाइकिल सवार अज्ञात व्यक्तियों ने ट्रैक्टर रुकवा लिया तथा तमंचा दिखाकर उसके पिता की जेब से 1000 रूपये व एक मोबाइल फोन छीन लिया। इस सूचना पर थाना भरतकूप में सम्बन्धित धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। लूट की इस घटना के अनावरण व आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने निर्देश दिए थे। जिसके क्रम में मामले की विवेचना करते हुए सोमवार को ग्राम भरथौल नहर पुलिया के पास से तीन आरोपियों अरविन्द पटेल, अनिल वर्मा व रामजस निवासीगण ग्राम तरावं थाना भरतकूप को गिरफ्तार कर किया गया। आरोपियों के कब्जे से तमंचा-कारतूस, दो डण्डे, लूट की धनराशि, मोबाइल फोन व मोटरसाइकिल बरामद की गई। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना भरतकूप के अपराध निरीक्षक अभयराज सिंह, उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह, आरक्षी नरेन्द्र सिंह, अखिलेश तोमर व शुभम यादव शामिल रहे।

### कार्ययोजना के अनुसार किया जाए कार्य- सीएमओ

देवरिया, 7 जुलाई। मुख्य चिकित्साधिकारी अनिल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सोमवार को संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की साप्ताहिक समीक्षा मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में संपन्न हुई। इस दौरान सीएमओ ने कहा कि 11 जुलाई से चलने वाले दस्तक अभियान में आशा कार्यकत्रियों द्वारा प्रत्येक घर पर जाकर घर वालों को संचारी रोग के वारे में बताने के साथ-साथ घर में निरीक्षण कर जल संचय को चेक कर रहे है। दस्तक अभियान में बुखार, खासी- जुकाम, टीबी, फाइलेरिया आदि रोगियों की सूची तैयार कर ई-कवच पर अंकन कर सीएचसी, पीएचसी पर भेजने का निर्देश दिया। बैठक में एसीएमओ डॉ अश्वनी पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला दिव्यांग जन अधिकारी, एसीएमओ डॉ हरेंद्र, जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा, सहायक मलेरिया अधिकारी सुधाकर मणि, सहयोगी संस्था डब्ल्यूएच, सीफार, यूनिसेफ़ के प्रतिनिधि सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## खेतासराय मे निकला यौम-ए आशूरा का जुलूस

- **अकीदतमंदों ने दफ़न किया ताजिया**

**जुलूस में शामिल तिरँगा बना आकर्षण का केंद्र**

स्वतंत्र प्रभात



**खेतासराय (जौनपुर)।** नगर में दसवीं मोहर्रम पर यौम-ए आशूरा का जुलूस रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच निकाला गया। देढ़ दर्ज़न ताजिये को देरशाम कर्बला में दफ़न किया गया। जुलूस में शामिल अखाड़े अपने फ़न का प्रदर्शन करते चल रहे थे। दोपहर में अलग-अलग चौक से ताजियेदार ताजिये के साथ तबल बजाते हुए फ़ातिमान गेट पहुँचे, जहां फ़ातिहा पढ़ने के बाद जुलूस एक साथ कर्बला के लिए प्रस्थान किया। ताजियेदारो द्वारा तिरँगा लेकर चलने से कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहा। विभिन्न चौक के ताजियेदार के साथ जुलूस में शामिल अखाड़ा रौनक-ए इस्लाम और अखाड़ा भुलई शाह के फनकार करतब दिखाते चल रहे थे। इस दौरान डीजे पर हज़रत इमाम हुसैन की याद में मातमी धुन से लोगे की आँखे नम हो जा रही थी। देर शाम जुलूस कर्बला पहुंचा जहा ताजिये को दफ़न किया गया। ताजियेदार पुनः अपने-अपने चौक पर वापस लौट गए। पूरब मोहल्ला, सराय, कासिमपुर, बरतल, बारा, निराला चौक, अजानशहीद, डोभी, शाहापुर समेत देढ़ दर्ज़न ताजियेदार शामिल रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल चौकस रही। ख़ुफ़िया एजेंसी एलआईयू के लोग भी जुलूस की मॉनीटरिंग करते दिखे। इस मौके पर प्रमुख रूप से एसडीएम कुणाल गौरव, सीओ अजीत सिंह चौहान, परवेज अंसारी, राजू फारूकी, गुफरान फारुकी , अकरम फारूकी, मोहम्मद कामरान, मोहम्मद कलीम, मोहम्मद असलम खान, मोहम्मद सरफराज खान, तबरेज अहमद अशरफी, मोहम्मद अब्दल अशरफी, वरिष्ठ पत्रकार युसूफ खान, पत्रकार मोहम्मद अरशद समेत अन्य लोग शामिल रहे।

**चप्पे चप्पे पर पुलिस की रही नज़र**

खेतासराय( जौनपुर) सुरक्षा के लिहाज से बेहद अतिसंवेदनशील खेतासराय कस्बा की कड़ी निगरानी में लिए पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने पुलिस लाइन से अतिरिक्त पुलिस फ़ोर्स की बंदोबस्त किया है। चौकी प्रभारी तारिक़ अंसारी ने बताया कि पुलिस लाइन से एक निरीक्षक, दस उपनिरीक्षक, बाइस आरक्षी, आठ महिला आरक्षी, देढ़ सेक्शन पीएसी व अग्निशमन दस्ता की तैनाती रही। कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। एसओ रामाश्रय रॉय फ़ोर्स के साथ मुस्तैद दिखे। अराजकतत्वों पर नज़र रखने के लिए सादे ड्रेस में पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## ज़मीं ने हिल के बताया हुसैन क़त्ल हुए की सदाओं के साथ जुलूस-ए आशूर बरामद

स्वतंत्र प्रभात

**जौनपुर-** शाहगंज क्षेत्र के बड़ागांव में रविवार को जुलूस-ए आशूर बरामद किया गया। सैयद इम्तियाज हुसैन के अज़ाखाने से 10 मोहर्रम का ऐतिहासिक जुलूस का नेतृत्व सैयद अबूज़र आब्दी द्वारा किया गया। यह जुलूस अपने प्राचीन मार्ग से भ्रमण करता हुआ। गन्तव्य तक पहुंच कर शह कुशल संपन्न किया गया। जुलूस के दौरान ज़ायरीनो ने जंजीर का मातम पेश किया। 10 मोहर्रम के तारीख में हजरत इमाम हुसैन को शहीद करने के बाद उनकी लाश के सिर को एक नेजे पर रख कर कर्बला के मैदान से दमिश्क की तरफ यजीद को भेजा गया था। पैगंबर-ए इस्लाम मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन को पूरे आल समेत प्यासा व भूखा रख कर शहीद किया गया था।



**कर्बला की लड़ाई हकीकत में सच व झूठ की लड़ाई थी।**

ये मानवता, लोकतंत्र व समानता की लड़ाई थी। इस्लाम के मानने वालों की बहुसंख्या मोहम्मद साहब के नवासे, अली के बेटे इमाम हुसैन के साथ हैं और अय्याश व जालिम बादशाह यजीद ने अपने कबीले बनी उमय्या की फौजी व माली ताकत के बल पर बादशाहत हासिल की थी। जनता ऐसे जालिम व अय्याश को अपना खलीफा मानने को तैयार नहीं थी जो दीन के खिलाफ़ काम करना चाहता था और शरीयत को पामाल करना चाहता था। तब हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन ने ताक़त रखते हुए अहिंसा के रास्ते को अख्तियार किया और 10 मोहरम को इमाम हुसैन के पूरे परिवार के साथ कर्बला के मैदान में निर्मम हत्या करवा दी गई।

उन्हीं की याद में बड़ा गांव में जुलूस का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के सभी वर्ग के लोग ने अपना अपना सहयोग प्रदान किया। जुलूस का उपदेश भी आपसी भाई सचार सौहार्द और मानवता का है जो बड़ा गांव में भली भांति देखने को मिलता है। जुलूस के दौरान आले हसन गुल्ला,हसन मेंहदी, ज़फ़र, समीम हैदर, वारिस हाशमी, एज़ाज बुद्धू, बब्लू इलेक्ट्रीशियन, ज़ाकिर हुसैन सैजी,रईस अहमद, समेत सैकड़ों अकीदतमंद मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### यश भारती पुरस्कार से पुरस्कृत शिवानी मातन हेलिया को मिला आम की खेती का राज्य पुरस्कार



**प्रतापगढ़।** आंवला की नगरी प्रतापगढ़ में आम की उत्कृष्ट खेती के लिए प्रदेश स्तर का सम्मान डॉ शिवानी मातनहेलिया को मिला। उत्तर प्रदेश के उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा लखनऊ में आयोजित वृहद ÷आम महोत्सव÷ (4-6 जुलाई 2025) में प्रदेश के शीर्षस्थ 13 किसानों तथा निर्यातकों में से एक प्रतापगढ़ की डॉ शिवानी मातनहेलिया को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आम की खेती में नवीन तकनीक व श्रेष्ठ व गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए सम्मानित किया। डॉ शिवानी मातन हेलिया ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए अति महत्वपूर्ण इसलिए भी है क्योंकि संगीतज्ञ, कलाकार, लेखक, शिक्षक, समाजसेवी, आदि से इतर यह सम्मान किसान के रूप में मुझे एक नई पहचान दी है। हालांकि खेती और बागबानी में मेरे भाई विशाल मातनहेलिया को मुझसे अधिक रुचि है और यह सम्मान भी वस्तुतः उन्हीं के परिश्रम का परिणाम है।इसलिए इस सम्मान को मैं अपने भाई को समर्पित करती हूं। पूर्वजों द्वारा लगाए गए बाग के लिए मिला यह सम्मान उनके पुण्य प्रताप के प्रति हमारी श्रद्धांजलि है।

### चोरी की मोटर साइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** शुक्रवार को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत कैनरा बैंक के सामने से वादी की मोटरसाइकिल चोरी हो जाने के प्रकरण में वादी की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर अज्ञात का अभियोग पंजीकृत किया गया है। थाना कोतवाली के उप निरीक्षक अनूप कुमार यादव मय हमराह वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना कोतवाली नगर में पंजीकृत मुकदमे से संबंधित वांछित अभियुक्त इरफान पुत्र कल्लू उर्फ बशीर निवासी ग्राम देल्हूपुर थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र कोतवाली नगर के रेलवे अंडरपास के बगल के पास से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल बरामद किया गया। मामले में सुसंगत धारा बढ़ाकर अभियुक्त को जेल भेज दिया गया।

### संदिग्ध दशा में महिला की मौत, पुलिस कर रही जांच

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध दशा में महिला की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं महिला की मौत को लेकर परिजन कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। लीलापुर थाना अन्तर्गत हरिहरपुर कैलहा गांव निवासी तारिफ सिंह की पत्नी सिंघानिया 32 की घर में रविवार सुबह करीब नौ बजे अचानक तबीयत बिगड़ने लगी। जानकारी होते ही परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद भी सुधार न होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कालेज प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। प्रयागराज में इलाज के दौरान देर रात महिला की मौत हो गयी। मौत के कारण को लेकर परिजन कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। उधर गांव में पारिवारिक कलह के चलते महिला द्वारा जहरीला पदार्थ खा लेने की चर्चा है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि शव पीएम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### जमीनी विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट में कई चुटहिल, दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गये। मारपीट के दौरान अवैध तमंचा लहराने व फायरिंग से दहशत का माहौल बन गया। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने पुलिस को तहरीर दी है। लीलापुर थाना क्षेत्र के घूरीपुर गांव में रघुराज सिंह पुत्र रामप्रसाद सिंह व रामजियावन वर्मा पुत्र सुकुरू के बीच में जमीन का विवाद चला आ रहा है। इसी रंजिश को लेकर सोमवार की सुबह करीब सात बजे दोनों पक्ष आमने सामने हो गये। विवाद बढ़ने पर हुई मारपीट के दौरान दोनों पक्ष से कई लोग चुटहिल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजवाया। घटना को लेकर दोनों पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाण्डेय का कहना है कि जमीन की रंजिश में दो पक्षों मे मारपीट हुई है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## विश्वास इतना कि बागपत से कानपुर नगर तक आ गया फरियादी

● जनता दर्शन में 435 किलोमीटर का सफर तय कर बागपत से कानपुर पहुँचा फरियादी



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर ।** सोमवार को जनता दर्शन में एक रोचक प्रसंग उस समय सामने आया, जब जनपद बागपत की तहसील बड़ौत के एक छोटे से गाँव से आए श्री राजकुमार ने कहा – "विश्वास की डोर मुझे बागपत से कानपुर तक ले आई। आप से ही समाधान की उम्मीद है" राजकुमार करीब छह महीने पहले बागपत में तत्कालीन जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह से मिले थे, जहाँ उन्होंने उनकी समस्या को गंभीरता से सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए थे। लेकिन समाधान से पहले ही डीएम का स्थानांतरण जनपद कानपुर नगर हो गया। इसके बाद भी राजकुमार को भरोसा था कि जो अफसर उनकी बात को इतनी संजीदगी से सुन सकता है, वह कहीं भी रहेगा, मदद जरूर करेगा। उसी विश्वास के सहारे उन्होंने 435 किलोमीटर का सफर तय किया और सोमवार को कानपुर के जनता दर्शन में पहुँचे। यहाँ भी जिलाधिकारी ने पहले की ही तरह उनकी बात गंभीरता से सुनी और बागपत के संबंधित अधिकारियों से फोन पर वार्ता की तथा शीघ्र समाधान हेतु अनुरोध किया। इसके बाद उन्होंने राजकुमार को जलपान कराया और रेलवे स्टेशन तक पहुँचाने के लिए सरकारी वाहन की भी व्यवस्था की गई। प्रकरण के विषय में राजकुमार ने बताया कि उन्हें डीएम साहब के निर्णयों और संवेदनशीलता पर पूरा विश्वास था। इसी विश्वास के सहारे वे लगभग छह महीने बाद कानपुर पहुंचे। यहां भी उन्होंने मुझे पूर्व की तरह गंभीरता से सुना और समस्या के समाधान के लिए आश्वस्त किया। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता दर्शन के माध्यम से आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता से समाधान किया जा रहा है।

### विभिन्न मुकद्दमों में वांछत आरोपी दबोचे

**अलीगढ़।** एसएसपी संजीव सुमन द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अलीगढ़ पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण निम्नवत है। थाना सासनीगेट पुलिस टीम ने वांछित चल रहे विलाल पुत्र नबाब निवासी मौहल्ला काजी पाड़ा जयगंज डाकखाना सासनी गेट अलीगढ़ को मस्कन से गिरफ्तार किया है। उधर थाना बरला पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुन्ना पुत्र जमालुद्दीन निवासी अरनी थाना बरला जिला अलीगढ़ को मय एक अवैध चाकू सहित अरनी मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। वहीं थाना बरला पुलिस टीम ने चेकिग के दौरान ताहिर पुत्र अख्तर निवासी अरनी थाना बरला जिला अलीगढ़ को मय एक अवैध चाकू सहित संत का बाग से नगला खिटकारी की ओर जाने वाली सड़क पर संत का बाग चौराह से गिरफ्तार किया गया है। इधर थाना हरदुआगंज पुलिस टीम ने वांछित चल रहे भूपेन्द्र उर्फ बॉबी पुत्र कारे सिंह निवासी भवनगढ़ी थाना हरदुआगंज को साधू आश्रम से गिरफ्तार किया गया है।

## आत्रेय अकादमी और आनंदवन इंटर कॉलेज मैच में विजई

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** स्टेडियम में खेली जा रही जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को दो मैच खेले गए। पहला मैच स्टेडियम ब्ल्यू और आनंदवन इंटर कॉलेज के बीच खेला गया। स्टेडियम ब्ल्यू ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।पहले बल्लेबाजी करने उतरी आनंद वन के लिए अनुराग 45 और आदर्श दुबे के 30 रनों की 187 रन बनाया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्टेडियम ब्ल्यू 68 पर ही ढेर हो गई।इस मैच का मैन ऑफ द मैच अफजल को दिया गया।दूसरा मैच आत्रेय अकादमी और स्टेडियम ट्रेनीज के बीच खेला गया। टॉस आत्रेय अकादमी ने जीतकर 20 ओवरों में 193 रन बनाया।आर्यन 68 हर्ष ने 47 रनों का योगदान दिया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी 112 रनों पर ढेर हो गई।इस मैच के मैन ऑफ द मैच आर्यन रहे। इस मौके पर उप जिला खेल अधिकारी और ताइक्कांडो प्रशिक्षक रंजीत यादव, जिला क्रिकेट के आयोजन सचिव दुर्गेश तिवारी उर्फ मुन्ना, अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी और प्रशिक्षक सचिन शुक्ला, जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह, एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव,कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार,खेलो इंडिया हॉकी प्रशिक्षक आशुतोष सिंह, फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश, विनीत मिश्रा, कंप्यूटर ऑपरेटर निखिल राणा और विनीत मिश्रा उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया।अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने आए हुए सभी गणमान्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सद्भावना सभा की सफलता को लेकर तैयारी समिति की हुई बैठक

स्वतंत्र प्रभात



**लालगंज, प्रतापगढ़।** आगामी पन्द्रह जुलाई को स्थानीय बहुगुणा पीजी कालेज में होने वाले परम्परागत सदभावना सभा के आयोजन को लेकर सोमवार को तैयारी समिति की बैठक हुई। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के जन्मदिन पर 15 जुलाई को दिन में एक बजे सद्भावना सभा का आयोजन किया गया है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने समिति के कार्यकर्ताओं के साथ सद्भावना सभा की सफलता को लेकर विचार विमर्श किया। उन्होने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की मजबूती का संकल्प प्रस्ताव पारित किया जाएगा। वहीं आयोजन को लेकर सांगीपुर गांधी इण्टर कालेज सभागार में भी तैयारियों की समीक्षा हुई। बैठक का संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल व संयोजन केडी मिश्र तथा दृगपाल यादव ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, भुवनेश्वर शुक्ल, डॉ. अमिताभ शुक्ल व रामकृपाल पासी, रामबोध शुक्ल ने अपने अपने सुझाव रखे।

इस मौके पर जिपंस अरविन्द सिंह, लल्लन सिंह, विनोद परिहार, अशोकधर द्विवेदी, छोटे लाल सरोज, विकास मिश्र, बृजेश द्विवेदी, दारा सिंह, पप्पू तिवारी, इं. सुनील पाण्डेय, पवन शुक्ल, छोटे सिंह, राजू यादव, प्रीतेन्द्र ओझा, राजू पाण्डेय, शैलेन्द्र मिश्र, रामू मिश्र, उदयशंकर दुबे, प्रमोद सरोज, पन्नेलाल पाल, महन्थ द्विवेदी, अशोक शुक्ल, जावेद खान, मुरलीधर तिवारी, मो0 खलील, मोनू पाण्डेय, मुन्ना पाण्डेय, श्याम नारायण तिवारी, फूलचंद्र पाण्डेय, महेन्द्र सिंह, राजकुमार मिश्र, विनय जायसवाल, मोती लाल, प्रभात ओझा, हनुमान सिंह, अमर बेदर्दी, इंद्रसेन सिंह, लाल गिरधर सिंह, जयसिंह गहलौत, रामसुख यादव, राजू मिश्र, मुन्ना सिंह, प्रमोद तिवारी, आशुतोष मिश्र, आसिफ सिददीकी, अजीत सिंह, चंदन पाण्डेय, बृजकिशोर तिवारी, सुनील दुबे, जियालाल, मनीष सिंह, लव सिंह, शैलेन्द्र सरोज आदि रहे।

## मोहर्रम पर लगा झण्डा उखाड़ने पर बिफरे लोगों ने किया कोतवाली का घेराव

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मोहर्रम पर लगे झण्डे को अराजकतत्वों द्वारा उखाड़ने से तनाव फैल गया। विरोध करने पर अराजकतत्वों ने लोगो को जान से मारने की धमकी दी। झंडे को उखाड़ने व अपमानित करने के विरोध में दूसरे दिन लोगों ने कोतवाली का घेराव कर विरोध जताया। पुलिस ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन देकर लोगों को शान्त कराया। लालगंज कोतवाली के अझारा में मोहर्रम के जुलूस के बाद लोग अपने घरों में चले गये। इस बीच रात करीब साढ़े दस बजे बाइक सवार कुछ अराजकतत्व पहुंचे और रोड किनारे लगे मोहर्रम का झण्डा उखाड़ने लगे। यह देख मुस्लिम पक्ष के लोगों ने विरोध जताया तो अराजकतत्वों ने महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी करते हुए जानलेवा धमकी दी। इस बीच सूचना पर लालगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन अराजकतत्व भाग निकले। घटना के दूसरे दिन सोमवार को नाराज मुस्लिम पक्ष के लोग बड़ी संख्या में कोतवाली का घेराव करने पहुंच गये। इनका कहना था कि झण्डा उखाड़कर अपमान करने वाले अराजकतत्वों के खिलाफ केस दर्ज उन्हें जेल भेजा जाय। पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर शान्त कराया और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद थाने का घेराव करने आये आक्रोशित लोग वापस लौट गये। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिली है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

### मल्टीप्लेक्स पर मनचलों की जमकर पिटाई

**अलीगढ़।** थाना बन्ना देवी क्षेत्र के सीमा मल्टीप्लेक्स पर फिल्म देख रहे लोगों का गुस्सा उसे वक्त उबाल पर आ गया जब साथ ही बराबर सीट पर बैठे चार युवाओं ने फिल्म देखते वक्त गाली गलोज करना शुरू कर दिया। इसकी शिकायत जब सीमा मल्टीप्लेक्स के मैनेजर से की गई तो उन्होंने इन युवाओं को काफी समझने का कार्य किया। परंतु नशे की हालत में युवक नहीं माने, चारों युवक लोगों को उल्टा गाली गलौज करना शुरू कर दिया। वही फिल्म देखने आई पब्लिक ने फिल्म समाप्त होने के बाद इन चारों युवकों की जमकर पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने इन युवकों को हिरासत में ले लिया है। वहीं व्यक्ति ने बताया की फिल्म के दौरान यह युवक गंदे गंदे अभद्र कमेंट कर रहे थे, साथ लोगों को गाली गलौज भी कर रहे थे । उन्हें काफी समझाया गया परंतु यह युवक नशे की हालत में होने के कारण नहीं समझ पाए, पुलिस को बुलाकर पुलिस के हिरासत में दे दिया गया है। उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है, साथी इन युवकों की पब्लिक द्वारा मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

## सोनभद्र में हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजेगा सावन का दूसरा सोमवार चोपन में भव्य कांवड़ यात्रा की तैयारियां पूरी

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र** – हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह के दूसरे सोमवार को सोनभद्र का चोपन नगर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठेगा। चोपन सोन नदी घाट से लेकर डाला स्थित अचलेश्वर महादेव धाम तक एक भव्य शोभायात्रा और कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। यह यात्रा भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का एक अद्भुत संगम होगी। महादेव सेवा समिति द्वारा आयोजित यह शोभायात्रा 21 जुलाई, सोमवार को सुबह 6:00 बजे चोपन सोन नदी घाट से प्रारंभ होगी। इस यात्रा में चोपन, डाला, ओबरा और आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में कांवड़िया जलाभिषेक के लिए शामिल होंगे। यात्रा के दौरान भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती सहित सुंदर और अद्भुत झांकियां, आकर्षक स्वागत गेट, ढोल-नगाड़े और हर-हर महादेव के नारों के साथ वातावरण पूरी तरह शिवमय हो जाएगा। शोभायात्रा डाला स्थित अचलेश्वर धाम तक पहुंचेगी, जहां श्रद्धालु जलाभिषेक कर अपनी यात्रा का समापन करेंगे।इस भव्य आयोजन को लेकर कैलाश मंदिर प्रांगण में महादेव सेवा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमोद कुमार ने की, जिसमें यात्रा की पूरी रूपरेखा तैयार की गई। निर्णय लिया गया कि यात्रा के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, पोर्टल और अनाउंसमेंट का सहारा लिया जाएगा ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस आध्यात्मिक आयोजन का हिस्सा बन सकें। महादेव सेवा समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि इस आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है, जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय सम्मानित नागरिकों की उपस्थिति में पुख्ता सुरक्षा और व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं।महादेव सेवा समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस आध्यात्मिक यात्रा को सफल बनाएं और हर-हर महादेव के जयघोष से पूरे वातावरण को शिवमय करें। इस मौके पर राजू चौरसिया, अनूप गुप्ता, आदित्य पाण्डेय, संदीप चौरसिया, सुजीत ठाकुर, संतोष गुप्ता और सागर वर्मा समेत समिति के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## सोनभद्र में वर्ल्ड जूनोसिस डे पर कार्यशाला एक स्वास्थ्य, अनेक समाधान

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र**- 7 जुलाई 2025 मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में आज विकास भवन के सभागार में वर्ल्ड जूनोसिस डे पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जूनोटिक बीमारियों की रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों को जागरूक करना और वन हेल्थ दृष्टिकोण के महत्व पर जोर देना था।कार्यशाला में पशु चिकित्सा विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग और नगर निकाय विभाग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सीडीओ महोदया ने कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ किया और जूनोटिक रोगों के बढ़ते खतरे पर चिंता व्यक्त की। डॉ. प्रेमनाथ, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सोनभद्र ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (W H O) के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि मौजूदा संक्रामक रोगों में से 60 प्रतिशत और नए उभरते संक्रामक रोगों में से 75 प्रतिशत जूनोटिक प्रकृति के हैं। जूनोटिक रोग वे बीमारियाँ हैं जो जानवरों से मनुष्यों में फैलती हैं। इनमें रेबीज, स्क्रब टाइफस, लेप्टोस्पायरोसिस और विभिन्न प्रकार के बुखार शामिल हैं। डॉ. प्रेमनाथ ने वन हेल्थ अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह एक सहयोगात्मक और अंतःविषय दृष्टिकोण है जो मानव, पशु और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के परस्पर संबंध को पहचानता है। उनका मानना है कि इन क्षेत्रों में प्रयासों को एकीकृत करके ही जटिल स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोगों, जानवरों और पर्यावरण का स्वास्थ्य निकटता से जुड़ा हुआ है और एक दूसरे पर निर्भर है, इसलिए इन बीमारियों से बचाव के लिए सभी विभागों की सहभागिता अनिवार्य है। कार्यशाला के दौरान, मुख्य विकास अधिकारी महोदया ने जूनोटिक रोगों की रोकथाम के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए ।पशु चिकित्सा विभाग को समुदाय में संदिग्ध पागल कुत्तों को पकड़ने के लिए निगरानी प्रणाली बढ़ाने और आवारा कुत्तों का सामूहिक टीकाकरण कराने का निर्देश दिया गया।

उन्होंने यह भी बताया कि जंगली जानवरों से मनुष्यों में रेबीज संक्रमण फैल सकता है, जिसके लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। कृषि विभाग को स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से स्क्रब टाइफस और लेप्टोस्पायरोसिस जैसी जूनोटिक बीमारियों और उन्हें रोकने के तरीकों के बारे में चौपालों के माध्यम से लोगों और किसानों को जागरूक करने के लिए कहा गया। डॉ. ए.के. मिश्रा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, ने सूचित किया कि पशुओं का टीकाकरण लगातार कराया जा रहा है। नगर निकाय को आवारा जानवरों को पकड़ने, उनका टीकाकरण कराने और सार्वजनिक शिक्षा अभियान चलाकर लोगों को जूनोटिक रोगों के बारे में जागरूक करने का कार्य सौंपा गया है। इस महत्वपूर्ण बैठक में डॉ. प्रेमनाथ (अपर मु. चि. अ.), डॉ. ए.के. मिश्रा (सी.वी.ओ.), श्री मुकुल पाण्डेय (बी.एस.ए.), डॉ. वरुण कुमार (माइक्रोबायोलॉजिस्ट), डॉ. प्रशांत पाल (फिजिशियन), धर्मेन्द्र नारायण श्रीवास्तव (जिला मलेरिया अधिकारी), डॉ. ऋषिमणि त्रिपाठी (एम.ओ.), आशीष कुमार (डी.डी.एम.), के.के. यादव (ए.आर.ओ.) और रवि प्रकाश श्रीवास्तव (डी.ई.ओ.) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। यह कार्यशाला सोनभद्र जिले में जूनोटिक रोगों के बढ़ते खतरे को रोकने और वन हेल्थ दृष्टिकोण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो मानव, पशु और पर्यावरण के संयुक्त स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने में मदद करेगा।

## कानपुर में इस बार का भी मोहर्रम सीपी अखिल की अगुवाई में सकुशल संपन्न

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** तगड़ी तैयारियों के साथ कमिश्नरेट पुलिस की सतर्कता और सक्रियता ने बीते सभी त्योहारों की तरह चुनौतीपूर्ण मोहर्रम के त्यौहार को भी सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके संपन्न कराने में सफलता प्राप्त कर ली है। यह भी अवगत कराते चलें कि सांप्रदायिक दृष्टिकोण से अति संवेदनशील से कानपुर में इस बार के भी मोहर्रम को सफल और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने वाले कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ और पीड़ितों के हित में अपने कर्तव्य का पालन सदैव निष्ठा और ईमानदारी के साथ करने वाले निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के तेजतर्रार, व्यवहार कुशल तथा कठोर परिश्रमी वरिष्ठ आईपीएस एडीजी अखिल कुमार की गिनती देश प्रदेश के उन कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार आईपीएस अधिकारियों में की जाती है, जिन्होंने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया।

निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की विचारधारा वाले एडीजी अखिल कुमार कानपुर के पहले ऐसे पुलिस कमिश्नर हैं ,जिन्होंने हर तरह के अपराधियों के खिलाफ जनहित से जुड़े हर मुद्दे पर सराहनीय कार्रवाई के रिकॉर्ड भी तोड़े हैं। वह चाहे घटनाओं के सटीक खुलासे के साथ ही शातिरों को जेल का रास्ता दिखाने का मामला हो या फिर उनकी गिरफ्तारी में विशेष रूप से सहायक त्रिनेत्र अभियान के तहत सैकड़ों कैमरे लगवाने का मामला, ट्रैफिक व्यवस्था को पहले से बहुत बेहतर बनाने में मिली सफलता हो अथवा सभी त्योहारों और पर्वों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने का मामला, और इसमें भी पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाली भावी पीढ़ियां भी जिसे सदैव याद रखेंगी, वह है विश्व पत्रकारिता के इतिहास में पहली बार किया गया पत्रकारिता की आढ़ में सक्रिय रहा अवनीश दीक्षित जैसे शातिर अपराधी माफिया गिरोह का भंडाफोड़। जिसका पूर्ण श्रेय कठोर परिश्रम वाले जुझारू पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की कर्तव्य निष्ठा, उनकी ईमानदारी और उनकी निडरता को ही जाता है।

कुल मिलाकर चुनौती पूर्ण कानपुर में पुलिस कमिश्नर के रूप में पोस्टिंग के बाद उनकी हर कार्य योजना की सफलता जनता के हित में और अपराधियों के खिलाफ योगी सरकार का इकबाल बुलंद करने वाली ही साबित हुई है। आम जनता की नजर में बेहद कर्मठ और ईमानदार कानपुर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार द्वारा बीते सभी त्योहारों की तरह इस बार के भी चुनौतीपूर्ण मोहर्रम को सकुशल तथा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना उनकी विवेकशीलता, उनकी दूरदर्शिता, उनकी व्यवहार कुशलता और उनकी परिश्रम पूर्ण नेतृत्व कुशलता का ही प्रशंसनीय सार्थक परिणाम है।

## सरसौल स्वस्थ्य केन्द्र में गंदगी देख बिफरे सीएमओ

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उदय नाथ द्वारा आज प्रातः 08:05 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सरसौल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अजीत कुमार उपस्थित थे। प्रभारी चिकित्साधिकारी को स्वयं एवं अन्य स्टाफ को निर्धारित समय पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया। चिकित्सालय परिसर में साफ-सफाई संतोषजनक नहीं पायी गयी जो खेद जनक है। प्रभारी चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्वयं पर्यवेक्षण कर सफाई व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें एवं इस सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। पुरानी ओ.टी. में बैट्री के पैनल रखे हैं व निष्प्रयोज्य सामान रखा है, जहाँ साफ सफाई नहीं थी। तत्काल सफाई कराने हेतु निर्देशित किया गया। प्रसव कक्ष का निरीक्षण गया, रिकार्ड अपडेट नहीं था। प्रभारी चिकित्साधिकारी को रिकार्ड अपडेट करने हेतु निर्देशित किया गया। एक्स-रे कक्ष एवं मशीन गंदी थी। प्रभारी चिकित्साधिकारी को कक्ष एवं मशीन को साफ कराने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी डा. सुमन यादव, चिकित्साधिकारी डा. रवीस साहू तथा आयुष्मान मित्र विक्रम सचान अनुपस्थित पाये गये, जिनका एक दिन का वेतन बाधित किया गया। उन्होंने प्रभारी चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सरसौल, कानपुर नगर को निर्देशित किया है कि उपरोक्तानुसार व्यवस्था सुदृढ़ कराना सुनिश्चित करें तथा अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर 02 दिवस में अनुपालन आख्या प्रस्तुत करें।

इसके उपरान्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा आज प्रातः 10:10 बजे कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी में कार्यरत-नियमित/संविदा कर्मियों की उपस्थित पंजिका का अवलोकन किया गया, जिसमें नियमित कर्मियों में चीफ फार्मासिस्ट दिलीप सचान, एस.एफ.डब्लू. वीरेन्द्र कुमार, एम.आई. सुधा चौहान एवं वरिष्ठ एम.आई. प्रशान्त कुमार वर्मा तथा संविदा/आउटसोर्स कर्मियों में अर्बन कोर्डिनेटर मिलिन्द गौतम, डी.जी.एम. आशीष दीक्षित तथा डी.ई.ओ. प्रियंका वर्मा अनुपस्थित पाये गये। उन्होंने अनुपस्थित कर्मियों को निर्देशित किया है कि उक्त के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण दो दिवस के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। स्पष्टीकरण संतोषजनक स्थिति में न होने पर अनुपस्थित अवधि का वेतन अवरूद्ध कर दिया जायेगा। सीएमओ डॉ. उदयनाथ ने बताया कि समस्त ए.सीएमओ, डिप्टी सीएमओ एवं स्वयं वे भी नियमित अंतराल पर अस्पतालों का औचक निरीक्षण करेंगे। इस सम्बंध में सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## संक्षिप्त खबरें

### यूपी बोर्ड की किताबे महंगी होने से बढ़ेगी अभिभावक और बच्चो की परेशानी



**सिद्धार्थनगर।** यूपी बोर्ड की किताबें महंगी होने से छात्रों को परेशानी हो रही है। कई छात्रों और अभिभावकों ने किताबों की कीमतों में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की है। किताबों की कीमतें बढ़ने से छात्रों को अपनी पढ़ाई जारी रखने में कठिनाई हो रही है। उसका बाजार क्षेत्र के मनीष अग्रहरी, कमल सोनी, गया दीन गुप्ता आदि का कहना है की बढ़ी हुई किताबों की कीमतें अभिभावकों के लिए एक बड़ी चिंता का विषय बन गई हैं, खासकर उन परिवारों के लिए जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। समाजसेवी श्रीधर पाण्डेय, घनश्याम आजाद ने कहा की शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत, शिक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए, लेकिन किताबों की कीमतें बढ़ने से यह अधिकार खतरे में पड़ गया है। महंगी किताबें छात्रों को अपनी पढ़ाई जारी रखने से रोक सकती हैं, खासकर उन छात्रों को जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। यदि छात्र महंगी किताबों के कारण पढ़ाई नहीं कर पाते हैं, तो इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर भी असर पड़ सकता है। उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ के इकाई मंत्री, शिक्षक अनिल कुमार मिश्र ने कहा की यूपी बोर्ड की किताबों की कीमतें बढ़ने से छात्रों और अभिभावकों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए और छात्रों को सस्ती और सुलभ शिक्षा प्रदान करने के लिए उपाय करने चाहिए।

### शांति भंग करने वाले बक्शे नहीं जाएंगे- थानाध्यक्ष



**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार थाना क्षेत्र में सावन मास एवं कवाड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने अपनी तैयारी कर ली है। कावड़ यात्रा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हो इसके लिए पुलिस सतर्क है। असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा रही है। प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय ने बताया कि श्रवण मास में सोमवार के दिन क्षेत्र में पड़ने वाले शिव मंदिरों के पास सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम रहेगा। थाना क्षेत्र उसका बाजार में समय समय पर फ्लैग मार्च किया जा रहा है। सावन मास एवं कवाड़ यात्रा को शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराए जाने को लेकर पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने ने कहा कि किसी भी तरह का व्यवधान उत्पन्न होने पर कड़ी कार्रवाई होगी और शांति भंग करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था में बाधा उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

### एक्सप्रेस वे पर मध्य रात्रि में हुआ हादसा




**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर मध्य रात्रि के समय नौहझील क्षेत्र में माइल स्टोन 68 पर हुए सड़क हादसे में पांच लोग घायल हो गये। सब इंस्पेक्टर हरेंद्र सिंह ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटा दिया गया है। यातायात सामान्य कर दिया गया है। घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आगरा से नोएडा जा रहा सब्जी से भरा ट्रक बेकाबू होकर हाईवे पर पलट गया। ट्रक पलटने के कारण हाईवे पर दो लाइनों तक सब्जी बिखर गई जिससे हाईवे की दो लाइन प्रभावित हुई। वहीं ट्रक को पलतते देख एक कैंटर चालक ने अपनी गाड़ी की रफ्तार कम की। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कैंटर से टकरा गई। हादसे में पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों में ट्रक सवार अंशु पाल और चालक देवेन्द्र पाल शामिल हैं। दोनों कानपुर के अकबरपुर के रहने वाले हैं। स्कॉर्पियो में सवार तीन लोग भी घायल हुए हैं। इनमें शाहीन बाग दिल्ली निवासी चालक अफसर, दिल्ली निवासी दानिश और दादरी निवासी सागर शामिल हैं। यमुना एक्सप्रेसवे की रोमियो टीम ने घटना की सूचना पुलिस को दी। नौहझील थाना क्षेत्र की बांधना कट चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा गया।

# डायल 112 को न समझें खेल, गलती हुई तो जाना पडेगा जेल

● गलत सूचना देने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर रही पुलिस

स्वतंत्र प्रभात


पुलिस की हिरासत में डायल 112 पर लूट की झूंठी सूचना देने वाले आरोपी।

**मथुरा।** मोबाइल का सदुपयोग नहीं हुआ तो यह आपके लिए आफत बन सकता है। डायल 112 पुलिस को त्वरित सूचना देने का एक जरिया है। लेकिन इस डायल 112 का सही उपयोग नहीं किया गया तो आप को जेल जाना पड सकता है।

घटना एक डायल 112 पर दी लूट की सूचना निकली झूठी, तीन को भेजा जेल

**मथुरा।** थाना राया पुलिस को 6 जुलाई को समय करीब 22.32 बजे डायल 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि शिकायतकर्ता वीरेन्द्र सिंह पुत्र विजय सिंह निवासी आनन्द गढी थाना महावन मथुरा ने अपने मोबाइल नम्बर 9058702208 से सूचना दी है कि गांव सूरज से गांव कपूर को जाने वाले रास्ते पर उसके व उसके साथियों के साथ मारपीट कर 3,50000 रुपये लूट लिये है। घटना की जांच गहनता से की गयी तो पता चला कि शिकायतकर्ता व उसके अन्य दो साथी 1,65000 रुपये ऐलाना कंपनी का पैमेन्ट लेकर जा रहे थे। उनके द्वारा ही पैसे के लालच में आकर 1,65000 रुपये हडपने के उद्देश्य से यह झूठी सूचना दी गई थी। उनके पास से उनके द्वारा छिपाये गये 1,65000 रुपये बरामद कर घटना से संबंधित तीनों अभियुक्तों वीरेन्द्र सिंह पुत्र विजय सिंह निवासी आनन्द गढी थाना महावन मथुरा, साकिर पुत्र फखरुद्दीन निवासी व्यापारियान मोहल्ला थाना महावन मथुरा व राहुल पुत्र अद्दन निवासी व्यापारियान मोहल्ला थाना महावन मथुरा को 6 जुलाई को समय करीब 22.37 बजे स्थान बाग गांव सूरज से गांव कपूर की तरफ थाना राया मथुरा से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के विरूद्ध थाना राया पर धारा 240 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

**घटना दो-** नशे में डायल कर दिया 112, पुलिस ने घर से किया गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना सुरीर पुलिस ने डायल 112 पर लूट की झूठी सूचना देने पर कॉलर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने के बाद गिरफ्तार किया है। 06 जुलाई समय 18.30 बजे कॉलर मोनू पुत्र विनोद निवासी ग्राम नगला जयसिंह थाना सुरीर मथुरा द्वारा पीआरवी 1937 पर लूट की झूठी सूचना दी गयी। मौके पर पीआरवी 1937 पर तैनात हैड कांस्टेबल राजीव कुमार मय चालक होमगार्ड चालक अशोक इवेन्ट संख्या 18903 के सम्बन्ध में गहनता से जानकारी की तो कॉलर मौनू ने अवगत कराया कि साहब मैंने नशे की हालत में किसी के कहने पर लूट की झूठी सूचना दी थी। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुये फोन करने वाले अभियुक्त मोनू को 6 जुलाई को समय करीब 18.30 बजे उसके घर ग्राम नगला जय सिंह से गिरफ्तार कर धारा 212, 217, 248, 132 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही थी।

## वार्ता के बाद टला भाकियू अराजनैतिक का आंदोलन

● किसानों के साथ वार्ता में दो महीने में अतिरिक्त मुआवजे का मिला आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** भाकियू अराजनैतिक का सात जुलाई को यमुना एक्सप्रेस वे के सभी टोल प्लाजा पर आंदोलन का कार्यक्रम रात में स्थगित कर दिया गया है। किसान संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि रात में अधिकारियों के साथ हुई वार्ता में आश्वासन दिया गया है कि उनकी अतिरिक्त मुआवजे की मांग अगले दो महीने में निस्तारित कर दी जाएगी। इसके बाद सात जुलाई को यमुना एक्सप्रेस वे के सभी टोल प्लाजा पर आंदोलन का ऐलान वापस ले लिया गया। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर ने किसानों की जमीन अधिग्रहण का अतिरिक्त मुआवजा 64.7 प्रतिशत की मांग को लेकर सात जुलाई को प्रदर्शन का ऐलान किया था। देर रात यमुना प्राधिकरण के अधिकारी भाकियू के कैंप कार्यालय पहुंचे। वहां किसानों की मौजूदगी में चार घंटे तक वार्ता हुई। बैठक में यमुना अथॉरिटी के ऑफिसर शैलेंद्र कुमार, एसडीएम जेवर, एडीएम प्राधिकरण और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने किसानों की मांगों को सुना और दो महीने में अतिरिक्त मुआवजा देने का आश्वासन दिया। इस आश्वासन के बाद भारतीय किसान यूनियन ने अपना प्रदर्शन स्थगित कर दिया। मथुरा के साथ साथ अन्य जनपदों के किसान भी इस प्रदर्शन में शामिल होने वाले थे। मथुरा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए किसानों ने बैठक में अपना पक्ष रखा। मंडल अध्यक्ष राजकुमार तोमर ने बताया कि अधिकारियों से चली करीब 4 घंटे की वार्ता के बाद आश्वासन पर प्रदर्शन स्थगित कर दिया गया है। यदि 2 महीने में यमुना प्राधिकरण के द्वारा किसानों को अतिरिक्त मुहावजा राशि नहीं दी गई तो फिर एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## पॉक्सो एक्ट में दो अभियुक्त गिरफ्तार



**मथुरा।** थाना मगोर्रा पुलिस टीम ने सोमवार को सुबह करीब साढे आठ बजे नाबालिग पीडिता के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले वांछित अभियुक्तों वकील पुत्र पूरन निवासी नैनूकलां थाना मगोर्रा मथुरा व राजेश उर्फ लुक्का पुत्र जगनी उर्फ जगदीश निवासी नैनूकलां थाना मगोर्रा मथुरा को नैनू नाला पुल के पास से गिरफ्तार किया। 27 जून को पीडित ने अपनी नाबालिग पुत्री के साथ दो व्यक्तियों द्वारा छेडखानी करने के सम्बन्ध में थाना मगोर्रा पर पोक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत कराया था। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

## निकासी के दौरान उपद्रव करने वाले तीनों आरोपी गिरफ्तार

● डीजे पर बज रहे गाने को लेकर हुआ था विवाद

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** थाना जमुनापार पुलिस ने बारात निकासी के समय डीजे पर गाना बजाने को लेकर उपद्रव करने वाले तीनों अभियुक्तों पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पांच जुलाई को शाम करीब साढे छह बजे थाना जमुनापार क्षेत्र के गांव डहरूआ में बरात लेकर जा रहे दूल्हो की निकासी के डीजे पर गाना बज रहा था। डीजे पर बज रहे गाने पर गांव के ही कुछ युवको ने ऐतराज जताया और उपद्रव कर दिया। इस दौरान दो लोगों को चोट भी आई। इस संबंध में पीडित पक्ष की ओर से थाना जमुनापार पर रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। इससे पहले सूचना पर पहुंची पुलिस ने बारात को सुरक्षा में रवाना कराया था। पुलिस के आने की सूचना पर हुडदंग कर रहे युवक भाग निकले थे। एफआईआर में कहा गया है कि पुलिस ने आरोपी.लोकेश उर्फ लक्ष्य परमार पुत्र किशन सिंह, यशपाल पुत्र सुरेश व आनन्द पुत्र निरंजन निवासी ग्राम डहरूआ थाना जमुनापार मथुरा द्वारा गाने का विरोध कर लड़ाई झगड़ा, गाली गलौज मारपीट की थी। जिसके सम्बन्ध में देवेन्द्र कुमार पुत्र भगवानदास निवासी डहरूआ थाना जमुनापार मथुरा की तहरीर पर कार्यवाही की गई है।


निकासी के दौरान उपद्रव करने वाले तीनों आरोपी पुलिस हिरासत में।

## जयकुंडः नाग पंचमी पर पूजा अर्चना के लिए दो दिन का शुभ संयोग

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** श्रावण मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी को बृज के प्रमुख तीर्थ स्थल चौमुहां स्थित जयकुंड कालिया मर्दन नाग मंदिर में पूजा अर्चना का विशेष महत्व है। तुलसी की खेती और कंठी माला का उद्गम स्थल जैत गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित इस पौराणिक स्थल को तीर्थ पुरोहित और आम जनमानस ने भगवान बालकृष्ण की लीला स्थली के रूप में तीर्थाटन की मान्यता प्रदान की है, परंतु अनुष्ठान विशेषज्ञ ज्योतिषी और शास्त्री इस पावन तीर्थ को कालिया मदन सिद्ध पीठ के रूप में पहचानते हैं। यही कारण है कि कालसर्प दोष, पितृ दोष आदि की शांति के लिए विभिन्न प्रदेशों के विद्वान यहां आकर अनुष्ठान करवाते हैं। इस वर्ष नाग पंचमी 29 जुलाई मंगलवार को मनाई जाएगी, परंतु मनोवांछित फल आदि विभिन्न प्रकार के पूजा अनुष्ठान के लिए 28 जुलाई सोमवार और 29 जुलाई मंगलवार दोनों ही दिनों का शुभ संयोग है। वेदपाठी योग्य विद्वानों के सानिध्य में पूर्ण विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर हरिनाम संकीर्तन करते हुए नंगे पैर जयकुण्ड की परिक्रमा अवश्य करें। कालिया मर्दन सिद्ध पीठ है सोमवार को मंदिर में राजस्थान के भक्तों को पूजा अर्चना करा रहे करौली निवासी पंडित दिनेश शास्त्री ने बताया है कि ब्रज के प्रमुख तीर्थ स्थल जयकुंड को कालिया मर्दन सिद्ध पीठ कहने में कोई संकोच नहीं करना चाहिए। यह एक अद्भुत और अदृश्य सिद्ध पीठ है, क्योंकि इस संपूर्ण परिक्षेत्र में पूर्ण विधि विधान के साथ किए गए अनुष्ठान पूर्ण फलदाई होते हैं। इस पावन तीर्थ में मैं कई बार अनुष्ठान कर चुका हूं और मुझे पूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, कई बच्चों को नौकरियां प्राप्त हुई हैं। इसलिए पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ जयकुण्ड में स्नान कर योग्य विद्वान द्वारा अनुष्ठान करवाया जाए। तदुपरान्त हरिनाम संकीर्तन के साथ नंगे पैर जय कुंड की परिक्रमा कर प्रसाद पाएं और वितरण करें।


चौमुहां स्थित जयकुंड कालिया मर्दन नाग मंदिर।

## रिफाइनरी थाना क्षेत्र में फिर पकडी पैट्रोलियम पदार्थ की चोरी

● तीन लोगों को 200 लीटर पेट्रोलियम पदार्थ के साथ किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी पुलिस ने इन्डस्ट्रीयल एरिया में बाडा के पास चैकिंग के दौरान जगन्नाथ पुत्र गोपाल सिंह निवासी चकदौलतपुर थाना चिकसाना जिला भरतपुर राजस्थान, रामजीत पुत्र वीरेन्द्र, धर्मेन्द्र पुत्र बाबूलाल निवासी गुरूगोविन्द सिंह जिला सागर मध्यप्रदेश को 200 लीटर अवैध पेट्रोलियम पदार्थ सहित गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना रिफाइनरी पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। इनके पास से एक मारूती आल्टो नम्बर यूपी 80 एफएम 8987, चार कट्टी में लगभग 200 लीटर अपमिश्रित पैट्रोलियम पदार्थ व एक कीप, पांच लीटर कोनिकल नपना एवं 2 इंच मोटी पाईप बरामद किया गया है।


पैट्रोलियम पदार्थ की चोरी के आरोप में पकडे गये तीनों युवक।

## एयरटेल और जियो नेटवर्क सेवा सटीक तरीके से नहीं मिलने से आदर्श कृष्णनगर गांव के ग्राहकों को परेशानी

● केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया और सांसद कृपनाथ मालाह का ध्यान ग्रामीणों ने आकर्षित किया।




स्वतंत्र प्रभात

**श्रीभूमि-** मौजूदा सरकार विभिन्न तकनीकी विषयों को लेकर तेजी से हाईस्पीड नेटवर्क के माध्यम से डिजिटल इंडिया के विभिन्न कार्यों को करने के लिए इंटरनेट की दिशा में ध्यान देकर, इस सरकार के समय में कैशलेस लेनदेन से लेकर स्कूल शिक्षकों सहित बैंक पोस्ट ऑफिस के मामले में नेटवर्क सेवा दैनिक सूची में हर जगह विद्यमान है। इसके अलावा विभिन्न स्कूल क्षेत्रों में शिक्षित लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए इस सेवा पर निर्भर हैं। इस बीच व्यापारी विभिन्न प्रकार की संस्थाएँ स्थापित कर चुके थे क्योंकि नेटवर्क के माध्यम से काम करके कुछ आय की जा सकती है इसलिए। लेकिन पिछले कुछ महीनों से एयरटेल और जियो नेटवर्क के इंटरनेट सेवाएं सटीक तरीके से नहीं मिल रहे हैं! केवल नाम के लिए यह जियो और एयरटेल इंटरनेट की सेवा इतनी धीमी चल रही है कि इसके कारण लोगों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। रामकृष्णनगर विधान सभा के दुल्लभछड़ा के पास स्थित आदर्श कृष्णनगर गांव में नेटवर्क सेवा का ठीक से न होना क्षेत्र के छात्रों और विभिन्न स्थानों पर रहने वाले अभिभावकों के लिए समस्या बन रहा है।

उक्त क्षेत्र के प्रभावित लोगों ने अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि अन्य सेवाएं सामान्य रूप से ग्राहक सेवा जारी रखी हैं, लेकिन एयरटेल और जियो नेटवर्क सेवा का सही से न होना शायद किसी रहस्य की ओर इशारा कर सकता है, क्योंकि अन्य नेटवर्क सुचारू और सही तरीके से सेवा प्रदान कर रहे हैं, लेकिन एयरटेल और जियो नेटवर्क सही से सेवा क्यों नहीं दे पा रहे हैं। जिओ नेटवर्क से कॉल भी करना मुश्किल हो गया है हालांकि, सेवा के अधिकारियों की उदासीनता के कारण हर महीने क्षेत्र के ग्राहकों की जेब में खालीपन आ रहा है, ऐसा प्रभावित ग्राहकों ने बताया। इस संदर्भ में ठोस कदम उठाने के लिए केंद्रीय टेलीकॉम मंत्री ज्योतिरादित्य एम सिंधिया और श्रीभूमि के सांसद कृपानाथ मालाह का ध्यान आकर्षित करते हैं प्रभावित ग्राहक। ताकि जल्द से जल्द इंटरनेट की समस्या का समाधान हो सके, ऐसी आशा रखते हैं ग्रामीण लोग।

## बहरिया में संदिग्ध परिस्थित में युवक की मौत, खेत मे मिला शव

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** बहरिया थाना क्षेत्र के चौकी सिकंदरा अंतर्गत सुबह भोर खेत मे एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र मे हडकंप मच गया। जानकारी के अनुसार संदीप कुमार उर्फ अजय पुत्र लाल बहादुर निवासी सैफखानपुर उर्फ चिल्हराय थाना बहरिया शुक्रवार को शाम करीब सात बजे घर से निकला देर रात तक जब संदीप घर नही लौटा तो परिजन परेशान हो गये और क्षेत्र के हर गाँव मे रातभर खोजते रहें और फोन द्वारा रिस्तेदारो के यहा भी पता किये। लेकिन संदीप का कोई पता नही चला, थक-हार के परिजन घर आ गये कि अब सुबह पता किया जाऐगा। सुबह करीब सात बजे जब लोग खेत की ओर जाने लगे तो देखा कि घर से कुछ दूर पर ही धान की नर्सरी के पास लगे कटीले तार मे फस कर कोई गिरा हुआ है। ग्रामीण और संदीप के घर वाले मौके पर पहुचे तो देखा कि संदीप मृत पड़ा है। इससे क्षेत्र मे हडकंप मच गया और तरह तरह की चर्चाएं होने लगी। संदीप के परिजन खेत मे ही दहाड़े मार कर रोने लगे। किसी ने इसकी सूचना बहरिया पुलिस को दी। मौके पर पहुंची बहरिया पुलिस शव को कब्ज़े मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। संदीप की मौत किस कारण हुई है। इसका अभी तक पता नही चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणो का पता चल पाएगा।

सिर से उठा पिता का साया। संदीप की मौत से पत्नी रूची का रो रो कर बुराहाल हो गया है। संदीप के तीनों बच्चे रीयान्श चार वर्ष, प्रियान्श दो वर्ष व आयान्श एक वर्ष के है। संदीप के मौत से बच्चो के सिर से पिता का साया ऊठ गया। पत्नी रुची दहाड़े मारकर रो रही थी कि अब मेरे इन बच्चों का सहारा कौन होगा।



## लगातार बढ रहा है मेला क्षेत्र में भीड का दबाव

स्वतंत्र प्रभात




मुडिया मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की

**मथुरा।** गोवर्धन का मुडिया मेला धीरे धीरे अपने चरम पर पहुंच रहा है। गिरिराज पर्वत की तलहटी में बने सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग में अब भीड नजर आ रही है। भीड का दबाव परिक्रमा मार्ग से के बाहर गोवर्धन और आसपास के क्षेत्रों में भी साफ दिखाई दे रहा है। भीड प्रबंधन की व्यवस्थाएं बेहतर की गई है। इसी के साथ श्रद्धालुओं और प्रशासन की निगाह मौसम पर भी लगी रहती है। आसमान में घिर कर आने वाले बादल गर्मी से राहत देते हैं लेकिन जमकर बरसात हो जाए तो मुश्किल भी बढ जाती है। 24 घंटे कंट्रोलरूम से सीसीटीवी कैमरों के जरिये निगरानी रखी जा रही है। सादा कपडों में सुरक्षाकर्मी श्रद्धालुओं के बीच घुले मिले हुए हैं जिससे किसी को शक ही न हो। साथ ही ड्रोन के माध्यम से आसमान से भी निगरानी की जा रही है। पूरे परिक्रमा मार्ग में लाइटिंग की बेहतर व्यवस्था की गई है। रात के समय नजारा बेहद खूबसूरत हो जाता है। यह श्रद्धालुओं का मन मोह रहा है। यह सब मिलकर जगह जगह रंगबिरंगी रोशनी की गई है। यह उत्सव और उल्लास को बढा रहे हैं। रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्डों पर भी सुरक्षा के साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा पर ध्यान दिया जा रहा है। इस बार कुंभ मेला की तर्ज पर मुडिया मेला की व्यवस्थाओं को किया गया है। 10 जुलाई यानी गुरू पूर्णिमा को मुडिया संतों की यात्रा निकलेगी। आगामी दो से तीन दिन बेहद भीड भाड वाले रहेंगे। इस दौरान भीड का दबाव सबसे ज्यादा रहेगा। 11 जुलाई को भीड कम हो जाएगी। इसी के साथ मेला का समापन भी मान लिया जाता है।

## मेला के बीच डीएम ने लिया सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट से फीड बैक

● मेला क्षेत्र में मिलावटी, दूषित पदार्थ नहीं बिकना चाहिएः डीएम

### मुड़िया पूर्णिमा मेला के संबंध में अधिकारियों की बैठक हुई संपन्न


राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला के दृष्टिगत जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक लेते हुए।

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** विश्व प्रसिद्ध राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला 2025 के दृष्टिगत जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों से मेले के संबंध में जानकारी ली, जिसपर अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ है। कोई भी समस्या आती है, तो संबंधित विभाग से संपर्क कर समस्या का निस्तारण यथाशीघ्र किया जा रहा है, जिसपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी विभाग टीम भावना के साथ कार्य करे तथा आपस में समन्वय स्थापित करते हुए समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने स्वच्छ एवं सुरक्षित मेला हेतु स्वास्थ्य, विद्युत, विद्युत सुरक्षा, पशुपालन, खाद्य सुरक्षा, पुलिस, यातायात आदि विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी को निर्देश दिए कि मेला क्षेत्र में मिलावटी, दूषित पदार्थ नहीं बिकना चाहिए। स्वास्थ्य विभाग को हमेशा अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम को निरंतर सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा हमारे लिए सर्वोपरि होनी चाहिए। ब्रज में आने वाले श्रद्धालु अच्छा अनुभव लेकर जाए। श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों, पर्यटकों तथा आम जनमानस को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी को अपने व्यवहार में विनम्रता रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु यहां श्रद्धा के भाव से आता है, उसकी श्रद्धा को ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गोवर्धन को निर्देश दिए कि साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा ब्रज को प्लास्टिक मुक्त करने हेतु निरंतर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक मुक्त मेला संपन्न होना चाहिए। भंडारों, दुकानों आदि पर नियमित चेकिंग करते रहे, कही भी प्लास्टिक का प्रयोग नहीं होना चाहिए। बैठक में पश्चात् जिलाधिकारी ने पैदल मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने दानघाटी मंदिर पर भीड़ प्रबंधन के दृष्टिगत की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने ड्यूटी प्वाइंटों को चेक किया। जिलाधिकारी ने दुकानदारों से वार्ता की तथा कहा कि मेला को आकर्षक एवं सुंदर बनाने हेतु अपनी अपनी दुकानों को सजाए तथा झालर लाइटें लगाए। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुरेंद्र कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार, सचिव मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण अरविंद कुमार द्विवेदी, ओएसडी प्रसून द्विवेदी, एसपी ग्रामीण सुरेश चन्द्र रावत, उप जिलाधिकारी गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर वैभव गुप्ता, राज कुमार भास्कर, नरेंद्र यादव, आदेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## अपहर्ता ने बालिका को गांव के पास छोड़ा

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गाँव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी 12 वर्षीय बेटी को दो महीने पहले राना का पुरवा मजरे उत्तरागौरी गाँव निवासी अजय पासी बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। परिवार की ओर से लगातार बच्ची की तलाश की जा रही थी। शुक्रवार की शाम करीब आठ बजे अजय बालिका को भैरमपुर गांव के पास सड़क किनारे छोड़कर भाग गया। डरी सहमी बच्ची किसी तरह अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी अजय पासी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

